# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 16 नवंबर 2024


### बिलिंग में खेल

सीमेंट कारोबारियों के मुताबिक, बिलिंग में तो खेल हो रहा है। प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद कंपनियों ने दाम कम करने की बात जरूर की, लेकिन बिलिंग आज भी पहले के बढ़े हुए दाम पर ही हो रही है। ज्यादातर कंपनियां 300 से 322 रुपए की बिलिंग कर रही हैं। जबकि कीमत कम होने के बाद दाम 250 से 285 रुपए हैं, लेकिन कंपनियां डीलरों को स्कीम देकर दाम कम कर दे रही थी। अब स्कीम में कटौती कर दाम बढ़ाने की तैयारी है। अब 10 से 15 रुपए दाम बढ़ने के बाद कीमत 260 से 300 रुपए हो गई है। यह कीमत थोक सीमेंट की है। चिल्हर में दाम इससे 20 से 30 रुपए ज्यादा हैं।



हरिभूमि

नहीं आया दबाव काम, सीमेंट कंपनियां फिर बढ़ाएंगी दाम!

एक बार दाम बढ़ाए, फिर कम किए

### 50 रुपए तक कीमत बढ़ाने की तैयारी

मानसून की बारिश थमने के बाद जब नवरात्रि से लगातार निर्माण कार्य होने लगे तो ऐसे में सीमेंट की डिमांड अपने राज्य के साथ ही बाहर के राज्यों से आने लगी। ऐसे में सीमेंट कंपनियों ने वापस दाम बढ़ाने का काम प्रारंभ करने का प्रयास किया। बीते माह ज्यादातर कंपनियों ने पांच से दस रुपए दाम बढ़ा दिए, लेकिन माल का उठाव ज्यादा न होने के कारण डीलरों ने हाथ खड़े कर शेष पेज 4 पर

# कंपनियों ने सरकार की नहीं सुनी, बढ़ा दिए 15 रुपए तक सीमेंट के दाम

हरिभूमि लगातार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियां अब भी बेलगाम हैं। कंपनियों ने सितंबर में कीमत में 50 रुपए का इजाफा किया था। प्रदेश सरकार के दबाव के बाद कंपनियों ने जहां खुले बाजार के दाम 45 रुपए कम किए थे, वहीं नान ट्रेड में 30 रुपए ही दाम कम किए। सरकार ने साफ चेताया था कि अब कभी भी दाम बढ़ाने से पहले सरकार को इसका कारण बताकर मंजूरी लेनी पड़ेगी, लेकिन सीमेंट कंपनियों पर सरकार का यह दबाव काम नहीं आया है। कंपनियों ने 10 से 15 रुपए तक दाम बढ़ा दिए हैं। हरिभूमि ने दस नवंबर को ही इस खबर का प्रकाशन किया था कि कंपनियां दाम बढ़ाने की तैयारी में हैं और अब कंपनियों ने दाम बढ़ा भी दिए हैं। कंपनियां वापस 50 रुपए तक दाम बढ़ाने की तैयारी में हैं। इसको तीन किस्तों में बढ़ाने की योजना है।



फाइल फोटो

सीमेंट कंपनियों के दाम बढ़ाने पर अंकुश प्रदेश सरकार का नहीं है। यही वजह है कि कंपनियों की जब मर्जी होती है, दाम बढ़ा देती हैं। इस बार सितंबर में कंपनियों ने खुले बाजार के साथ ही नान ट्रेड सीमेंट के दाम 50-50 रुपए बढ़ा दिए थे। इसके बाद जहां हरिभूमि ने लगातार खबरों का प्रकाशन किया, वहीं चौतरफा राजनीतिक दबाव के बाद अंततः प्रदेश सरकार ने कंपनियों के साथ बैठक की।

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ बैठक में यह तय किया गया कि कंपनियां बढ़े हुए पूरे दाम वापस लेंगी और भविष्य में दाम बढ़ाने से पहले इसका कारण प्रदेश सरकार को बताते हुए पहले मंजूरी लेंगी।

---

कुसमी से लापता मां और बच्चों से जुड़ा मामला, जांच में जुटी पुलिस, सैंपल भेजा गया डीएनए जांच के लिए

# बंद पड़े फ्लाई एश प्लांट के पास खेत में मिले तीन नर कंकाल, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/बलरामपुर

शुक्रवार की सुबह ग्राम दहेजवार स्थित फ्लाई एश प्लांट से लगे खेत में तीन नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई है। खेत के मालिक ने कंकाल मिलने की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्र को सील करने करने के साथ ही जांच शुरू कर दी है। पुलिस को घटना स्थल से तीन खोपड़ी व अन्य हड्डियां मिली है।

फिलहाल पुलिस ने कंकाल को पीएम उपरान्त सैंपल डीएनए टेस्ट के भेज दिया गया है और डीएनए जांच के बाद ही मृतकों की पहचान होने की बात कही जा रही है लेकिन खेत से बरामद किए गए तीनों कंकाल कुसमी से लापता महिला, उसकी पुत्री व पुत्र की होने की संभावना जताई गई है। मृतकों के परिजन ने शेष पेज 4 पर





### सितंबर से लापता मां बच्चों के रूप में पहचान

खेत में मिले कंकाल की प्रारंभिक पहचान कुसमी से लापता मां और उसके दो बच्चों के रूप में होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि कुसमी के कुम्हार पारा निवासी सूरजदेव ठाकुर की पत्नी 35 वर्षीया कौशल्या ठाकुर, पुत्री 17 वर्षीय मुक्तावती उर्फ मुस्कान ठाकुर और 5 वर्षीय मिंटू ठाकुर 27 सितंबर से गायब थे। मां अपने दोनों बच्चों के साथ बाजार जाने के नाम पर निकली थी लेकिन शेष पेज 4 पर

---

जनजाति गौरव दिवस एवं अंतर्राज्यीय आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव में सीएम साय का ऐलान

# बैगा, गुनिया और सिरहा को मिलेंगे हर साल 5000, समुदाय के शहीदों की लगेंगी प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री ने जनजातीय गांवों में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य के लिए अखरा निर्माण विकास योजना शुरू करने और जनजातीय समुदाय के शहीदों की प्रतिमाएं चिन्हित स्थलों पर स्थापित किए जाने की घोषणा की।

साइंस कॉलेज मैदान पर आयोजित दो दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस व लोक नृत्य महोत्सव का शुक्रवार को समापन हुआ। इस दौरान 21 राज्यों के 28 आदिवासी नर्तक दलों के कलाकारों ने जनजातीय विशेष नृत्य की प्रस्तुति देकर अतिथि समेत दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के जनजातीय समुदाय से ताल्लुक रखने वाले शेष पेज 4 पर

### जनजातीय समुदाय कल्याण के लिए पृथक मंत्रालय

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज का इतिहास बहुत समृद्ध और गौरवशाली है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए पृथक से मंत्रालय बनाया और इस समुदाय के विकास को एक नई दिशा दी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। प्रधानमंत्री शेष पेज 4 पर



### साढ़े छह हजार गांवों और ग्रामीणों का समग्र विकास

आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए चिंता की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से छत्तीसगढ़ के साढ़े छह हजार गांवों और ग्रामीणों का समग्र विकास होगा। इस दौरान राज्यसभा सांसद अरुण सिंह, विधायक मोती लाल साहू, अनुज शर्मा, पुरंदर मिश्रा, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, पूर्व विधायक उमेश कच्छप सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शेष पेज 4 पर

### समारोह में वर्चुअल जुड़े प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के अवसर पर देश के दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं के विकास एवं विस्तार वाली 6600 करोड़ की लागत वाली कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। शेष पेज 4 पर






## बीजेपी, कांग्रेस में कौन शक्तिशाली, किसकी शिवसेना, राकांपा असली चलेगा पता

महाराष्ट्र चुनाव

# 83 सीटें बिगाड़ सकती हैं खेल, यह तय करेंगी कौन है सुपर पावर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 158 निर्वाचन क्षेत्र तय करेंगे कि राज्य की सत्ता की चाबी महायुति के पास जाएगी या महाविकास अघाड़ी के पास। इन 158 निर्वाचन क्षेत्रों में बीजेपी बनाम कांग्रेस, शिंदे की शिवसेना बनाम, ठाकरे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी बनाम शरद पवार की एनसीपी है। जानकारों के अनुसार, आरएसएस को चिंता बीजेपी की नहीं, बल्कि उन 83 सीटों की है, जहां शिवसेना शिंदे और एनसीपी अजित पवार का शिवसेना उद्धव गुट और एनसीपी शरद पवार से मुकाबला है। ये 83 सीटें तय करेंगी कि राज्य में बीजेपी कांग्रेस से बेहतर है या नहीं, असली शिवसेना शिंदे की है या ठाकरे की और असली राष्ट्रवादी अजित पवार है या शरद पवार।

भाजपा-आरएसएस बना रही इन सीटों को लेकर खास रणनीति

वैसे 158 सीटों पर है कई दलों के बीच सीधा मुकाबला



**2019 के बाद बदले समीकरण :** *2019 के विधानसभा चुनावों की अगर बात करें तो महायुति और महा विकास अघाड़ी में दो पार्टियां थीं, जो मुख्य रूप से बीजेपी और कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ रही थी और एनसीपी शिवसेना के खिलाफ चुनाव लड़ रही थी। लेकिन, 2019 के बाद बदले समीकरण में महायुति और महा विकास अघाड़ी में तीन-तीन पार्टियों का गठबंधन बन गया। इसलिए 2024 के विधानसभा चुनाव में सीधी लड़ाई का समीकरण बन गया है।*

### कहां, किसके बीच होगी सीधी टक्कर

- विदर्भ की 35, मराठवाड़ा की 10, पश्चिमी महाराष्ट्र की 12, मुंबई की 8, उत्तरी महाराष्ट्र की 6 और कोंकण की 4 सीटों पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है। महाराष्ट्र की 75 सीटों पर बीजेपी बनाम कांग्रेस का मुकाबला है।
- दूसरी सीधी लड़ाई दोनों शिवसेना के बीच हो रही है। शिंदे की शिव सेना 46 सीटों पर ठाकरे की सेना के खिलाफ खड़ी है। विदर्भ में 5 सीटों पर दोनों शिवसेना आमने-सामने हैं, जबकि मराठवाड़ा में 10, पश्चिम महाराष्ट्र में 8, मुंबई में 10, उत्तर महाराष्ट्र में 4 और कोंकण में 9 सीटों पर दोनों शिवसेना आमने-सामने हैं।
- महाराष्ट्र की 37 विधानसभा सीटों पर एनसीपी अजित पवार और एनसीपी शरद पवार के बीच मुकाबला है। वे दोनों विदर्भ में 3 सीटों, मराठवाड़ा में 6 सीटों, पश्चिम महाराष्ट्र में 21 सीटों, मुंबई में 1, उत्तरी महाराष्ट्र में 3 और कोंकण में 3 सीटों पर लड़ने जा रहे हैं। 38 विधानसभा सीटों पर शरद पवार की एनसीपी का बीजेपी उम्मीदवारों के साथ मुकाबला है।
- 19 सीटों पर कभी सहयोगी रही उद्धव ठाकरे की शिवसेना के उम्मीदवार कांग्रेस के खिलाफ खड़े हैं। इन सीटों पर सीधी लड़ाई यह तय करेगी कि राज्य की सत्ता पर कौन बैठेगा। वहीं दूसरी तरफ बीजेपी को आरएसएस को शिंदे और अजित पवार की 83 सीटों की चिंता है। अगर इन 83 सीटों पर दोनों पार्टियों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तो खेल बिगड़ सकता है। इसलिए बीजेपी ने इन सीटों को जीतने के लिए पूरी ताकत लगा दी है।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम थप्पड़ : 14 दिन की हिरासत में मीणा



**जयपुर।** राजस्थान के टोंक जिले में एक सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट को थप्पड़ मारने के आरोप में गिरफ्तार निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा को कोर्ट ने शुक्रवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि नरेश मीणा के खिलाफ सरकारी काम में हस्तक्षेप करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में चार आपराधिक मुकदमें दर्ज किए गए हैं। नरेश मीणा टोंक जिले की देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार थे।

### वायनाड लैंडस्लाइड राष्ट्रीय आपदा घोषित करने से इंकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केरल के वायनाड में हुई लैंड स्लाइड को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने से इनकार कर दिया है। केंद्र ने केरल को सूचित किया कि 30 जुलाई को वायनाड में हुए भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया जा सकता। साथ ही केंद्र सरकार ने यह भी कहा कि केरल सरकार के पास राहत कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध रही है। राज्य सरकार ने इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के राहत और पुनर्वास के लिए केंद्र से 900 करोड़ रुपये की सहायता मांगी थी।

### जापान की राजकुमारी यूरिको का 101 वर्ष की उम्र में निधन



**तोक्यो।** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के सम्राट रहे हिरोहितो के भाई की पत्नी और शाही परिवार की सबसे बुजुर्ग सदस्य राजकुमारी यूरिको का स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। वह 101 वर्ष की थीं। महल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूरिको का तोक्यो के एक अस्पताल में शुक्रवार को निधन हो गया।

गृहमंत्री शाह ने कांग्रेस कार्यकाल के गृहमंत्री पर साधा निशाना

# 'लाल चौक में डरे थे शिंदे, अब निडर होकर पोते-पोतियों को लेकर जाएं'

### *महाराष्ट्र की चुनावी सभा में राहुल को लिया आड़े हाथों*

एजेंसी ▶▶| यवतमाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के यवतमाल और हिंगोली की चुनावी सभा में शुक्रवार को पूर्व गृह मंत्री सुशील शिंदे के बयान को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कुछ हफ्ते पहले शिंदे ने कहा था कि जब वह गृह मंत्री थे और लाल चौक गए थे तो उस दौरान वह डरे हुए थे। इसी का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि 'सुशील शिंदे पूर्व गृह मंत्री थे और वह कहते थे कि कश्मीर के लाल चौक पर जाने में डर लगता है। उन्हें डर लगता था कि आतंकवादी कहीं गड़बड़ ना कर दें। लेकिन अब मैं कहना चाहता हूं सुशील शिंदे जी से कि वह कश्मीर जाए, अपने पोते-पोतियों को लेकर जाए और शिकारा में घूमिए, अब कोई डर नहीं है।'

हिंगोली की सभा में शाह ने कहा, 'सोनिया गांधी ने अपने बेटे को 20 बार लांच करने का प्रयास किया। महाराष्ट्र चुनाव उनका 'राहुल प्लेन' 21वीं बार दुर्घटनाग्रस्त होगा। राहुल गांधी को याद रखना चाहिए कि उनकी चौथी पीढ़ी भी आ जाए, तब भी अनुच्छेद 370 बहाल नहीं हो पाएगा। उद्धव ठाकरे को राहुल गांधी से कहना चाहिए कि वह वीर सावरकर और बाल ठाकरे के बारे में दो अच्छे शब्द बोलकर दिखाएं।'



### ईसी ने की शाह के बैग की जांच

*हिंगोली में चुनाव प्रचार के लिए आए शाह का चुनाव आयोग (ईसी) के अधिकारियों ने हेलिकॉप्टर में रखे बैग और बाकी सामान की जांच की। अधिकारियों ने इसकी वीडियोग्राफी भी करवाई। शाह ने अपने हेलिकॉप्टर की जांच की जानकारी एक्स पर पोस्ट की। उन्होंने लिखा- 'आज महाराष्ट्र के हिंगोली विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान चुनाव आयोग के अधिकारियों ने मेरे हेलिकॉप्टर की जांच की। भाजपा निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ चुनाव प्रणाली में विश्वास करती है। साथ ही माननीय चुनाव आयोग के बनाए गए सभी नियमों का पालन करती है।'*

### कांग्रेस सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली पार्टी होगी : गोयल



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को महाराष्ट्र चुनाव को लेकर बड़ा दावा कर दिया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली विपक्षी पार्टी होगी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की राज्य इकाई में और पार्टी आलाकमान के साथ मतभेद हैं। एक चैनल से बातचीत में पीयूष गोयल ने कहा, मुझे लगता है कि कांग्रेस सबसे खराब स्थिति में है। स्थानीय नेतृत्व निराश है। उन्हें महा विकास अघाड़ी गठबंधन में प्रमुख भागीदार बनने की बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन मेरा मानना है कि पार्टी के भीतर और आलाकमान और राज्य यूनिट में मतभेद हैं। वे सभी बहुत दुखी हैं। उन्होंने कहा, मेरा अपना अनुमान है कि सभी विपक्षी पार्टियों (शिवसेना, एनसीपी) में सबसे खराब प्रदर्शन कांग्रेस का है। विपक्षी पार्टियों के नेताओं के हेलिकॉप्टर की जांच के मुद्दे पर लग रहे आरोपों को खारिज करते हुए पीयूष गोयल ने कहा, यह दिखाता है कि महाविकास अघाड़ी चुनाव हार रही है।

### देश में सभी के लिए कानून बराबर

गोयल ने कहा, मुझे लगता है कि यह बहुत स्पष्ट रूप से दिखाता है कि एमवीए हार रही है। मैंने अभी तक ऐसा कोई चुनाव नहीं देखा है जहां इस तरह के तुच्छ मुद्दों पर चर्चा की गई हो. चुनाव के दौरान सभी नेताओं की कारों और हेलिकॉप्टरों की जांच की जाती है और यह आश्चर्यजनक है कि एमवीए का मानना है कि उन्हें अलग विशेषाधिकार मिलने चाहिए। उन्होंने कहा, यह कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी की याद दिलाता है। जब राहुल गांधी को मानहानि मामले में सजा सुनाई गई थी तो उन्होंने कहा था कि गांधी परिवार के लिए अलग कानून होना चाहिए।

गोड्डा की चुनावी सभा में राहुल ने भरी हुंकार

# मोदी की अरबपतियों से साठगांठ, सरकार बनी तो बढ़ाएंगे आरक्षण

एजेंसी ▶▶| रांची

झारखंड में पहले चरण के चुनाव के बाद राजनीतिक पार्टियों ने दूसरे चरण की सीटों पर होने वाले चुनाव पर पूरी ताकत झोंक दिया है। इसी क्रम में राहुल गांधी ने गोड्डा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नरेंद्र मोदी से नहीं डरती है। मोदी अरबपतियों की कठपुतली हैं। जैसे अरबपति चाहते हैं वो बिल्कुल वैसा करते हैं। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर अरबपतियों के साथ सांठगांठ का आरोप लगाया। उन्होंने पीएम को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि मोदी ने अरबपतियों के



16 लाख करोड़ रुपये माफ किये हैं। लेकिन किसानों के एक रुपये माफ नहीं किए। राहुल गांधी महागामा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह के लिए चुनाव प्रचार करने आए थे। राहुल गांधी ने इस दौरान प्रदीप यादव और संजय यादव के लिए लोगों से वोटों का आवाहन किया।

### मोदी खुद समाज को बांट रहे हैं : पवार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर समाज को 'बांटने' का आरोप लगाया। पवार ने महाराष्ट्र से लेकर झारखंड में विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान में दिए उनके भाषणों की आलोचना की। विपक्ष पर जाति के आधार पर समाज को बांटने का आरोप लगाने और सत्तारूढ़ भाजपा,शिवसेना एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गठबंधन के पक्ष में लोगों से एकजुट होने की प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपील पर पवार ने कहा कि वह प्रधानमंत्री हैं। वह कुछ बातें कह रहे हैं। हमारे सहयोगियों (मित्रों) के बारे में वह जो कहते हैं, वह बहुत अनुचित है। वह खुद समाज को बांट रहे हैं। आप पिछले कुछ दिनों में उनके भाषणों और अपने राजनीतिक हित के लिए उठाए गए मुद्दों को देख सकते हैं।

बॉम्बे हाइकोर्ट का अहम फैसला

पति की 10 साल सजा रखी बरकरार

# नाबालिग पत्नी संग संबंध बनाना माना जाएगा रेप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नाबालिग से शादी होने के बाद भी पति तब तक संबंध नहीं बना सकता, जब तक कि वह बालिग न हो जाए। अगर कोई ऐसा करता है तो उसे रेप की श्रेणी में माना जाए। बॉम्बे हाइकोर्ट की नागपुर बेंच ने एक मामले में यह बड़ा फैसला सुनाया और नाबालिग पत्नी के साथ संबंध बनाने के आरोपी पति की 10 साल की सजा को बरकरार रखा. अदालत ने कहा, भले ही दोनों में सहमति हो, लेकिन जब तक वो बालिग नहीं हो जाती, उसके साथ संबंध बनाना कानून के तहत



बलात्कार ही माना जाएगा। लड़की के पति को ट्रायल कोर्ट ने पोक्सो एक्ट के तहत दोषी ठहराया था। उसे 10 साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उसने हाईकोर्ट में अपील की थी। उसका कहना था कि चूंकि संबंध दोनों की सहमति से बने थे, इसलिए इसे रेप की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।

### यह कहा कोर्ट ने

हाईकोर्ट में जस्टिस गोविंद सनप की बेंच ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही ठहराया और पति की अपील को खारिज कर दी। 12 नवंबर को जारी आदेश में जस्टिस सनप ने कहा, कानून इसमें कोई छूट नहीं देता। पीड़ित पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बनाना रेप या सेक्शुअल वॉयलेंस ही माना जाएगा। पाक्सो के तहत भी 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ सेक्स करना रेप है, फिर चाहे वह शादीशुदा हो या नहीं। डीएनए रिपोर्ट से भी इस बात की पुष्टि हुई है कि आरोपी और पीड़ित ही बच्चे के जैविक माता-पिता हैं। दावा किया जा रहा कि पीड़िता के प्रेग्नेंट होने के बाद आरोपी पति ने बीवी से दूरी बना ली थी और एबॉर्शन के लिए दबाव डाला।

कनाडा मंदिर हमले की जांच बनी मजाक

# हिंसा करते दिखे पुलिस अफसर को क्लीन चिट

**ओटावा।** कनाडा के ब्रैम्पटन में मंदिर पर हुए हमले में शामिल होने के आरोपी पुलिस अफसर को क्लीन चिट दे दी गई है। कनाडाई पुलिस अफसर हरिंदर सोही को खालिस्तानियों के साथ विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के बाद सस्पेंड कर दिया गया था। सोही उस भीड़ में शामिल थे, जिस पर ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर परिसर में हिंसा का आरोप लगा है। कनाडा की पील क्षेत्रीय पुलिस ने हरिंदर सोही को क्लीन चिट देते हुए कहा है कि वायरल वीडियो में दिख रहा सोही लोगों को शांत करने की कोशिश कर रहा था। सोही उन लोगों से हथियार मांग रहा था, जो हथियार सौंपने से इनकार करते हुए हिंसा कर रहे थे। पील पुलिस ने कहा कि हरिंसदर सोही के मामले की जांच में पाया गया कि वह अपने फर्ज को निभा रहे थे। पुलिस ने कहा कि मंदिर के पास विरोध प्रदर्शन में जब हिंसा होने लगी तो सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गईं।



### खालिस्तानी झंडे के साथ था सोही

ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में हिंसा के वीडियो सामने आए थे, उनमें पील पुलिस के सार्जेंट सोही ने खालिस्तानी झंडा पकड़ रखा था। पील पुलिस का कहना है कि सोही लोगों से हथियार जब्त करने की कोशिश कर रहा था लेकिन वीडियो में वह सादे कपड़ों में दिख रहा है। इससे तो यही जाहिर होता है कि वह ड्यूटी पर नहीं था और खालिस्तान के समर्थन में वह वहां था। पील पुलिस के सोही का वीडियो वायरल होने के बाद उसको निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद सोही के मामले की जांच की गई और कनाडाई पुलिस ने उसको निर्दोष और पाक साफ पाया है।




यूजीसी कर रहा अगले साल नई पॉलिसी लाने की तैयारी

# अब 2 साल में ग्रेजुएशन, डिग्री के बीच ब्रेक का भी ऑप्शन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूजीसी अगले साल तक नई पॉलिसी लाने की तैयारी कर रहा है, जिसके तहत छात्र अब ग्रेजुएशन 2 साल में ही कर सकेंगे, साथ ही कमजोर स्टूडेंट्स कोर्स ड्यूरेशन को 5 साल तक बढ़ा भी सकेंगे। यह जानकारी यूजीसी चेयरमैन एम जगदीश कुमार ने चेन्नई में दी। यूजीसी चेयरमैन नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020) पर ऑटोनॉमस कॉलेजों के लिए साउथ जोन समिट के मौके पर आईआईटी-मद्रास पहुंचे थे। यहां उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कोई भी स्टूडेंट अपने सिलेबस का टाइम ड्यूरेशन घटा-बढ़ा सकेगा। ग्रेजुएशन डिग्री प्रोग्राम जो 3 से 4 साल का होता है, उसे स्टूडेंट्स घटाकर दो-ढाई साल का भी कर सकते हैं। इसके साथ ही कमजोर स्टूडेंट्स अपने ग्रेजुएशन प्रोग्राम का समय बढ़ाकर 5 साल तक कर सकते हैं।

### स्टूडेंट्स को क्रिटिकल थिंकर बनाना हमारा काम

इससे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत यूजीसी डिग्री के बीच में ब्रेक लेने का ऑप्शन भी स्टूडेंट्स के लिए ला चुका है। अगर कोई स्टूडेंट चाहे तो वह कोर्स से ब्रेक ले सकता है और बाद में वापस आकर इसे पूरा कर सकता है। इसे लेकर यूजीसी चेयरमैन ने कहा कि हमारा काम स्टूडेंट्स को क्रिटिकल थिंकर बनाना है। हम उन्हें ऐसा बनाना चाहते है जिससे वो देश के विकास में मदद कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि यूजीसी ने पहले ही कई एंट्रेंस और एग्जिट ऑप्शन दिए हैं, ताकि कमजोर स्टूडेंट्स ब्रेक ले सकें और अपनी पसंद के अनुसार सिलेबस पूरा कर सकें। हमारा उद्देश्य स्टूडेंट्स को ज्यादा फ्लेग्जिबल बनाएगा और ज्यादा मौके देगा।




सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
- लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
- जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
- ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
- गायनेकोलॉजी

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# खारुन में उमड़ी भीड़, काशी में जले 25 लाख दीये

## कार्तिक पूर्णिमा पर पुण्य स्नान के लिए जुटे श्रद्धालु



### जगमग हुए काशी के 84 घाट

**वाराणसी।** देवताओं की दीपावली यानी देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा को काशी में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। देव दिवाली के इस खास मौके पर काशी के 84 घाटों, कुंडों, तालाबों और देवालयों में 25 लाख से अधिक दीप जलाए गए। डीएम एस राजलिंगम ने बताया कि चेतसिंह घाट पर लेजर शो का आयोजन एवं 25 मिनट का थ्री डी लेजर प्रोजेक्शन मैपिंग शो, लेजर लाइट एंड साउंड शो भी हुआ। दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती हुई तथा शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर देश-दुनिया से 10 लाख से ज्यादा पर्यटकों की पहुंचने की पुष्टि की गई है।



### खारुन तट पर राजधानी...

**रायपुर।** कार्तिक पूर्णिमा को तड़के पुण्य स्नान के लिए महादेव घाट पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। खारुन नदी में पुण्य स्नान करने के बाद लोगों ने हाटकेश्वरनाथ के दर्शन किए। सूर्योदय से पहले ही लोगों की भीड़ तट पर जुटनी शुरू हो गई थी। दोपहर बाद तक पुण्य स्नान का सिलसिला चलता रहा। शुक्रवार से ही तीन दिवसीय मेले की भी शुरुआत हुई। ना सिर्फ राजधानी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग यहां पहुंचे। देर रात तक महादेवघाट खचाखच रहा।

---

स्थानीय को रोजगार देने के लिए अकुशल को कुशल बनाने 15 हजार रुपए मासिक का पैकेज भी

# छोटे उद्योगों को तीन गुना सब्सिडी, आत्मसमर्पित नक्सलियों अग्निवीरों को तोहफा, एक रुपए में एक एकड़ मिलेगी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश सरकार की नई उद्योग नीति लागू हो गई है। इस नीति में पहली बार जहां नए सेक्टरों पर फोकस किया गया है, वहीं सर्विस सेक्टर को भी जोड़ा गया है। सब्सिडी में भी भारी इजाफा किया गया है। एमएसएमई यानी माइक्रो, स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज जिसे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग कहा जाता है, उनकी तीन गुना तक सब्सिडी कर दी गई। इसी के साथ मध्यम और बड़े उद्योगों के लिए भी सब्सिडी में बड़ा इजाफा किया गया है। इसमें खास बात यह है कि आमतौर पर नई नीति के आने के बाद उसकी अधिसूचना ही जारी होने में लंबा समय लग जाता है, लेकिन नई नीति के साथ ही अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। उरला एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग और छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी का मानना है कि इस उद्योग नीति से नए उद्योगों को बड़ा फायदा होगा।

हरिभूमि खास

### उद्योग नीति में भविष्य के उद्योग

पहली बार इस नीति के माध्यम से राज्य में पर्यटन एवं स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं में निवेश को भी प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश को देश का हेल्थ हब भी बनाने की तैयारी है। ऐसे में फार्मा के साथ लैब प्रारंभ ▶▶|शेष पेज 4 पर

## पहली बार उद्योग नीति जारी होते ही अधिसूचना भी जारी की गई, नई नीति में नए उद्योगों को लाभ

### नई उद्योग नीति में ये नया

- एमएसएमई की सब्सिडी 80 लाख से बढ़ाकर 2.5 करोड़
- मध्यम उद्योगों की सब्सिडी 2.5 करोड़ से बढ़ाकर 4.5 करोड़
- बड़े उद्योगों को अब 50 फीसदी तक सब्सिडी
- सर्विस सेक्टर को पहली बार जोड़ा


छग में उद्योगों के लिए खुला पिटारा, ब्लाक स्तर तक नेटवर्क, नई तकनीक और नए सेक्टर भी

### रोजगार को बढ़ाने लिए भी पैकेज

उरला एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विनी गर्ग के मुताबिक स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। नीति के माध्यम से राज्य के युवाओं के लिए कौशलयुक्त रोजगारों का सृजन करते हुए अगले 5 वर्षों में 5 लाख नए रोजगार का लक्ष्य रखा ▶▶|शेष पेज 4 पर

### समर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए भी राहत का प्रावधान

छत्तीसगढ़ संभवतः देश में पहला राज्य है, जिसने युवा अग्निवीरों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों को स्वयं के रोजगार धंधे स्थापित करने पर विशेष अनुदान एवं छूट का प्रावधान किया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को भी अपना उद्योग लगाने का राहत और सब्सिडी पैकेज मिलेगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को स्वयं का रोजगार लगाने का मौका मिलेगा। इन वर्गों के उद्यमियों को मात्र 1 रुपए प्रति एकड़ की दर पर औद्योगिक क्षेत्रों में जमीन मिलेगी।

### सब्सिडी 80 लाख से ढाई करोड़ ढाई से साढ़े चार करोड़

उरला एसोसिएशन के अश्विनी गर्ग ने बताया, वास्तव में यह उद्योग नीति नए उद्योगों के लिए संजीवनी साबित होगी। इसमें जहां कई तरह के प्रावधान हैं, वहीं सब्सिडी में भारी इजाफा किया गया है। पहले एमएसएमई के उद्योगों को लंबे समय से 80 लाख तक की सब्सिडी मिलती थी, लेकिन इसको तीन गुना से भी ज्यादा करके ढाई करोड़ कर दिया गया है। इसी तरह से मध्यम उद्योगों की सब्सिडी को ढाई करोड़ से बढ़ाकर साढ़े चार करोड़ कर दिया गया है। बड़े उद्योगों के लिए भी सब्सिडी 50 फीसदी तक हो गई है। उदाहरण के लिए कोई सौ करोड़ का उद्योग लगाता है तो उनको 50 करोड़ तक सब्सिडी मिल सकती है।

### एमएसएमई को बड़ी राहत

लंबे समय बाद एमएसएमई को बड़ी राहत मिली है। पहले 80 लाख तक की सब्सिडी मिलती थी उसको बढ़ाकर ढाई करोड़ किया गया है। इससे ज्यादा से ज्यादा लघु उद्योग लगाने में मदद मिलेगी।

- **अश्विन गर्ग**, अध्यक्ष, उरला एसोसिएशन

### समग्र विकास वाली नीति

हर सेक्टर को ध्यान में रखते हुए नीति बनी है। इस नीति से प्रदेश में स्टील, सीमेंट से हटकर भी नए ट्रेड वाले उद्योगों को मौका मिलेगा। सरकार ने समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए अच्छी नीति बनाई है।

- **अमर पारवानी**, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स

---

# बच्चा वार्ड में लगी आग से 10 बच्चों की मौत, 37 को खिड़की तोड़कर निकाला गया

### झांसी मेडिकल कॉलेज में हादसा

एजेंसी ▶▶| झांसी

उत्तर प्रदेश के झांसी में मेडिकल कालेज के चिल्ड्रन वार्ड में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में 10 बच्चों की मौत हो गई है। वहीं लगभग 37 बच्चों और डॉक्टरों को खिड़की तोड़ कर बाहर निकाला गया है। घटना का कारण प्रथम दृष्टया ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट होने के कारण माना जा रहा है। इस हादसे के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सीएम योगी ने इस घटना का संज्ञान लिया है और अधिकारियों को मौके पर पहुंचने के आदेश दिया है।

आग लगने की घटना के बाद मेडिकल कॉलेज में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डीआईजी समेत पुलिस और प्रशासन के अधिकारी और फायर बिग्रेड की टीमें मौके पर पहुंचे और राहत कार्य तेज कराया। यूपी के डिप्टी सीएम और हेल्थ मिनिस्टर तथा स्वास्थ्य सचिव झांसी में मौजूद हैं।








### योगी आदित्यनाथ ने लिया संज्ञान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने की घटना का संज्ञान लिया है। मृतक बच्चों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम ने राहत कार्य में तेजी लाने और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

### रात 8 से 9 बजे के बीच की घटना

जानकारी के मुताबिक, कॉलेज के एसएनसीयू (शिशु वार्ड) में रात 8.30 से 9 बजे के बीच आग लगी। आग लगने से अस्पताल में भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई। बताया जा रहा है कि 10 बच्चों की मौत हो गई है और कई घायल हैं जिनका उपचार किया जा रहा है। अब तक कई बच्चों को बचाया भी गया है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

---

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का 2025 का कलेंडर जारी

**बिलासपुर।** चीफ जस्टिस की अनुशंसा पर रजिस्टार जनरल बलराम प्रसाद वर्मा ने वर्ष 2025 में हाईकोर्ट का नया कलेंडर जारी किया है। 2025 में सोमवार 12 मई से 6 जून शुक्रवार तक ग्रीष्म अवकाश रहेगा। इसी प्रकार 22 दिसम्बर से 31 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। 1 जनवरी 2025 को नव वर्ष, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि, 13 एवं 14 मार्च को होली, 31 मार्च को इदु उल फितर, 10 अप्रैल महावीर जयंती, 14 अप्रैल को डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जयंती, 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 7 जून को बक़रीद, 15 अगस्त को ▶▶|शेष पेज 4 पर

### दिसानायके की पार्टी ने हासिल किया बहुमत

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की पार्टी 'नेशनल पीपुल्स पावर'



(एनपीपी) ने संसदीय चुनाव में जीत दर्ज करते हुए संसद में दो तिहाई बहुमत हासिल कर लिया और देश के तमिल अल्पसंख्यकों के गढ़ जाफना निर्वाचन क्षेत्र पर भी अपना प्रभुत्व बनाए हुए है। श्रीलंका के निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चुनाव परिणामों से यह जानकारी मिली।

# छुट्टी के दिन खुला हाईकोर्ट स्कूलों के पास नशे का सामान बेचने मामले में सुनवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

स्कूलों के सामने नशे की सामग्री बिकने को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने नाराजगी जताई है। मामले की गंभीरता इसी बात से पता चलती है कि इसकी सुनवाई के लिए शुक्रवार को अवकाश के दिन हाईकोर्ट खुला। चीफ जस्टिस ने मीडिया में प्रकाशित खबर को ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कानून व्यवस्था पर भी सवाल

हाईकोर्ट ने माना है कि इससे कानून व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़ा हो सकता है। कानून व्यवस्था से लेकर स्कूलों के सामने बिक रहे नशे के सामान और बच्चों पर पड़ने वाले कुप्रभाव को लेकर मीडिया में प्रकाशित खबर को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने गंभीरता से लिया है। शुक्रवार को अवकाश होने के बाद भी हाई कोर्ट खुला।

# रिकॉर्ड... भारत के बल्लेबाजों ने पहली बार एक पारी में लगाए दो टी20 शतक

- 283 भारत का विदेश में सबसे बड़ा स्कोर
- 210 रन की सबसे बड़ी साझेदारी
- 5 पारी में सैमसन का तीसरा शतक

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

भारतीय बल्लेबाजों ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक पारी में दो धमाकेदार शतक लगाकर एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया। टी20 इंटलेशनल में यह तीसरी बार है जब एक पारी में दो बल्लेबाजों ने शतक बनाए हैं। भारत के लिए संजू सैमसन (109*) ने एक साल में तीन शतक से वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। तिलक वर्मा ने लगातार दूसरी बार शतकीय पारी के दौरान नाबाद 120 रन बनाए।

तिलक वर्मा



- 120* रन
- 47 गेंद
- 09 चौके
- 10 छक्के

संजू सैमसन



- 109* रन
- 56 गेंद
- 06 चौके
- 09 छक्के

### एक सीरीज में लगातार 2 शतक

| खिलाड़ी | देश | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| फिल साल्ट | इंग्लैंड | वेस्टइंडीज | 2023 |
| संजू सैमसन | भारत | द.अफ्रीका | 2024 |
| तिलक वर्मा | भारत | द.अफ्रीका | 2024 |

सात घंटे आवाजाही ठप, रेस्क्यू कर नागपुर सेंटर ले जाया गया

# पैसेंजर से टकराया बाघ, पटरी पर बैठा रहा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाराष्ट्र के नागपुर मंडल अंतर्गत गोबरवाही-डोंगरीबुजुर्ग स्टेशन के बीच तुमसर रोड-तिरोडी डेमू गाड़ी क्र. 07811 तुमसर-तिरौड़ी पैसेंजर से एक बाघ टकराकर घायल हो गया। इस दौरान बाघ को रेस्क्यू करने में 7 घंटे तक रेल यातायात बाधित रहा।

सुबह लगभग 5 हुई इस घटना के बाद वन विभाग को बाघ का रेस्क्यू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस रेस्क्यू अभियान में रेल और वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बाघ का रेस्क्यू किया और उसे उपचार के लिए नागपुर भिजवाया। पैसेंजर ट्रेन से बाघ के टकराकर घायल होने की सूचना तत्काल राउंड ऑफिसर वन विभाग श्री यादव को देकर उप निरीक्षक मोहम्मद मुगीसुद्दीन रेसुब चौकी तुमसर रोड अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान वन विभाग भंडारा डिवीजन के डीसीएफ राहुल गवाई, एसीएफा रितेश भोंगाड़े, ▶▶|शेष पेज 4 पर





### रेल यातायात रहा बाधित

उक्त घटना से रेल यातायात समय सुबह 5.40 बजे से दोपहर 01 बजे तक रेल यातायात बाधित रहा। वहीं बाघ के घायल होने की सूचना मिलने पर आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचे, जिन्हें संभालने के लिए भी रेलवे पुलिस ने काफी मशक्कत की।

### घायल बाघ का नागपुर में उपचार

वन विभाग के चिकित्सक द्वारा बाघ को बेहोश करने के बाद रेल पथ की पुश ट्राली से उक्त घायल टाइगर को रेलवे स्टेशन डोंगरीबुजुर्ग लाया गया और फिर यहां से उसे गिरेवाड़ा नागपुर रेस्क्यू सेंटर ले जाया गया, जहां बाघ का प्रारंभिक उपचार किया गया।




## चिंतन

# बच्चों के लिए सोशल मीडिया को सीमित करने की जरूरत

ऑस्ट्रेलिया सरकार एक ऐसा कानून बनाने जा रही है जो 16 साल से कम उम्र के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाएगा। इसके बाद से बहस तेज हो गई है कि क्या ऑस्ट्रेलिया सरकार के पास इस बात के पर्याप्त तथ्य हैं कि बच्चों, किशोरों और युवाओं में सोशल मीडिया के प्रति दीवानगी के चलते उनके मानसिक स्वास्थ्य व मानसिक विकास पर नकारात्मक असर पड़ रहा है? इस प्रतिबंध के आलोक में व्यापक पैमाने पर सार्वजनिक बहस जारी है, जिसमें शिक्षाविद, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ व संगठन, समर्थन करने वाले समूह और डिजिटल शिक्षा प्रदाता शामिल हैं। चूंकि सोशल मीडिया रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न अंग बन गया है, इसलिए ऐसे प्रश्न मौजूं हैं कि क्या प्रतिबंध लगाना ठीक है? क्या इसका कोई और विकल्प है? क्या सोशल मीडिया की लत किशोर व युवाओं को मानसिक रूप से कमजोर व बीमार बना रही है? ऑस्ट्रेलिया की मैक्वेरी यूनिवर्सिटी के तहत स्कूल ऑफ साइकोलॉजिकल साइंसेज के अध्ययन के मुताबिक, सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल से बच्चों, किशोरों व युवाओं को नुकसान पहुंचने के विश्वसनीय प्रमाण हैं। इसलिए नुकसान है कि नहीं, इस विषय पर बहस का औचित्य ही नहीं है, विमर्श इस विषय पर होना चाहिए कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों व किशोरों को किस तरह से सोशल मीडिया की लत से बचाया जा सकता है, इन्हें कैसे स्मार्ट गजट से दूर रखा जा सकता है? भारत में भी यह गंभीर समस्या है। क्या भारत में भी 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने के लिए कानून लाया जाना चाहिए? हाल के वर्षों में, बच्चों और युवाओं में चिंता एवं घबराहट की समस्या बढ़ रही है, उदासी व छूट जाने का डर या फोमो के सिंड्रोम बढ़े हैं, वे अत्यधिक आत्मकेंद्रित हो रहे हैं। सोशल मीडिया में डूबे रहने वालों में नींद न आना, फ़ोकस कम होना, एक्सरसाइज़ न करना, डिप्रेशन, मानसिक अस्थिरता, अत्यधिक चिंता, जुनूनी-बाध्यकारी विकार (ओसीडी), एटेंशन डेफिसिट/हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (विकार) (एडीएचडी), निगेटिविटी जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। किसी भी लत में डोपामाइन नामक कैमिकल रिलीज़ होता है, जिससे दिमाग का रिवॉर्ड सेंटर एक्टिव होता है और अच्छा महसूस होता है। हालांकि, जब लाइक्स या कमेंट्स नहीं मिलते, तो इससे स्ट्रेस और एंग्ज़ायटी बढ़ती है। सिडनी की यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं ने फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसी साइटों के उपयोग से जुड़े 46 हानिकारक प्रभावों की जानकारी दी है। इनमें से चिंता, अवसाद, परेशान किया जाना, आत्महत्या के लिए उकसाने वाले विचार, साइबर स्टॉकिंग, अपराध, ईर्ष्या, सूचना अधिभार और ऑनलाइन सुरक्षा की कमी आदि शामिल हैं। ऑनलाइन नफ़रत, सेक्सटिंग, फ़ेक जानकारी, अनुचित सामग्री, साइबरबुलिंग, ऑनलाइन पोर्नोग्राफ़ी आदि सोशल मीडिया के खतरे हैं। इसके गहन इस्तेमाल से मानव मस्तिष्क में न्यूरोनल संरचनाओं पर गहरा असर पड़ सकता है। स्क्रीन पर नजरें गड़ाने के चलते आंखों की रोशनी की समस्या भी बढ़ रही है। अब तक हुए अनेक अध्ययन के बाद पर्याप्त सबूत हैं कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग युवाओं के लिए हानिकारक साबित हो रहा है। अब इस बात पर सहमत होने का समय आ गया है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल बच्चों, किशोरों व युवाओं को नुकसान पहुंचा रहा है, इसलिए इसके उपयोग को लेकर सख्त एवं उचित विनियमन की आवश्यकता है।

# सहकारिता से खुलेगी समृद्धि की राह



**सहकारी सम्मेलन**
सुभाष चन्द्र

> सहकारी समितियों की उपलब्धता बढ़ाने, क्षमता निर्माण के माध्यम से उनके विकास को बढ़ावा देने और उनकी पारस्परिक साझेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में आईसीए ठोस कदम बढ़ा रहा है। इस सम्मेलन की मेजबानी की बागडोर विश्व की अग्रणी सहकारी संस्था इफको समेत देश की 17 प्रमुख सहकारी संस्थाओं के हाथों में है। इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के भारत में आयोजन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ''सहकार से समृद्धि का विचार अब पूरे विश्व में फैलेगा। इस वैश्विक सम्मेलन का थीम 'सहकारिताएं- सबकी समृद्धि का द्वार' तय किया गया है। सम्मेलन के दौरान अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा।

भारतीय सहकारिता की मजबूत स्थिति को देखते हुए वैश्विक सहकारी आंदोलन के प्रमुख निकाय के रूप में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) की महासभा और वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024 का आयोजन 25-30 नवंबर तक भारत द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में किया जा रहा है। आईसीए की स्थापना (1895) के 130 वर्षों के इतिहास में पहली बार यह आयोजन भारत में होने जा रहा है। भारत आईसीए का संस्थापक सदस्य रहा है। आईसीए दुनिया भर में सहकारी समितियों को एकजुट करता है, उनका प्रतिनिधित्व करता है और उन्हें सेवाएं प्रदान करता है। आईसीए सहकारी समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाली शीर्ष वैश्विक संस्था है, जिनकी संख्या दुनिया भर में 30 लाख से ज्यादा है।

विश्व में 107 देशों के 310 से अधिक संगठन अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के सदस्य हैं। सहकारी समितियों की उपलब्धता बढ़ाने, क्षमता निर्माण के माध्यम से उनके विकास को बढ़ावा देने और उनकी पारस्परिक साझेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में आईसीए ठोस कदम बढ़ा रहा है। इस सम्मेलन की मेजबानी की बागडोर विश्व की अग्रणी सहकारी संस्था इफको समेत देश की 17 प्रमुख सहकारी संस्थाओं के हाथों में है। इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के भारत में आयोजन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ''सहकार से समृद्धि का विचार अब पूरे विश्व में फैलेगा। इस वैश्विक सम्मेलन का थीम सब्जेक्ट ''सहकारिताएं- सबकी समृद्धि का द्वार' तय किया गया है। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन के दौरान संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का आधिकारिक शुभारंभ भी हो रहा है। इस सम्मेलन में भारतीय गांवों की थीम पर बने 'हाट' में भारतीय सहकारी उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जा रहा है। भारत में सहकारिता की ताजा पहल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मॉडल के तौर पर देखा जा रहा है जिससे लोगों के जीवन में बदलाव आ सकता है।

भारत सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में दर्जनों महत्वपूर्ण बदलावों के माध्यम से इसे नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। सहकारी आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए नए मंत्रालय का गठन किया गया। थम सी गई सहकारिता को आगे बढ़ाने का दायित्व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाथों में सौंपा गया जिसका नतीजा सबके सामने है। सहकारी क्षेत्र के संस्थानों के पुनर्गठन और निष्क्रिय हो चुकी प्राथमिक सोसाइटियों में जान फूंक दी गई। मॉडल बायलॉज से प्राथमिक कृषि ऋण सोसाइटी (पैक्स) को ताकत दी गई और उसके कामकाज के दायरे को बढ़ाया गया। सहकारिता पर लागू टैक्स को तर्कसंगत बनाया गया। सहकारी चीनी उद्योग और टेक्स्टाइल से लेकर डेयरी और फिसरीज (दुग्ध और मत्स्य) क्षेत्र को सबल बनाया गया है। राज्यों के साथ समन्वय बनाकर सहकारिता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का श्रेय इन्हीं पहलों को जाता है। आईसीए की इस पहल से दुनिया के दूसरे देशों को भारत के सहकारी आंदोलन से बहुत कुछ



सीखने को मिलेगा। भारत भी उनके अनुभवों का लाभ उठा सकेगा। दुनिया में लगभग 30 लाख सहकारी समितियां हैं जिनमें से करीब 8 लाख सहकारी समितियां यानी एक चौथाई से अधिक समितियां भारत में हैं। संयुक्त राष्ट्र के लगभग सभी सदस्य देशों के एक अरब से अधिक लोग इन समितियों के सदस्य हैं जिनमें से 29 करोड़ से ज्यादा सदस्य भारत के हैं।

सहकारिता क्षेत्र ने दुनियाभर में 21 करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया है। सहकारी समितियों की संख्या और उनके विस्तार की संभावनाओं के मामले में भारत का इतिहास गौरवशाली रहा है। भारत में सहकारिता के व्यापक फलक को विस्तार दिया गया है, जिससे सहकारी समितियों की संख्या और साथ ही सहकारिता से जुड़े सदस्यों में वृद्धि हुई है। भारतीय सहकारी प्रणाली में सबसे बड़ा परिवर्तन प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के मॉडल बायलॉज का कार्यान्वयन है। भारत में पैक्स के कंप्यूटरीकरण का अभियान और शीर्ष स्तर तक की सभी सहकारी संस्थाओं से इन्हें जोड़ने के अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य बड़ी पहलों के साथ ही अनेक सकारात्मक बदलाव किए गए हैं। सहकारिता क्षेत्र में तीन नई राष्ट्रीय बहुराज्यीय सहकारी समितियों : राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड (एनसीओएल), राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) के गठन ने भारत को वैश्विक सहकारिता आंदोलन में अग्रणी बना दिया है। इन सुधारों के साथ भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते सहकारी क्षेत्रों में से एक बन गया है। भारत की इन पहलों ने दुनिया के दूसरे देशों का ध्यान खींचा है।

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान जहां संयुक्त राष्ट्र के निर्धारित लक्ष्य को सहकारिता के माध्यम से पूरा करने की रूपरेखा तैयार की जाएगी, वहीं सहकारिता के वैश्विक सम्मेलन में इन सभी लक्ष्यों पर व्यापक चर्चा कराई जाएगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों को गति देने में भारतीय सहकारी समितियां सक्रिय हैं। लोगों के जीवन स्तर में सुधार के साथ वैश्विक चिंताओं को दूर करने को लेकर तैयार बिंदुओं पर गंभीर विचार-विमर्श किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र ने कुल 17 सतत विकास लक्ष्य चिन्हित किए हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए सहकारी समितियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इनमें पारिस्थितिकी संतुलन, स्थिर आजीविका, गरीबी उन्मूलन, सामुदायिक विकास एवं सहयोग, मिट्टी की सेहत एवं जीवन, महिलाओं का सशक्तिकरण सहित प्राकृतिक संसाधनों पर सभी का समान अधिकार आदि विषयों को शामिल किया गया है। वर्ष 2025 को सहकारिता वर्ष के रूप में मनाये जाने का प्रमुख उद्देश्य इन्हीं लक्ष्यों को पूरा करना है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वर्ष 2030 तक की समयावधि निर्धारित की गई है। इसमें सहकारी क्षेत्र की भूमिका पहले ही निर्धारित कर दी गई है जिससे इस सम्मेलन का महत्व और बढ़ गया है। गौरतलब है कि दूध और चीनी से लेकर दैनिक जरूरत की हर वस्तु और सेवाएं उपलब्ध कराने में सहकारी समितियां आगे बढ़ रही हैं। दरअसल सहकारिता मानव जीवन के उत्थान के लिए नैसर्गिक रूप से व्यवहार में लाई गई वह कार्यसंस्कृति है, जिसमें सबकी भागीदारी को वरीयता दी जाती है। इस व्यवस्था में अभावग्रस्त और शोषित वर्ग को मालिकाना हक के साथ आथक प्रकल्प संचालित करने की सुविधा मिलती है। उम्मीद है कि सहकारिता की दुनिया में एक नई सुबह आएगी, जो सहकार के आत्मा यानी संस्कार, सर्वोदय और समन्वय के जरिये वंचित वर्ग के आथक और सामाजिक उद्धार पर केंद्रित हो।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

**चर्चा में**
डॉ. रमेश ठाकुर



# भारत का 'लेखक गांव' बना साहित्य मनीषियों की पसंद

ग्लोबल स्तर पर प्रचलित हुआ 'लेखक गांव' न सिर्फ हिंदुस्तान में, बल्कि समूचे संसार में इस समय चर्चाओं में है। ये अनोखा गांव हिमालयी वादियों और प्राकृतिक सुंदरता की कोख उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से मात्र 40-50 किमी दूरी पर बसा है। गांव चर्चाओं के केन्द्र में इसलिए है कि वहां साहित्यक मनीषियों, रचनाधर्मियों, साधकों, लेखकों, पत्रकारों व रचनात्मक गतिविधियों से जुड़े बुद्धिजीवियों की सभी मुकम्मल जरूरत पूरी होती है। लेखनी का संपूर्ण वातावरण गांव अपने में समेटा हुआ है। पूर्व में गांव का नाम 'थानो' था जिसे कुछ समय पहले राज्य सरकार ने 'लेखक गांव' में तब्दील कर दिया है जो अब रचनाधर्मी समुदाय के लिए तीर्थ के रूप में विकसित है। गांव में लेखक-साहित्यकार शांत मन से प्रकृति की गोद में बैठकर अपनी रचनाओं को आकार देंगे। ये गांव करीब 50-60 बीघे में फैला हुआ है। लेखकों के लिए कुटीर, पुस्तकालय, पठन-पाठन सामग्री, योगासन व रहने-खाने की तमाम व्यवस्थाओं के अलावा रचना कर्मियों के लिए उपयुक्त वातावरण भी स्थापित किया गया है। साहित्य संवेदनाओं को सहेजने का मादा रखने वाला ये 'लेखक गांव' चर्चाओं में इसलिए है, क्योंकि पिछले माह यानी अक्टूबर में ही वहां तीन दिनी 'अंतरराष्ट्रीय कला महोत्सव 2024' का शानदार आयोजन हुआ जिसमें भारतीय साहित्यकारों के अलावा 55 से अधिक देशों के लेखक, पत्रकार, विचारक, चिंतक, साधक, शोधकर्मी और शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया। 'कला महोत्सव' के नाम पर देवभूमि पर लगे पहले इस जमावड़े ने सभी का ध्यानाकर्षण करवाया है। हालांकि, गांव को बसाने की परिकल्पना कई वर्ष पहले उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व साहित्यकार रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने की थी, जो कहीं अब जाकर साकार हुई है। 'निशंक' को हमेशा से साहित्य विधा का बड़ा प्रयोगधर्मी माना गया है। गांव के विकास के लिए बड़ी रकम प्रदेश सरकार द्वारा आवंटित हो चुकी है। निर्माण कार्य तेजी से जारी है, पहला चरण तकरीबन पूरा होने को है। हुकूमत की ये अनूठी कोशिश निश्चित रूप से भाषाई प्रचार-प्रसार के लिए बेहतरीन कदम के अलावा गांव असंख्य रचनात्मक-सृजनकर्ताओं को खुद की खोज करवाने और आत्म-साक्षात्कार भी करवाएगा। प्रत्येक लेखक-साहित्यकार की चाहत होती है कि लेखनी के दौरान उन्हें प्रकृति का सानिध्य मिले, जो उन्हें स्वतंत्र और सृजनात्मक आजादी का भाव कराए। लेखक गांव को बसाने का दरअसल मकसद ही यही है कि जहां देश-दुनिया के विद्वान, विलक्षण प्रतिभाएं अपना ठिकाना बना सकें। रचनात्मक लेखनी अब महानगरों के कानफोडू शोरगुल और बढ़ते प्रदूषण में संभव नहीं? लेखक का मन सदैव एकांत ठौर खोजता है, लेखकों का मन बंजारा होता है जिसकी भरपाई ये गांव करेगा। उपयुक्त सुविधाओं की बात करें, तो गांव में ध्यान केंद्र, डिस्कशन सेंटर, गंगा-जमनी तहजीब वाला म्यूजियम, तीर्थाटन वाटिका के अलावा पॉजीटिव ऊर्जा देने वाले सैकड़ों दुर्लभ पौधे भी लगाए गए हैं। प्रत्यके पौधे के पास उसका नाम और एक स्कैनर लगाया गया है जिसे स्कैन करते ही पौधे की खासियत मोबाइल में उपलब्ध होगी। पूरी तरह डिजीटल और आधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं। गांव के 5 एकड़ क्षेत्रफल में शोध-अनुसंधान केंद्र भी बनाया है जो सभी का ध्यान अपनी ओर खींचता है। लेखक-साहित्यकार चाहे देश के हों, या विदेश के, सभी लेखक गांव में आकर एक ही स्थान पर प्रकृति, संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान से नजदीक से साक्षात्कार कर विविध विषयों पर मनन-चिंतन के लिए नए दृष्टिकोण प्राप्त कर सकेंगे। वैसे, ये परियोजना पूर्व कुलकवि व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रेरणा से ही शुरू हुई है। वह हमेशा से चाहते थे कि लेखनी को पलने और बढ़ने का माहौल मिलना चाहिए, जिसे सिर्फ उत्तराखंड ही पूरा कर सकता है। आज उनका अधूरा सपूना भी पूरा हुआ है। गांव का उद्घाटन पिछले ही दिनों हुआ, भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भारतीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी, आध्यात्मिक विचारक स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज समेत कई वीवीआईपी ने 'लेखक गांव' का उद्घाटन किया। गांव के नजदीक हवाई पट्टी की सुविधा के संबंध में भी प्रयास किए जा रहे हैं। भविष्य में ये गांव ऐसा होगा, जहां हर कोई पहुंचकर दीदार करना चाहेगा। जब से गांव चर्चाओं में आया है हर कोई गांव पहुंचकर जी भरकर देखना चाहता है। आने वाले वक्त में लेखकों को पहला ठिकाना 'लेखक गांव' बनेगा, ये तय है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## समत्वं योग उच्यते



संकलित
**दर्शन**

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## सुख शांति चाहते हैं तो काम हमेशा ईमानदारी से करें



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन गुरु नानक के पास एक गांव का जमींदार आया। जमींदार गुरु नानक के लिए भोजन लेकर आया था। गुरु नानक ने जमींदार से कहा कि भोजन यहां रख दीजिए। जमींदार बोला कि मैं आपको खाना परोसना चाहता हूं। कृपया आप खाना खा लीजिए। नानक जी ने उसे कुछ देर रुकने के लिए कहा। तभी वहां एक गरीब व्यक्ति आया। उसने गुरु नानक से कहा कि मैं आपके लिए रोटी लेकर आया हूं। जमींदार ने उसकी ओर देखकर कहा कि खाना तो आ चुका है, तुम ये रोटी वापस ले जाओ। नानक जी ने कहा कि नहीं, खाने का अपमान नहीं करना चाहिए। जमींदार ने कहा कि मैं भी आपके लिए खाने की बहुत सी चीजें लेकर आया हूं। मेरी थाली में रोटी के साथ ही अन्य पकवान भी हैं, मिठाई भी है। नानक जी बोले कि हम उसे भी चख लेंगे। गुरु नानक ने उस गरीब की आधी रोटी खा ली और आधी अपने हाथ में रख ली। ये देखकर जमींदार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपने ये क्या किया? मेरा स्वादिष्ट भोजन छोड़कर इसकी साधारण रोटी खा ली। नानक जी ने गरीब की आधी रोटी को हाथों से मसला तो उसमें से दूध की बूंद गिरीं। इसके बाद नानक जी ने जमींदार की मिठाई को मसला तो उसमें खून की बूंद गिरीं। वहां मौजूद लोग ये सब बहुत ध्यान से देख रहे थे। नानक जी ने उस जमींदार से कहा कि इसकी सूखी रोटी में ईमानदारी है और तुम्हारी मिठाई में कहीं न कहीं बेईमानी है। इसलिए मैंने इस गरीब की रोटी खाई है और तुम्हारी मिठाई नहीं खाई।

## अंतर्मन




### आज की पाती

### प्रकाश की ओर ले जाती हैं गुरु नानक जी की शिक्षाएं

हमारे देश की पावन धरा गुरुओं की है। इन्होंने भारत को ही नहीं, बल्कि सारी दुनिया को नेक रास्ते पर ले जाने की शिक्षाएं दी हैं। सिक्खों के प्रथम गुरु, गुरु नानक देव जी ने सारी दुनिया को एकता के सूत्र में बांधने के लिए शिक्षाएं दी थी। इन्होंने इनसानियत ही सबसे बड़ा धर्म बताया है। गुरु नानक देव जी की जयंती देश-विदेश में प्रकाश पर्व के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने सभी धर्मों, जातियों व वर्गों को एक समान समझने की शिक्षा दी थी। 'अव्वल अल्लाह नूर उपाया, कुदरत के सब बंदे! एक नूर ते सब जग उपज्या, कौन भले कौन मंदे !!' गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं मात्र सिक्ख धर्म के लिए ही आदर्श नहीं, बल्कि हर धर्म के लिए हैं।

\- प्रखर पाठक, दुर्ग

## करंट अफेयर


# उ. कोरिया ने विस्फोटक ड्रोन का परीक्षण किया



उत्तर कोरिया ने लक्ष्यों पर सटीक प्रहार करने के लिए डिजाइन किए गए विस्फोटक ड्रोन का परीक्षण किया है, वहीं नेता किम जोंग उन ने इन हथियारों के बड़े पैमाने पर निर्माण में तेजी लाने का आह्वान किया है। यह जानकारी शुक्रवार को सरकारी मीडिया ने दी। देश ने यह परीक्षण ऐसे समय में किया है जब अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान निकटवर्ती अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में उन्नत लड़ाकू जेट विमानों और एक अमेरिकी विमानवाहक पोत के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने कुछ तस्वीरें प्रकाशित कीं जिनमें किम कम से कम दो अलग-अलग तरह के मानवरहित हवाई वाहनों के पास अधिकारियों से बात करते नजर आ रहे हैं। इनमें 'एक्स'-आकार की पूंछ और पंख वाले यान शामिल हैं जो उन ड्रोन की तरह प्रतीत होते हैं जिनका देश ने अगस्त में उस समय खुलासा किया था जब किम ने विस्फोट करने वाले ड्रोन के एक और प्रदर्शन का निरीक्षण किया था। केसीएनए ने बताया कि ड्रोन ने विभिन्न मार्गों से उड़ान भरी और लक्ष्यों पर सटीक प्रहार किया। इसके चित्रों में ऐसा प्रतीत हो रहा था कि ड्रोन से बीएमडब्ल्यू सेडान और टैंकों के पुराने मॉडल को निशाना बनाया गया।

## ऑफ बीट


# दुनिया की आधी बड़ी झीलों में हो रहा पानी कम



दुनिया में 50 प्रतिशत से अधिक बड़ी झीलों में पानी की कमी हो रही है और इसकी प्रमुख वजहों में गर्म जलवायु और मानव उपभोग प्रमुख हैं। इस अध्ययन के प्रमुख लेखक अमेरिका के वर्जीनिया विश्वविद्यालय के फांगफैंग याओ हैं। याओ ने कहा कि यह अध्ययन उपग्रहों और 'मॉडल' की एक श्रृंखला के आधार पर दुनिया भर की झीलों में जल भंडारण में परिवर्तन के रुझानों पर पहला व्यापक आकलन है। कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के बीच अरल सागर के सूखने जैसे पर्यावरणीय संकट के सामने आने के बाद याओ और उनके सहयोगियों ने यह अध्ययन किया। उनके सहयोगियों में अमेरिका के कोलोराडो बोल्डर विश्वविद्यालय और कंसास विश्वविद्यालय के अलावा फ्रांस और सऊदी अरब के अध्ययनकर्ता भी शामिल थे। अध्ययन दल ने दुनिया की करीब 2000 सबसे बड़ी झीलों तथा जलाशयों के जलस्तर में हुए बदलाव पर गौर किया। पृथ्वी पर कुल झील जल भंडारण का 95 प्रतिशत हिस्सा इन 2000 जलाशयों में है। अध्ययन दल ने 1992 से 2020 के बीच उपग्रहों द्वारा ली गयी करीब ढाई लाख तस्वीरों का उपयोग किया और इस तरीके से दल ने सबसे बड़ी झीलों में से 1,972 जलाशयों के क्षेत्र का सर्वेक्षण किया। याओ ने कहा कि इस अध्ययन का निष्कर्ष चौंकाने वाला था और विश्व स्तर पर 53 प्रतिशत झीलों के जल भंडारण में कमी दर्ज की गई।

## ट्रेंड

### आदिवासी कल्याण प्राथमिकता रही



आदिवासी कल्याण हमेशा से भाजपा-एनडीए सरकार की प्राथमिकता रही है। मुझे संतोष है कि आकांक्षी जिलों के तेज विकास का लाभ मेरे आदिवासी परिवारजनों को भी मिला है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### दोषियों पर कार्रवाई हो



गौतम बुद्ध नगर के गांव भीकमपुर में दबंगों द्वारा दलित परिवार के साथ की हिंसा में एक की मौत व कई लोगों के घायल होने की घटना अति-दु:खद एवं निन्दनीय। सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ पीड़ित परिवार को मदद दे।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### अभ्यर्थियों की जीत होगी



भाजपा सरकार को चुनावी गणित समझ आते ही जब अपनी हार सामने दिखाई दी तो वो पीछे तो हटी पर उसका घमंड बीच में आ गया है, इसीलिए वो आधी माँग ही मान रही है। अभ्यर्थियों की जीत होगी। सरकार इन्हें झुनझुना नहीं पकड़ा सकती।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### बच्चा बनना पड़ता है



भारत में बाल फिल्में बनाने में समस्या यह है कि हम बच्चों के लिए फिल्म बनाते समय अचानक वयस्क हो जाते हैं.. जब आप बच्चों की फिल्म बनाते हैं तो आपको बच्चा बनना पड़ता है.. जैसा मैंने मिस्टर इंडिया बनाते समय किया था
-शेखर कपूर, निर्देशक

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।




## खबर संक्षेप

### कफ सिरप का अवैध परिवहन दो युवकों पर की गई कार्रवाई

**महासमुंद।** ओडिशा से कफ सिरप का अवैध परिवहन करने वाले दो युवकों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। ये युवक कफ सिरप को छत्तीसगढ़ में खपाने की कोशिश में थे। सिंघोड़ा थाने में आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की है। सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि 14 नवंबर की सुबह 8:40 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक काले कलर के बिना नंबर बजाज प्लसर बाइक मे अवैध कफ सिरप रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। इस सूचना के बाद एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद एक बाइक वहां पहुंची, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे, जिन्हें रोककर पूछताछ किया गया। पूछताछ करने पर वे गोलमोल जवाब देने लगे। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने पास रखे पिट्ठु बैग में 120 नग वनरेक्स कफ सिरप रखना स्वीकार किया और उक्त सिरप को संबलपुर ओडिशा से बिलासपुर छत्तीसगढ़ खपाने ले जाना बताया।

### स्कूटी की ठोकर से बच्ची और महिला हुई घायल

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर के मेन चौक के पास बस का इंतजार कर रहें बच्ची और महिला को स्कूटी सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से बच्ची को गंभीर चोट आई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, वही महिला को मामूली चोट आई है। थाना में शिकायत करने पहुंचे कलंगपुरी निवासी 60 वर्षीय लखन जैन पिता स्व. श्यामलाल जैन ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। अपनी पत्नी जमुना बाई जैन और नातिन लेखनी जैन के साथ मोटर सायकल में सवार होकर 14 नवंबर को सुबह करीबन 10 भानुप्रतापपुर आए थे। मोटर सायकल को बस स्टैण्ड में भागीराम जैन के घर में छोड़कर तीनों पैदल नरसिंहपुर जाने के लिए मेन चौक भानुप्रतापपुर में पहुंचकर खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे।

**विडंबना:** मजबूर और लाचार पिता के लाख जतन के बाद भी न समय रहते एम्बुलेंस मिली न बेहतर ईलाज

# समुचित उपचार के अभाव में सर्पदंश पीड़ित बैगा बच्चे की मौत

### ड्रिप लगाकर कर दिया गया रिफर, मोटर सायकल में पिता बच्चे को ला रहा था बोड़ला अस्पताल, रास्ते में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

### अस्थाई स्वास्थ्य शिविरों के भरोसे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था



इसमें कोई दो राय नहीं है जिले के ग्रामीण और विशेषकर वनांचल ईलाकों में संचालित सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। जिले के अधिकांश प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य अमले के साथ आवश्यक सुविधाओं का आभाव वर्षो से बना हुआ है। जिसकी शिकायतें हमेशा अखबारों की सुर्खियां बनी रहती है। माना जाता है कि इस बात को स्वास्थ्य विभाग और शासन-प्रशासन भी भली भांति समझता है। यही वजह है कि वह समय-समय पर जिले के ग्रामीण और वनांचल ईलाकों और यहां तक कि शहरी क्षेत्रों में भी अस्थाई स्वास्थ्य शिविर संचालित कर खानापूर्ति की जाती है। लेकिन यह कामचलाऊ व्यवस्था न काफी है, क्योंकि स्वास्थ्य सुविधा की जरूरत कभी भी किसी को भी पढ़ सकती है ऐसे में बेहतर यही होगा कि शासन-प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग जिले में संचालित स्थाई सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थाएओं को दुरूस्थ करे।

जिले के बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत तरेगांव जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम लीलादादर निवासी एक नौ वर्षीय बच्चे की समुचित ईलाज और स्वास्थ्य सुविधाओं के आभाव में सर्पदंश से मौत हो गई। आरोप है कि राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले बैगा आदिवासी समुदाय के इस बच्चे को परिजनो द्वारा लाख प्रयास किए जाने के बाद भी न तो समय रहते उचित ईलाज मिल पाया और न ही स्वास्थ्य सुविधाएं ही नसीब हो पाई। निश्चित रूप से प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के गृह जिले और उनके विधानसभा क्षेत्र में इस तरह एक बच्चे की ईलाज और स्वास्थ्य सुविधाओं के आभाव में मौत हो जाना न सिर्फ दुखद है बल्कि आम जनमानस के लिए उपलब्ध कराई जा रही तथा गठित स्वास्थ्य सुविधाओं और दूसरी व्यवस्थाओं के ढोल में पोल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते गुरूवार को तरेगांव जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम लीलादादर निवासी रवि बैगा पिता बैसाखू बैगा आयु 9 वर्ष को उसके घर के पास ही एक जहरीले सर्प ने दंश मार दिया था। बताया जाता है कि सर्पदंश के बाद बच्चे की तबियत बिगडऩे लगी जिसे देखते हुए उसके पिता ने तत्काल क्षेत्र में आम जनमानस की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित एम्बुलेंस को कॉल किया लेकिन बताया जाता है कि सूचना देने के बाद भी एम्बुलेंस घटना स्थल पर नहीं पहुंची। जिसके बाद मजबूर पिता ने अपने बच्चे की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए उसे मोटर सायकल में ही बैठाकर सीधे तरेगांव के शासकीय चिकित्सालय लाया गया। लेकिन बच्चे के पिता बैसाखू की माने तो तरेगांव शासकीय अस्पताल में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था, जो स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल में मौजूद था उसने बच्चे को एक बॉटल लगा दी और बैसाखू को सलाह दी की वह अपने बच्चे को या तो बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य ले जाए या फिर जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दे। इस स्थिति में बैसाखू ने तरेगांव से भी शासकीय एम्बुलेंस की सेवा के लिए संपर्क किया। लेकिन उसे यहां से भी एम्बलेंस नहीं मिल पाई। अपने बच्चे की लगातार बिगड़ती तबियत को देखते हुए एक मजबूर और लाचार पिता जैसे-तैसे बच्चे को बॉटल लगी स्थिति में ही मोटर सायकल में बैठाकर सीधे बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए निकल पड़ा। अपने बच्चे के स्वास्थ्य लाभ के लिए भगवान से दुआ मांगते बैसाखू ग्राम बैजलपुर तक पहुंचा ही था कि उसे रास्ते में शासकीय एम्बुलेंस नजर आई और उसकी जान में जान आई। लेकिन बताया जाता है कि बच्चा जब तक बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच पाता उसकी मौत हो गई। निश्चित रूप से समझा जा सकता है कि इस हृदय विदारक घटना के बाद उस मजबूर और लाचार पिता पर क्या बीत रही होगी जिसके लाख जतन के बाद भी उसके बच्चे की जान नहीं बच पाई।

# तेंदुए और चीतल के खाल के खरीदार बनकर पहुंचे अफसर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

तेंदुए और चीतल की खाल बेचे जाने की खबर पर अफसर स्वयं खरीदादर बनकर पहुंचे और शिकारी समेत दलाल को रंगेहाथ खाल के साथ गिरफ्तार किया। वनमंडल अंतर्गत बागबाहरा परिक्षेत्र के ओंकारबंद से चितल की खाल व तेंदुए के खाल के टुकडे के साथ पांच लोगों को उदन्ती के उपसंचालक वरुण जैन की टीम ने गिरफ्तार कर बागबाहरा वनपरिक्षेत्राधिकारी के सुपुर्द किया है।

पांच आरोपियों में से तीन आरोपी ग्राम चुरकी व दो मरार कसीबाहरा के निवासी बताए गए हैं। दरअसल, उदन्ती के उपसंचालक को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग चीतल के खाल को बेचने के फिराक में है।

सूचना पर उपसंचालक की टीम खरीददार बनकर ओंकारबंद पहुंची और दस हजार में सौदा तय किया। आरोपी जैसे ही खाल लेकर पहुंचे उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार मानसिंग 40 वर्ष निवासी चुरकी, सुकालु 45 वर्ष निवासी मरार कसीबाहरा, हरक 40 वर्ष निवासी मरार कसीबाहरा, गिरधर ध्रुव 38 वर्ष निवासी चुरकी एवं पिलाराम बेलदार 50 वर्ष निवासी चुरकी ने पूछताछ में बताया कि एक माह पहले ओंकारबंद के जंगलों में चीतल का शिकार कर मांस खा गये थे और अभी खाल को बेचने वाले थे। जिसे दस हजार मे बेचते। वन विभाग की टीम ने चीतल की पूरी खाल एवं तेंदुए के सिर का खाल, जिसक लंबाई 4", चौड़ाई 4" है उसे जब्त किया है।

- माह भर पहले खा गए थे चीतल का मांस अब बेचने की फिराक में थे खाल

आरोपी पीलाराम ध्रुव ने बताया कि उसने खाल बेचने विक्रेता और खरीददार को आमने सामने किया हूं, उसने अन्य लोगों के शिकारी होने की जानकारी होने की बात भी स्वीकारी है। वन विभाग के उपमंडलाधिकारी अब्दुल वहीद खान ने बताया कि उदंती के उपसंचालक को मुखबिर से सूचना मिली थी इसी तारतम्य में चीतल की खाल व तेंदुए के खाल के एक छोटे से टुकडे के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## हरदीभाठा में लगातार पहुंच रहा जंगली भालू, विभाग ने तैनात किए कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में भालू के दस्तक थमने का नाम नही ले रहा है। भालू दो दिन पहले मैनपुर नगर में आते सीसी कैमरे में कैद होने के बाद वन विभाग ने सुरक्षा के लिहाज से वन विभाग के कर्मचारियों के टीम तैनात किया है वन विभाग का दस्ता सायरन लगे वाहन में घुमघुम कर लोगों को रात के समय घर से अकेले बाहर नहीं निकलने का अपील कर रहे हैं। इसी बीच मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा में गुरूवार रात 8.30 बजे भालू पटेलपारा में घुस गया भालू के पटेलपार में पहुंचने की खबर लगते ही बड़ी संख्या में लोगों भी भीड़ इक्कठा हो गई। लोगों ने मोबाईल कैमरे से भालू की तस्वीर लेने लगे। गांव के एक पुराने टूटे फूटे मकान में घुस गया। जिसकी जानकारी वन विभाग को दिया गया। वन विभाग का अमला हरदीभाठा पहुंचा इससे पहले ही भालू तालाब किनारे होते हुए शिक्षक कालोनी मैनपुर पहुंच गया।




## ताला तोड़कर दुकान में चोरी की, दो आरोपी 24 घंटे में जेल दाखिल



**कांकेर।** कांकेर पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर दुकान के शटर का तोड़कर दुकान अंदर के कांउटर में रखे चिल्हर सिक्के करीबन 20 हजार रूपएं, दो नग तेल टीना कीमत 4 हजार रूपएं, बनियान, अंडरवियर, टीशर्ट का पैकेट कीमत 30 रूपएं एवं अन्य सामान कीमत 10 हजार रूपएं कुल 64 हजार की चोरी करने वाले दो चोर को दबोचा और जेल की सलाखों में भेजा गया।

संजय नगर कांकेर निवासी मो. ईरफान उर्फ बगदादी तथा ईरफान खान उर्फ बगदादी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि मैं अपने साथी ईरफान खान के साथ घूमडमल जनरल स्टोर का ताला राड से तोड़कर दुकान के अंदर गल्ला से चिल्हर सिक्का एक, दो, पांच, दस, बीस के सिक्के एवं दुकान में बिक्री के लिए रखा टूथ ब्रश, लिखने वाला पेन, डियो प्रफ्युम, रेजर, टार्च टी शर्ट व अंडर वियर तथा 2 टीना तेल को चोरी कर अपने साथी ईमरान के साथ लेकर लूना में कृषि विज्ञान केन्द्र के पास हाइवे में ले जाकर राहगीरों को 1500-1500 रूपएं में बिक्री करना तथा तेल बिक्री में मिले 3 हजार रूपएं को शराब पीने और ढाबा जाकर खाना खाने में खर्च करना बताया। पुलिस ने दोनो चोर से 7 हजार 672 रूपएं का जनरल सामान तथा 8 हजार 926 रूपएं का विल्हर सिक्का कुल 16 हजार 598 रूपएं का मशरूका एवं ताला तोड़ने वाले राड को ईरफान रजा तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीपी 0813 को जप्त किया गया है।



## जैकेट के शेष

### 50 रुपए तक .....

दिए तो दाम वापस कम कर दिए गए। अब वापस फिर से दाम बढ़ाने की तैयारी है। पहली किस्त के रूप में अलग-अलग कंपनियों ने 10 से 15 रुपए दाम बढ़ा दिए हैं। ये दाम वापस 50 रुपए तक बढ़ाने की तैयारी है। अगर प्रदेश सरकार की तरफ से कोई एक्शन नहीं हुआ तो एक सप्ताह के अंदर फिर से 10 से 15 रुपए दाम बढ़ा देंगे और फिर तीसरी किस्त में 20 रुपए तक दाम बढ़ाने की तैयारी है।

### बंद पड़े फ्लाई .....

भी कंकाल के पास मिले कपड़ों से उनकी शिनाख्त की है। जबकि पुलिस ने इस मामले में एक संदेही को भी हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह बलरामपुर कोतवाली थाना से महज दो किमी दूर ग्राम पंचायत दहेजवार में फ्लाई एश प्लांट के समीप नर कंकाल मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। खेत के मालिक पारसनाथ ने ही पुलिस को सूचना दी थी कि जब वे लोग धान के खेत में काम करने जा रहे थे तो उन्हें खेत के पास कुछ कंकाल मिले। कंकाल मिलने की जानकारी मिलने के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। खेत में कंकाल होने की जानकारी मिलने के बाद एसपी, एएसपी समेत पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल की घेराबंदी की गई। पुलिस द्वारा फॉरेंसिक व डॉग स्क्वायड की टीम को मौके पर बुलाया गया जिसके बाद पुलिस ने अपनी जांच शुरू की। पुलिस ने घटना स्थल से तीन खोपड़ी और हड्डियां बरामद की है ऐसे में यह स्पष्ट हो गया है कि घटना स्थल से तीन नर कंकाल बरामद किए गए है। संभावना जताई जा रही है कि तीनों की हत्या कर उन्हें खेत में गाड़ दिया गया होगा लेकिन कुत्तें हड्डियों को खींचकर बाहर ले आए।

**डीएनए जांच से होगी पुष्टि :** हालांकि कंकाल की पहचान सूरज देव ठाकुर ने कर ली है और देर शाम पुलिस ने पीएम उपरान्त अवशेष उनके भी कर दिया है लेकिन पुलिस अभी भी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है। यही वजह है कि पुलिस ने कंकाल से डीएनए सैंपल की जांच का निर्णय लिया है। पुलिस द्वारा डीएनए सैंपल को जांच के लिए रायपुर भेजा जाएगा और जांच रिपोर्ट आने में दो सप्ताह का समय लग सकता है। डीएनए रिपोर्ट बाद ही पुलिस इस मामले में कुछ पुष्ट करने की बात कह रही है।

**एक संदेही हिरासत में, भारी बल तैनात :** शुक्रवार को मिले कंकाल की पहचान लगभग हो गई है लेकिन पुलिस की ओर से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। घटना स्थल पर खून के धब्बे मिले है जबकि जिस तरह से खेत में कंकाल मिले है उससे तीनों की हत्या कर लाशों को दफन करने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने एक संदेही को भी हिरासत में लिया है जिससे पूछताछ की जानी है। पूछताछ व डीएनए सैम्पल की रिपोर्ट आने के बाद ही इस हत्याकांड से पर्दा उठ सकता है। इधर महिला और उसके बच्चों की हत्या की संभावना के बाद पिछले दिनों की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया था।

**चल रही है जांच :** खेत में तीन नर कंकाल मिले है। तीनों की शिनाख्त की जा रही है। कुसमी से लापता एक महिला और उसके दो बच्चों के कंकाल होने की संभावना है। महिला के पति ने कपड़ों से उनकी पहचान की है लेकिन डीएनए रिपोर्ट के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा। डीएनए सैंपल लिया गया है और जांच रिपोर्ट का इन्तजार है।

**वैभव बैंकर एसपी**

### सितंबर से लापता ....

वे वापस नहीं लौटे। खोजबीन के बाद सूरजदेव ठाकुर ने उनके गुमशुदगी की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद से ही पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। शुक्रवार को कंकाल मिलने के बाद पुलिस ने घटना स्थल पर सूरजदेव ठाकुर को भी बुलाया जहां मौके पर मौजूद कपड़े, मंगलसूत्र के आधार पर सूरजदेव ने मृतकों की पहचान अपनी पत्नी कौशल्या ठाकुर, पुत्री मुस्कान व पुत्र मिंटू ठाकुर के रूप में की है।

### बैगा, गुनिया और ....

बैगा, गुनिया, सिरहा लोगों के लिए मुख्यमंत्री सम्मान निधि दिए जाने की घोषणा की। इसके तहत उन्हें प्रति वर्ष 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

### जनजातीय समुदाय कल्याण ....

जनमन योजना के तहत 24,000 करोड़ रुपए और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए 80,000 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। समारोह में जनजातीय समुदाय की विभूतियों, राज्य में हुए जनजातीय विद्रोह के शहीदों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### साढ़े छह हजार ....

जनजातीय समाज के पदाधिकारी, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकण उपस्थित थे।

### समारोह में वर्चुअल ....

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम देश के जनजातीय इलाकों और जनजाति समुदाय के कल्याण के लिए पांच गुना बजट खर्च कर रहे हैं। दस साल पहले इसका बजट मात्र 25,000 करोड़ रुपए हुआ करता था, जो अब बढ़कर 1,25,000 करोड़ रुपए हो गया है।

जमुई में आयोजित इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण पूरे देश में हुआ। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री समेत मंत्री व विधायक भी जुड़े। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमने इतिहास के एक बहुत बड़े अन्याय को दूर करने का एक ईमानदार प्रयास किया है। इतिहास में आदिवासी समाज के लोगों को वह स्थान नहीं मिला, जिसके वह अधिकारी थे। आदिवासी समाज वो है, जिसने राजकुमार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम बना दिया।

---

लाओस में आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान भारत और चीन के रक्षा मंत्रियों की होगी बैठक

# एलएसी पर दोनों देशों के पीछे हटने के बाद होगी पहली उच्च स्तरीय बातचीत

◆ यह उच्च स्तरीय बैठकों की श्रृंखला में दूसरी बैठक

*अप्रैल 2023 के बाद पहली बार भारत और चीन के रक्षा मंत्रियों की मुलाकात होगी। अप्रैल 2023 में चीन के ली शांगफू शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली आए थे। इस बैठक को महत्वपूर्ण उपाय के रूप में देखा जा रहा है*



दोनों अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति में वापस गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपने चीनी समकक्ष डोंग जून से मुलाकात करेंगे। पिछले महीने पूर्वी लद्दाख में दोनों सेनाओं के पीछे हटने और पिछले हफ्ते भारत द्वारा देपसांग क्षेत्र में गश्त फिर से शुरू करने के बाद यह पहली मंत्री स्तरीय बैठक होगी। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चीन ने पूर्व नौसेना कमांडर डोंग को पिछले साल दिसंबर में रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था। राजनाथ सिंह की डोंग से लाओस में 20 नवंबर से शुरू होने वाले दो दिवसीय 10-राष्ट्रों के आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात होगी। अप्रैल 2023 के बाद पहली बार दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की मुलाकात होगी।

**एक दूसरे पर भरोसा बना रहे**

दिल्ली और बीजिंग मई और जून 2020 में गलवान और पैंगोंग झील क्षेत्रों में हिंसा के बाद एक दूसरे पर भरोसा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच सैन्य गतिरोध में 20 भारतीय सैनिकों मौत हो गई थी।

### मोदी-जिनपिंग की मुलाकात के बाद सुधरे संबंध

बता दें, पिछले महीने रूस में पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद, यह उच्च स्तरीय बैठकों की श्रृंखला में दूसरी बैठक है। इनमें से प्रत्येक बैठक को भारत-चीन संबंधों को और अधिक गहन बनाने की दिशा में एक और कदम के रूप में देखा जाएगा। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अगले कदम क्या होंगे या क्या बाद में रक्षा मंत्रियों के बीच या इसी तरह की उच्च-स्तरीय बैठकें होंगी। क्या दोनों पक्ष सैनिकों को 2020 से पहले की स्थिति में वापस जाने की अनुमति देंगे।

**भारत फिर से चीन पर भरोसा कर रहा**

पिछले महीने सैन्य और सरकारी स्तर की कई दौर की बातचीत के बाद दोनों देशों ने पेट्रोलिंग एग्रीमेंट की घोषणा की। इसके तहत दोनों देश अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति में वापस आ गए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने समझौते की पुष्टि की और एक दिन बाद, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना चीन पर फिर से "भरोसा करने की कोशिश" कर रही है।

**समझौते के बाद पीछे हटी चीनी सेना**

समझौते के बाद चीन ने पीछे हटना शुरू कर दिया। देपसांग और डेमचोक में सैनिकों की वापसी और पेट्रोलिंग 2021 में पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी तटों पर और एक साल बाद सितंबर में विवादास्पद गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में इसी तरह की कार्रवाइयों के बाद शुरू हुई है।

**चीन ने बुनियादी निर्माण किया**

*यहां एक महत्वपूर्ण बात पिछले चार सालों में सैन्य निर्माण का पैमाना है। चीनियों ने सैनिकों और उपकरणों की तैनाती में तेजी लाने के लिए पुलों, नए ठिकानों और इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए बहुत काम किया। इनमें से कुछ ठिकानों के आकार पर भी ध्यान नहीं दिया गया। पिछले महीने पैंगोंग झील के उत्तरी तट पर एक नए अड्डे की उपग्रह इमेजरी का विश्लेषण करने पर यह मालूम हुआ है।*

---

## पेज एक के शेष

### छोटे उद्योगों को तीन...

करने वालों के लिए भी पैकेज की सुविधा है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी के मुताबिक नए ट्रेड में फार्मास्यूटिकल, टेक्सटाईल, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण तथा गैर काष्ठ वनोपज प्रसंस्करण, कम्प्रेस्ड बायोगैस, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्टिफिशियल इंटीलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स एंड कम्प्यूटिंग (जीपीयू), आईटी, आईटीईएस, डेटा सेंटर, आटोमोबाइल जैसे नवीन सेक्टरों के लिए विशेष पैकेज का प्रावधान है। इसके साथ ही थ्रस्ट सेक्टर के ऐसे उद्योग जहां राज्य का प्रतिस्पर्धात्मक लाभ है और जहां भविष्य के रोजगार आ रहे हैं, उन क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन का प्रावधान है। पहली बार ग्रीन उद्यम को भी नीति का हिस्सा बनाया गया है। इसमें पर्यावरणीय प्रोजेक्ट अनुदान, जल एवं उर्जा दक्षता (एनर्जी ऑडिट) व्यय प्रतिपूर्ति, गैर काष्ठ वनोपज प्रसंस्करण एवं ग्रीन हाइड्रोजन, कम्प्रेस्ड बायोगैस सेक्टर के वृहद उद्यम हेतु औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है।

**पहली बार सर्विस सेक्टर को जोड़ा :** राज्य सरकार द्वारा देश में सेवा गतिविधियों के बढ़ते हुए रुझान को देखते हुए नीति में पहली बार सेवा क्षेत्र अंतर्गत एमएसएमई सेवा उद्यम एवं वृहद सेवा उद्यमों के लिए पृथक-पृथक प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है।

सेवा क्षेत्र अंतर्गत इंजीनियरिंग सर्विसेस, रिसर्च एंड डेव्हलपमेंट, स्वास्थ्य सेक्टर, पर्यटन एवं मनोरंजन सेक्टर आदि से संबंधित गतिविधियों को शामिल किया गया है। नीति में प्रोत्साहनों की दृष्टि से राज्य के विकास खण्डों को तीन समूहों में रखा गया है। समूह-1 में 10, समूह 2 में 61 एवं समूह 3 में 75 विकासखंड को रखा गया है। स्थाई पूंजी निवेश का 100 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र के लिए स्थाई पूंजी निवेश का 150 प्रतिशत तक का समग्र प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है।

### रोजगार को बढ़ाने...

गया है। इस नीति मैं स्थानीय श्रमिकों को औपचारिक रोजगार में परिवर्तित करने के लिए प्रशिक्षण कर प्रोत्साहन का प्रावधान करते हुए 1000 से अधिक रोजगार प्रदाय करने वाली इकाइयों को प्रोत्साहन के अतिरिक्त विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। अकुशल को कुशल बनाने के लिए 15 हजार रुपए मासिक का मानदेय सरकार की तरफ से दिया जाएगा। इससे उद्योगों पर भार नहीं पड़ेगा।

### छुट्टी के दिन खुला .....

संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में रजिस्टर्ड कराने का निर्देश रजिस्ट्रार जनरल को दिया। जनहित याचिका में राज्य शासन, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, कलेक्टर व एसपी बिलासपुर सहित अलग-अलग आधा दर्जन विभाग के आला अफसरों को प्रमुख पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी किया गया है।

बिलासपुर शहर में संचालित सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के सामने बिक रहे नशे के सामान को लेकर मीडिया में खबरों का प्रकाशन किया गया था। इसमें इस बात की जानकारी दी गई थी कि स्कूलों के सामने ठेलों में तंबाकू, गुटखा, सहित नशे के सामान की धड़ल्ले के साथ बिक्री की जा रही है। जिला प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इससे स्कूल के आसपास का माहौल खराब हो रहा है। स्कूली बच्चों के ऊपर इसका बुरा असर पड़ रहा है। ठेलों में गुटखा, तंबाकू लेने वालों की पूरे समय भीड़ लगी रहती है। कभी भी किसी भी समय अप्रिय स्थिति बन सकती है।

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का ....

स्वतंत्रता दिवस, 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी, 5 सितंबर को मिलाद उननबी, 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक दशहरा अवकाश, 20 से 25 अक्टूबर तक दीपावली अवकाश, 5 नवंबर गुरुनानक जयंती, 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती एवं 25 दिसम्बर 2025 को क्रिसमस पर अवकाश घोषित किया गया है।

### पैसेंजर से टकराया ....

आरएफओ नाकाडोंगरी अपेक्षा शेंडे, लेंडेझरी निरंजन वैदय वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर सुबह लगभग 12 घायल बाघ को बेहोशी शॉट लगाया गया, किंतु वह बेअसर रहा। इसके बाद 12.25 बजे दूसरा शॉट भी सफल नहीं रहा और फिर 12.45 बजे तीसरा शॉट बाघ को बेहोश करने सफल हुआ।

---

# अगले तीन-चार साल में भारत की अर्थव्यवस्था जापान व फ्रांस का पीछे छोड़ देगी : प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

**दुनिया में पांच ट्रिलियन के साथ तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा भारत**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को हैदराबाद में इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस यानी आईएसबी के दूसरे इनसाइट्स कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा, अर्थव्यवस्था विकास, कौशल और एनईपी के क्रियान्वयन लक्ष्यों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत आगामी तीन से चार वर्षों में जापान और फ्रांस जैसे विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं को भी पीछे छोड़ देगा। हमारी अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन के आंकड़े के साथ दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। साथ ही देश की आबादी विश्व की लगभग 20 फीसदी होगी। इस



नजरिए से देखें तो भारत की चिंता किए बिना वैश्विक चिंताओं की पूर्ति संभव नहीं है। क्योंकि वर्तमान में विश्व की चिंताएं समान हैं, सतत विकास लक्ष्य भी सभी के लिए,q सबके द्वारा हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत हमारा लक्ष्य एक न्यायोचित समाज व्यवस्था बनाने का है। जिसमें समता और समरसता होगी। इसके अलावा हमें शिक्षा को गुणवत्ता, समानता के साथ सस्ता व सुलभ बनाना है। शोध पर भी हमें ध्यान देना पड़ेगा। सामाजिक और शोध आधारित समाज बनाना जरूरी है। शिक्षा को बहुआयामी करना पड़ेगा।

### कृषि क्षेत्र में आपसी सहयोग पर भारत-ऑस्ट्रेलिया ने जतायी सहमति

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।

ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी से भेंट की। इस बैठक के माध्यम से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों को तलाशने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल हुई।

**न्यायालय श्रीमान द्वितीय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रामानुजगंज जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी-श्रीकांत श्रीवास)
**समंस**
(धारा 166 मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने हेतु प्रकरण)

मो.दु.दा.प्र.क्र.-24/2024
प्रोसेस क्रमांक-674
पेशी दिनांक 12.12.2024

पुष्पा लकड़ा वगैरह -------आवेदिकागण
प्रति
चन्द्रदेव सिंह पोया वगैरह -----अनावेदकगण

प्रति,
आवेदिकागण पुष्पा लकड़ा पत्नी स्व. परमेश्वर राम आयु लगभग 33 वर्ष, निवासी सिविलदाग, पोस्ट-रेहड़ा, थाना व तहसील कुसमी, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) वर्तमान पत्ता ग्राम अधौरा चौक थाना व तहसील-बलरामपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगज (छ.ग.) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया है कि घटना दिनांक 28.08.2023 दोपहर लगभग 02 बजे जय अम्बे इमर्जेन्सी सर्विसेस प्रा.लि. वाहन स्वामी का शासकीय 108 एम्बुलेंस क्रमांक CG-04-ND-5919 का चालक वाहन को तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मृतक परमेश्वर राम को ठोकर मार दिया जिससे उसे गभीर चोट आई और उसी दिनांक को उसकी मृत्यु हो गयी थी। उक्त दुर्घटना में हुए क्षति की क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु आवेदिकागण पुष्पा लकड़ा व अन्य के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अतः अनावेदक क्रमांक-02 प्रो. मेसर्स जय अम्बे इमेंजेंसी सर्विसेस I. प्राईवेट लिमिटेड 37 अनुपम नगर, शंकरनगर, रायपुर (छ.ग.), पिन कोड-492001 को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 12.12. 2024 को समय 11 बजे इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।

यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मैं अवकाश पर जाता हूँ, तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।

इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक-07/11/2024 को जारी।

**श्रीकान्त श्रीवास**
द्वितीय अति.मो.दु.दावा. अधिकरण रामानुजगंज
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
IRCTC LiFE Lifestyle for Environment

**रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआईएस–2024):** दिसंबर 2025 तक ए1 और ए श्रेणी के रेलवे स्टेशनों पर फूड प्लाजा, फास्ट फूड यूनिट और फूड कोर्ट की स्थापना, संचालन और प्रबंधन के लिए खुली ई–निविदाओं में भागीदारी के लिए पैनल में शामिल होने के लिए ईओआई हर महीने एक बार खोली जाएगी। ईओआई जमा करने और खोलने की तारीख और समय ईओआई दस्तावेज़ में उल्लिखित किया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए IRCTC की वेबसाइट: www.irctc.com या www.tenderwizard.com/IRCTC पर जाएँ। निविदा दस्तावेज़ डाउनलोड करना और भागीदारी वेबसाइट: www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन पर कोई और शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी होने की स्थिति में, इसे केवल IRCTC की वेबसाइट www.irctc.com और www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।

कार्यालय का पता: जीजीएम/पी एंड टी, 11वीं मंजिल, स्टेटसमैन हाउस, बी-148, बाराखंबा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, ई–मेल: mobilecatg.tend@irctc.com, दूरभाष: 011-23311263-64, फैक्स: 011-23311259
ecatering.irctc.co.in

**कार्यालय नगर पंचायत अंतागढ़, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

क्रमांक/1004/लो.नि.वि./न.पं./2024-25 अंतागढ़, दिनांक 14/11/2024

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय)**

नगर पंचायत अंतागढ़ क्षेत्रांतर्गत 15वें वित्त आयोग मद के तहत आर.सी.सी. नाली एवं बीटी रोड़ निर्माण के कुल 03 कार्य, लागत राशि 21.51 लाख, अधोसंरचना मद 2024-25 अंतर्गत सी.सी. सड़क, आर.सी.सी. नाली व शेड एवं घाट निर्माण कार्य, कुल लागत राशि 40.48 लाख के कुल 20 कार्य किये जाने हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्म से मुहरबंद निविदाएं तीन लिफाफा पद्धति में केवल स्पीड पोस्ट पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा दिनांक 29/11/2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विवरण निम्नानुसार हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय - 18/11/2024 को 5:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय - 20/11/2024 को 5:00 बजे तक
3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय - 29/11/2024 को 3:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि व समय - 29/11/2024 को सायं 4:00 बजे से

उपरोक्त कार्यों हेतु निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में नगर पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेब साईट www.uad.cg.gov.in पर उपलब्ध है। वेबसाईट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर निविदा प्रस्तुत करने हेतु आवेदन शुल्क रू. 100/- प्रति कार्य एवं निविदा प्रपत्र शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट, आवेदन करने की तिथि तक बना हुआ ही स्वीकार किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत अंतागढ़**

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.ETCECONIIVSKP 2024044, दिनांक : 12.11.2024

**कार्य का नाम:** ओड़िशा के मलकानगिरी जिला, आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामराजु जिला एवं तेलंगाना राज्य के वरद्री कोटागुडेम जिला में मालकानगिरी-पाण्डुरांगपुरम होकर भद्रचलम (173.6 कि.मी.) के बीच नयी लाइन के लिए रेलवे अधिग्रहण अधिनियम 2008 के अधीन निजी जमीन की अधिग्रहण के लिए सुविधा प्रदान, सरकारी जमीन का हस्तांतरण एवं अनुमतिपूर्ण कब्जा एवं जंगल जमीन का परिवर्तन।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 741.40 लाख, EMD (रुपये में): 5,20,700/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 04.12.2024 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य: प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी(निर्माण)/भुवनेश्वर
PR-90/CH/24-25

---

# राज्य उपभोक्ता आयोगों में अध्यक्ष के कुल 18 पद और सदस्यों के 56 पद रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ **उपभोक्ता आयोगों में रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाए : खरे**

उपभोक्ता मामले विभाग ने देश भर में जिला और राज्य उपभोक्ता आयोगों में रिक्तियों की वर्तमान स्थिति पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया। उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के संबंधित विभागों के प्रधान सचिवों, निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। राज्य आयोगों में अध्यक्ष के कुल 18 पद और सदस्यों के 56 पद रिक्त हैं। इसी तरह, देश भर के जिला आयोगों में अध्यक्ष के 162 पद और सदस्यों के 427 पद रिक्त हैं। डीओसीए सचिव ने कहा कि यह आवश्यक है कि रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उपभोक्ता विवादों/मामलों को शीघ्र और कुशलता से निपटाया जा सके। उन्होंने देश भर में उपभोक्ता आयोगों में रिक्त पदों को भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति में तेजी लाने की जरूरत पर बल दिया। यह कार्रवाई सरकार की प्रतिबद्धता का अनुसरण करती है।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।


**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5692



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका–4
5.रपटना –4
9.डोली उठानेवाले–3
10.पुत्र,लड़का–3
12.अधिकार–2
14.नवीन,नया–2
15.एक विदेशी शराब–2
16.कला,हुनर–2
17.मां का प्यार–3
19.दम,बल,जोर–3
21.पपीहा,पपीहरा–3
22.करामात,कारनामा–4
24.शमशीर,कृपाण–4
25.तरंगित,लहरीय–5
26.बोरिया–बिस्तर–4
29.साले की पत्नी–4
33.प्रयास,यत्न–3
34.सहायता,सहयोग–3
36.लीन,तल्लीन–3
37.गहन वन,बुनाई कर्म–2
38.टुकड़ा,कण–2
39.मैं का बहुवचन–2
41.भीगा हुआ–2
42.अंधकार,अंधेरा–3
43.द्रव मापने की इकाई–3
45.प्राचीर,स्तंभ–4
46.बादला,जरबाफ–4


**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार–2
3.जगत,दुनिया–3
4. सुनसान शांति,–4
5.आदत–4
6.साजन, बालम–3
7.क्रमबद्धता–2
8.मूर्ख,बेवकूफ–4
11.बुनाई करने वाला–4
13.कटि,मध्यांग–3
16.धार्मिक आज्ञा–3
18.पितामह–2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण –5
21.चलने का ढ़ंग–2
23.पिया,साजन–3
24.दया,रहम–3
26.बेमिसाल, अनूठा–4
27.स्वदेश,मातृभूमि–3
28.जनता,आम लोग –2
30.मैं का बहुवचन–2
31.अभिरुचि,तल्लीनता–3
32.जनता की राय–4
34.उपाधि,पदवी–4
35.देहरी,चौखट–4
38.कक्ष,रूम–3
40.बटाणा,काबुली–3
42.स्तर,परत–2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान–2

**शब्द पहेली- 5691 का हल**




## सूडोकू नवताल 5705

✱ ✫ ✫ ✫ ✫ सरल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नवताल - 5704 का हल**





# अब ज्यादा फिल्में करने का लिया है फैसला : आमिर

**नई दिल्ली।** हाल ही में अभिनेता आमिर खान ने अपने आने वाले दस साल के प्लान के बारे में बताया है। एक इंटरव्यू में आमिर ने कहा, 'मैंने अपनी जिंदगी में कभी भी एक साथ छह फिल्में नहीं की हैं। इस बार, मेरे पास इसके लिए अपनी वजह थी।' उन्होंने कहा, 'जब मैंने आखिरकार तय किया कि, 'ठीक है, मैं अभी फिल्में नहीं छोड़ूंगा', तो मेरे दिमाग में अगला विचार आया कि शायद ये मेरे कामकाजी जीवन के आखिरी 10 साल हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'आप जीवन पर भरोसा नहीं कर सकते, हम कल मर सकते हैं। इसलिए, मैं कह रहा हूं कि मेरे पास जीवन के लगभग 10 साल हैं। 'मैं 59 साल का हूं। जब तक मैं 70 साल का हो जाऊंगा, तब तक मैं उम्मीद करता हूं कि मैं अपना काम से लोगों को कुछ न कुछ देता रहूंगा।



लाइफ Style

# श्रद्धा तुरंत कर दी 'नागिन' के लिए हां


बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने स्त्री बनकर बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया। अब श्रद्धा कपूर के फैंस के लिए एक खुशखबरी आई है। उनकी आनेवाली फिल्म को लेकर अपडेट आया है। श्रद्धा कपूर अब नागिन बन दर्शकों के दिलों पर राज करेंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म को लेकर अपडेट फिल्म के प्रोड्यूसर निखिल द्विवेदी ने दी है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार हो चुकी है। निखिल द्विवेदी ने कहा कि जब श्रद्धा कपूर को ये फिल्म ऑफर हुई तो उन्होंने तुरंत हां कर दी। वो सबसे पहले इस फिल्म का हिस्सा बनी थीं। निखिल ने बताया कि वो श्रद्धा के पास फिल्म के आइडिया के साथ पहुंचे थे, और वो इस आइडिया पर मान गईं। उन्हें फिल्म के शूट शुरू होने का इंतजार है। 'हम बस सोच रहे हैं कि फिल्म को फ्लोर पर किस तरह लाया जाता है, अगले साल तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है।' निखिल ने कहा, 'पहली बात तो ये पूरी तरह से नया सब्जेक्ट है। इसका कोई भी कनेक्शन पहले बनी फिल्मों से नहीं है।

फिल्म बनाने का कारण यह है कि भारतीय लोककथाएं विचारों से भरी हुई हैं। हम बहुत उत्साहित हो जाते हैं जब कोई मकड़ी एक आदमी को काटती है, और वो स्पाइडमैन बन जाता है। लेकिन, जब कोई महिला सांप बन जाती है तो हम उसे बहुत हेय नजर से देखते हैं। हमें एक मौका दें, और हम लोगों की ये सोच बदल देंगे।' निखिल ने कहा कि आप एक अलग और सुपरनैचुरल फिल्म देखेंगे।

हॉलीवुड मसाला



# टॉम्ब रेडर सीरीज के लिए दिया ऑडिशन

लॉस एंजिल्स। लोकप्रिय वीडियो गेम फ्रैंचाइज पर आधारित टॉम्ब रेडर सीरीज एमी विजेता फ्लीबैग निर्माता फोबे वालर-ब्रिज द्वारा बनाई जाएगी। इस सीरीज के लिए अब लारा क्रॉफ्ट की भूमिका के लिए सोफी टर्नर से बातचीत हो रही है। गेम ऑफ थ्रोन्स में सैंसा स्टार्क की भूमिका के लिए मशहूर सोफी टर्नर कथित तौर पर प्राइम वीडियो के लिए आने वाली टॉम्ब रेडर सीरीज में हॉलीवुड स्टार लारा क्रॉफ्ट की प्रतिष्ठित भूमिका निभा सकती हैं। यह सीरीज लोकप्रिय टॉम्ब रेडर वीडियो गेम प्रैंचाइजी पर आधारित है, जिसे पहले एंजेलीना जोली और एलिसिया विकेंडर ने निभाया था।



# सुपरहीरो डैड बनना चाहते हैं क्रिस इवांस

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार क्रिस इवांस मार्वल्स एवेंजर्स में कैप्टन अमेरिका के किरदार के लिए प्रसिद्ध हैं। लेकिन, अब क्रिस एक सुपरहीरो पिता बनना चाहते हैं। फिल्म रेड वन के प्रमोशन के दौरान क्रिस ने कहा, 'पिता बनना काफी रोमांचक होगा।' एवेंजर्स अभिनेता ने सितंबर 2023 में पत्नी अल्बा बैप्टिस्टा के साथ शादी की थी और अपनी शादी के छह महीने बाद 2024 वैनिटी फेयर ऑस्कर पार्टी में एक जोड़े के रूप में रेड कार्पेट जलवा बिखेरा था'। कैप्टन अमेरिका अभिनेता ने अपने सह-कलाकार ड्वेन जॉनसन के साथ अपनी आगामी फिल्म रेड वन का प्रमोशन किया और जब उनसे पूछा गया कि क्या वह जॉनसन की तरह पिता की भूमिका निभाना चाहेंगे, जो तीन बेटियों के पिता हैं, तो इवांस ने कहा 'हां, मुझे उम्मीद है।



# ऋद्धिमा ने ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**मुंबई।** रिद्धिमा कपूर साहनी फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स सीजन 3 में अपने ऑनस्क्रीन डेब्यू के बाद से ही सुर्खियों में हैं। शो में उनका व्यवहार लोगों को काफी पसंद आया। हाल ही में, उन्होंने अपने परिवार, भाई रणबीर और विशेष रूप से भाभी आलिया भट्ट की लगातार और अनावश्यक ट्रोलिंग के बारे में खुलकर बात की। शो से मिली सराहना के बारे में रिद्धिमा कपूर साहनी ने एक साक्षात्कार में शोबिज के अंधेरे पक्ष और ट्रोलिंग पर चर्चा की। उन्होंने कहा, 'लोग हमेशा कुछ न कुछ कहने के लिए ढूंढ़ लेते हैं। लोग मानते हैं कि यह सब विशेषाधिकार के बारे में है, लेकिन वे यह नहीं देखते कि हम क्या करते हैं। फिल्म इंडस्ट्री में कनेक्शन रखने वाले लोगों को 'विशेषाधिकार प्राप्त' होने के नाम पर ट्रोल किया जाता है, इसलिए रिद्धिमा ने उन्हें समझाया कि विशेषाधिकार प्राप्त होने का मतलब है एक प्यार भरा परिवार होना और संतुष्ट महसूस करना।



# हॉलीवुड म्यूजिक इन मीडिया अवार्ड में नामांकन

**मुंबई।** पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'आदु जीविथम - द गोट लाइफ' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी हिट रही। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को कहा अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इसके गानों को ए.आर. रहमान ने बनाया है। अब यह फिल्म हॉलीवुड म्यूजिक इन मीडिया अवाड्र्स 2024 के लिए आधिकारिक घोषणा की गई है। ए.आर रहमान को दो फिल्मों के लिए नामांकित किया गया है। इसमें उनके 'पेरियोन' गाने को भी शामिल किया गया है। इस गाने के बोल रफीक अहमद ने लिखे हैं। वहीं, दूसरे नामांकम में ए.आर रहमान को फिल्म 'आदु जीविथम - द गोट लाइफ' के संगीत निर्देशन के लिए नामांकित किया गया है। हॉलीवुड म्यूजिक इन मीडिया अवाड्र्स 2024 में फिल्म, गेम्स और अन्य चीजों में प्रयोग किए जाने वाले संगीत का नामांकन किया जाता है।

टीवी मसाला



# अभिषेक को 'कौन बनेगा करोड़पति 16' में बुलाकर पछताए बिग बी

**नई दिल्ली।** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन इन दिनों लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' को होस्ट करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, शो के आने वाला एपिसोड काफी खास और पारिवारिक होने वाला है क्योंकि सेट पर बिग बी के लाडले अभिषेक बच्चन गेस्ट के रूप में नजर आने वाले हैं। अभिनेता अपनी फिल्म आई वांट टू टॉक का प्रचार करते नजर आएंगे, लेकिन प्रोमो की रिलीज के बाद ऐसा लग रहा है कि अभिनेता अपने फैसले पर पछता रहे हैं। हाल ही में, शो के निर्माताओं ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर प्रोमो शेयर किया। इसकी शुरुआत अभिषेक के अपने पिता के सामने हॉट सीट पर बैठने से होती है। जब भी कोई प्रतियोगी क्विज शो में पुरस्कार जीतता है। अभिषेक अमिताभ को '7 करोड़' चिल्लाने की अपनी नकल के साथ ट्रोल करते रहते हैं। उनका कहना है कि अमिताभ अपने परिवार के साथ घर पर खाना खाते समय भी '7 करोड़' चिल्लाने से खुद को रोक नहीं पाते। अमिताभ खुश होते हैं और कहते हैं, 'गलती कर दी इनको यहां बुला के।' प्रोमो में अभिषेक की आई वांट टू टॉक के निर्देशक शूजित सरकार को स्टूडियो दर्शकों के बीच हंसते हुए देखा जा सकता है।

# अभिरा से अपना बच्चा छीनेगी रूही? परिवार के सामने आएगा अरमान और रोहित का सच

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में अभिरा और अरमान ने अपना बच्चा खो दिया है और रोहित ने अपना बच्चा उन्हें दे दिया। रूही कोमा में है



इसलिए वह सब कुछ से अनजान है, लेकिन जल्द ही बड़े ट्विस्ट आने वाले हैं। ये रिश्ता क्या कहलाता है के नए प्रीकैप में हम देखते हैं कि रूही (गरविता साधवानी) को होश आ जाता है। वह एक दुर्घटना का शिकार हो जाती है, जब वह अपने बच्चे का लिंग जानने के लिए एक बाबा के पास जाती है। उसे तत्काल ऑपरेशन करवाना पड़ा और रूही और रोहित (रोमित राज) को एक बेटा पैदा होता है। उसी समय, अभिरा (समृद्धि शुक्ला) गर्भावस्था के सात महीने में प्रसव पीड़ा में चली गई। हालांकि, डॉक्टर उसके बच्चे को नहीं बचा सके। रूही कोमा में चली गई और रोहित ने अपने बच्चे को अरमान (रोहित पुरोहित) और अभिरा को देने का फैसला किया, यह जानते हुए कि उसके भैया और भाभी को फिर से माता-पिता बनने का मौका नहीं मिलेगा।

# 'शॉर्ट पहनने की बात पर भड़कीं'



**मुंबई।** अभिनेत्री नीना गुप्ता अपने बोल्ड अंदाज और तीखे जवाबों के लिए जानी जाती हैं। नीना गुप्ता ने अब एक और तीखा जवाब दिया है। उन्होंने अपने शॉर्ट पहनने की बात पर करीना कपूर को जवाब दिया। अभिनेत्री नीना गुप्ता ने करीना कपूर के साथ किए एक शो के प्रोमो में अपने शॉर्ट्स पहनने की बात को लेकर चर्चा हुई। करीना कपूर ने सवाल किया, बहुत सारे लोगों ने कहा नीना गुप्ता इस उम्र में शॉर्ट्स क्यों पहनती हैं। करीना की इस बात पर नीना गुप्ता ने जवाब दिया, तुम्हारे बाप के पैसे ले के तो नहीं पहनती न। नीना गुप्ता ने कहा, एन्टोरेज संस्कृति पर अपने विचार भी साझा किए। उन्होंने कहा कि अगर निर्माता इसके लिए भुगतान करने को तैयार है तो ये ठीक है। बड़े स्टार का एन्टोरेज तो बड़ा होगा ही। जब निर्माता देता है तो ठीक है। जिन्हें नहीं पता उन्हें बता दें, एन्टोरेज संस्कृति एक ऐसी प्रथा है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता और अभिनेत्रियां अपने साथ कई लोगों को साथ ले आते हैं। इस संस्कृति की कई लोगों ने आलोचना भी की है।

# 'एनबीके 109' का टाइटल टीजर जारी



मुंबई। नंदमुरी बालकृष्ण की नई फिल्म 'एनबीके 109' के निर्माताओं ने शुक्रवार, 15 नवंबर को फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया। फिल्म के पहले लुक वीडियो में नंदमुरी बालकृष्ण को एक डाकू के अवतार में दिखाया गया है और इसलिए इसका शीर्षक डाकू महाराज रखा गया है। अगले साल संक्रांति पर बड़ी रिलीज के रूप में आने वाली यह फिल्म एक ऐसे राजा की कहानी है, जिसने बिना किसी राज्य के लड़ाई लड़ी। यह एक ऐसे व्यक्ति की भी कहानी है, जिसे मृत्यु को भी हिला देने वाले सम्राट के रूप में सम्मानित किया गया। फिल्म का निर्माण करने वाली आधिकारिक प्रोडक्शन कंपनी सीथारा एंटरटेनमेंट्स ने ट्विटर पर फर्स्ट लुक वीडियो साझा किया और नंदामुरी बालकृष्ण को डाकू महाराज के रूप में पेश किया। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में रवि किशन और बॉबी देओल बतौर खलनायक नजर आएंगे, जिसकी झलक टीजर में भी देखने को मिली।

# क्रिसमस पर रिलीज होगी 'बेबी जॉन'

**नई दिल्ली।** वरुण धवन 'सिटाडेल हनी बनी' की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। अब वे अपनी अगली फिल्म बेबी जॉन की तैयारी में जुटे हैं। यह फिल्म इस साल क्रिसमस पर रिलीज हो रही है। अब रिलीज से पहले वरुण ने एक वीडियो शेयर किया



है, जिसे देखकर सभी प्रशंसक हैरान रह गए हैं। वे अभिनेता के इस अवतार की तारीफ कर रहे हैं। वीडियो साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेरा जैसे बहुत आए होंगे, लेकिन मैं पहली बार आया हूं। बेबी जॉन का दौर शुरू। इस वीडियो पर फैंस अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। प्रशंसक वरुण के पहले कभी न देखे गए अवतार को देखकर खुश हो रहे हैं। वे उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। और आज अभिनेता ने अपना आभार व्यक्त किया और सभी को धन्यवाद कहा। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वरुण धवन ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने एक नया पोस्टर जारी किया और लिखा, 'बेबी, द लीजेंड अब शुरू होता है। प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद। बेबी जॉन एटली की 2016 की तमिल फिल्म थेरी का रीमेक है। फिल्म में सलमान खान का कैमियो भी होगा।

# अक्खड़ सिंगर, जिसकी अकड़ के आगे मामूली थे राज कुमार-राजेश खन्ना की शेखी

ये बॉलीवुड का वो नायाब सितारा है, जिन्होंने न सिर्फ हिट फिल्में दी बल्कि एक से बढ़कर एक सदाबाहर गानें भी गाए। अब तो आपने अंदाजा लगा लिया होगा कि किसकी बात हो रही हैं। राज कुमार, राजेश खन्ना और फिरोज खान के घमंड के बारे में आपने बहुत सारे किस्से और कहानियां पढ़ी और सुनी होगी। ये तीनों सितारे अपने समय के सुपरस्टार रहे हैं। तीनों ही शानदार एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज करते थे।

## बातें सुन सकपका जाते थे फिल्म मेकर्स



**मुंबई।** आज हम आपको बॉलीवुड के उस सिंगर के बारे में बताएंगे, जिसकी बॉलीवुड में अपने 'विनोदी' स्वभाव के लिए काफी बदनाम था। इसके साथ ही वह अपने स्टारडम के आगे किसी को कुछ नहीं समझता था। यहां हम जिस महान शख्सियत के बारे में बात कर रहे हैं वो बॉलीवुड के अलबेले और सहाबहार सिंगर होने के साथ-साथ एक्टर भी रहे। वो हरफनमौला कलाकार अब शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी बेहतरीन आवाज और शानदार कलाकारी ने उन्हें आज भी फैंस के जहन में जिंदा रखा है। राज कुमार, राजेश खन्ना से लेकर फिरोज खान तक के अक्खड़ अंदाज के आपने कई किस्से कहानियां सुनी होंगी। लेकिन, क्या ये जानते थे बॉलीवुड के अक्खड़ सिंगर किशोर कुमार हुआ करते थे। उनके गाने और एक्टिंग के जितने किस्से फेमस हैं। उतने ही उनके मनमौजी व्यक्तित्व के भी किस्से हैं। वह काफी अडियल और मनमौजी सिंगर में एक थे। वह कोई भी काम किसी दवाब में आकर नहीं करते थे।

## संगीत की नहीं ली थी विधिवत ट्रेनिंग

संगीत की विधिवत ट्रेनिंग लिए बिना भी किशोर कुमार ने अपनी आवाज का जादू बिखेरकर लोगों को इससे जोड़ा। जहां इस बात ने उन्हें सबसे अलग बनाया। वहीं, वह अपने अकड़ में आकर अपने साथ काम करने वालों की कभी-कभी बेहद अपमानित कर देते थे। ऐसा ही एक किस्सा ऋषिकेश मुखर्जी संग जुड़ा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक बार की बात है। एक प्रोजेक्ट के सिलसिले में जाने-माने निर्देशक ऋषिकेश मुखर्जी किशोर कुमार से मिलने उनके घर गए थे, लेकिन उनके वाचमैन ने उन्हें घर में घुसने से रोक दिया था और बेइज्जत करके भगा दिया था।

## घर के बाहर लगवा रखा था 'सावधान' का बोर्ड

किशोर कुमार अपने घर के बाहर 'किशोर कुमार से सावधान' का बोर्ड लगवा कर रखा था। एक बार प्रोड्यूसर-डायरेक्टर एचएस रवैल उन्हें पैसे चुकाने घर गए। पैसे देने के बाद जब वह किशोर कुमार से हाथ मिलाने लगे तो उन्होंने रवैल का हाथ मुंह में डाला और काटने लगे, यह देखकर रवैल सकपका गए तो किशोर बोले-क्या आपने साइनबोर्ड नहीं देखा?

## कोर्ट की मदद मांगी थी डायरेक्टर ने

कहा तो ये भी जाता है कि किशोर कुमार मनमौजी और अडियल स्वभाव की वजह से परेशान एक डायरेक्टर ने कोर्ट की मदद मांगी थी। उसने बाकायदा कोर्ट से एक एग्रीमेंट लिया, ताकि अगर शूटिंग के दौरान किशोर उनकी बात न मानें तो वह उनपर केस कर सके। ऐसा ही एक किस्सा मशहूर फिल्मकार बलदेव राज चोपड़ा के साथ ही जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि पारिवारिक रिश्ते के चलते किशोर चोपड़ा के पास काम मांगने गए तो उन्होंने कुछ शर्तें रख दी। इसका बदला उन्होंने डायरेक्टर से बखूबी लिया था।

# 6 जिले के 389 गांव के ग्रामीण आदिम युग में जीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर संभाग के 6 जिलों के लगभग 389 गांव ऐसे हैं, जहां लोग आज भी अंधेरे में जीने को मजबूर हैं। ऐसे गांवों में आजादी के बाद से आज तक बिजली नहीं पहुंच पाई है। आजादी के 77 साल बाद भी यहां के ग्रामीण बिजली जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी इनकी सुनने वाला कोई नहीं है। बिजली नहीं होने की वजह से बच्चों को पढ़ाई की समस्या होती है। वहीं किसान भी खेती के लिए पूरी तरह से मौसम पर ही निर्भर हैं। इतना ही नहीं ऐसे गांव घने जंगल में ग्रामीणों को जंगली जानवरों का भी मुकाबला करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार बिजली ना होने की वजह से रात के समय कई बार लोग सर्पदंश का शिकार हो जाते हैं। विद्युत कंपनी के अनुसार ऐसे गांव हैं जो पहुंचविहीन दुर्गम सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने से अब तक सड़क नहीं बन सकी यही कारण है कि, बिजली नहीं पहुंच सकी।

### 3 जिलों में सबसे ज्यादा गांव अंधकार में

बस्तर जिले में 4, दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 203, कांकेर में 26, कोंडागांव में 4 और नारायणपुर जिले में 145 गांव हैं जहां बिजली नहीं है। इसमें से बीजापुर जिले के फरसनार, करपे, गर्तुल, अरेंपल्ली, गुंडापुरी, गुंडनगुर, करकवाड़ा, चिपनपल्ली, जारागुड़ा, छोटेकाकलेर, चेरपल्ली, पिलूर, अन्नापुर, साफीमरका, भंडारपाल, नारायणपुर जिले के हिक्कोनार, टिरकानार, तुरुसमेटा, होड़नार, सुरेवाही, अंजरेल, टेमरूगांव, बोरानिरपी, कोडोनार गांव आदि शामिल हैं।

### 77 साल बाद भी ग्रामीण बिजली की सुविधा से वंचित



### ग्रामीणों के पास मोबाइल नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि, इसमें से कुछ गांवों में सौर ऊर्जा से रोशनी देने का प्रयास किया है, लेकिन ज्यादातर खराब होने से ग्रामीण अंधेरे में रहते हैं। इसके चलते ग्रामीणों के पास मोबाइल नहीं है, क्योंकि मोबाइल को चार्ज करने के लिए बिजली की जरूरत होती है।

### खंभे व ट्रांसफार्मर पहुंचना मुश्किल

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि सड़क बनने से अविद्युतिकृत गांवों में बिजली पहुंचेगी। सड़क नहीं होने से ट्रकों से पोल, ट्रांसफार्मर गांव तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके चलते बिजली नहीं पहुंच पा रही है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल जा रहे बच्चे की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत

**महासमुंद।** सायकल से स्कूल जा रहे 9 साल के बच्चे की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। मामले में सिंघोड़ा थाने में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। प्रार्थी लक्ष्मण पटेल पिता गंगाधर पटेल का भतीजा रितिक पटेल पिता स्व. मुनिराज पटेल (9 साल) 14 नवंबर की सुबह 8:30 बजे अपनी सायकल से पढ़ाई करने सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम कलेंडा जा रहा था। राम कलेंडा के दशरथ सेठ घर के सामने आइशर ट्रैक्टर सीजी 04 डीएम 3161 के चालक तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट करने से रितिक पटेल के पैर, सीने, नाक, बांये पैर के जांघ में गंभीर चोट लगी।

### कार से उठाईगिरी मामले में रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** कलेक्टर कार्यालय स्थित समाज कल्याण विभाग के सामने 14 नवंबर को कार का शीशा तोड़कर तीन लाख रुपए चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। द्रोण कुमार चंद्राकर निवासी बावनकेरा 14 नवंबर को गांव से महासमुंद केसीसी का पैसा निकालने के लिए पंजाब नेशनल बैंक महासमुंद अपनी कार क्र. सीजी 04 पीवाय 3242 से ममेरा भाई विनोद चंद्राकर के साथ पहुंचा। पीएनबी में दोपहर करीब 2.40 बजे केसीसी खाता से 3 लाख रुपए आहरण कर कार के डेश बोर्ड में रखा था। इसके बाद दोनों कार से कलेक्टर परिसर समाज कल्याण विभाग गए, दोपहर करीब 3.10 बजे कार को समाज कल्याण विभाग के सामने खडी कर लॉक करके दोनों मत्स्य विभाग के अधिकारी से मिलने गए लौटने पर कार का शीशा टूटा मिला और डेशबोर्ड में रखा रुपया भी नहीं मिला। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# आंध्रप्रदेश के पीडीएस चावल को नान में खपाने की थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

विकासखंड बकावंड के ग्राम छोटे देवड़ा के नारायण राइस मिल में पकड़े गए आंध्रप्रदेश के पीडीएस के चावल को नागरिक आपूर्ति निगम में खपाने की तैयारी थी। इसका खुलासा मामले की जांच में हुआ है। जांच रिपोर्ट बकावंड एसडीएम ने कलेक्टर को सौंप दी है। गौरतलब है कि तहसीलदार नीतेश वर्मा, पुलिस और खाद्य विभाग की टीम ने बीते दिनों छोटे देवड़ा की नारायण राईस मिल में रात के समय तीन ट्रकों से अनलोड हो रहे 1500 बोरी चावल को जप्त किया था। टीम ने तीनों ट्रकों को भी जप्त कर लिया है। यह चावल आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा की एक राइस मिल से यहां पहुंचा था। ट्रक ड्राइवर से बरामद ई वे बिल चावल को ओड़िशा ले जाने के लिए कटा था। खबर है कि जप्त चावल आंध्रप्रदेश शासन की सार्वजनिक वितरण प्रणाली का है। राइस मिलर अपने कोटे के शेष बचे चावल के रूप में इसी चावल को छत्तीसगढ़ शासन के नागरिक आपूर्ति निगम में खपाने की फिराक में था, मगर उसके पहले ही मामले का भंडाफोड़ हो गया।




### जांच रिपोर्ट कलेक्टर के सुपुर्द

छोटे देवड़ा की राईस मिल में तहसीलदार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जांच रिपोर्ट को कलेक्टर के सुपुर्द किया जा चुका है।

**- ऋषिकेश तिवारी**
एसडीएम, बकावंड

## उड़नदस्ता दल ने 452.4 क्विंटल अवैध धान जब्त किया


**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में धान के अवैध भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खाद्य अधिकारी ने कहा कि उड़नदस्ता दल द्वारा सुयश ट्रेडर्स ग्राम कोलियारी में शत्रुघन सोनकर एवं न्यू सुयश ट्रेडर्स ग्राम कलारतराई में और शीतलकुमार बग्गा ग्राम संबलपुर के प्रतिष्ठान की आकस्मिक जांच की गई। सुयश ट्रेडर्स ग्राम कोलियारी में 291 कट्टा (116.4 क्विंटल), न्यू सुयश ट्रेडर्स ग्राम कलारतराई में 786 कट्टा (314.4 क्विंटल) तथा शीतल कुमार बग्गा ग्राम संबलपुर की दुकान में 54 कट्टा (21.60 क्विंटल) अवैध धान का भण्डारण पाए जाने पर उक्त तीनों फर्म संचालकों के विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर कुल 452.4 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया।

# जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

मदनवाड़ा थाना क्षेत्र से 5 किलोमीटर दूर खुरसेकला के जंगल में किसी घातक रणनीति को अंजाम देने माओवादियों की घातक टीम आरकेबी डिवीजन कमेटी जंगल मे दस्तक दिए हुए थे, जिस पर आज देर शाम मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की डीआरजी टीम नक्सली खेमे में पहुंच गए। फोर्स को देखकर अपना पूरा सामान छोड़कर नक्सली जंगल से भाग खड़े हुए।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के सीमावर्ती महाराष्ट्र-कांकेर सीमा पर बीते दो-चार दिनों से नक्सली हलचल की सूचना पर पुलिस कप्तान वाईपी सिंह के निर्देश पर एंटी नक्सल यूनिट डीआरजी की टीम पूरी तैयारी के साथ मदनवाड़ा जंगल क्षेत्र में सर्चिंग अभियान पर थी। आज दोपहर बाद फोर्स नक्सलियों की तलाश में मदनवाड़ा थाना क्षेत्र से 5 किलोमीटर दूर खुरसेकला के जंगल में दाखिल हुए। इस दौरान नक्सली



सुरक्षा बल के जवानों को देख वहां से भाग निकले। मौके से बेहद संख्या में नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। खबर लिखे जाने तक फोर्स धीरे-धीरे सकुशल जिला मुख्यालय मोहला लौटने के क्रम में लगे रहे।

### सामान बरामद

मुठभेड़ में बेहद सामान बरामद किया गया है। हमारी फोर्स सकुशल है। नक्सलियों के खिलाफ आगे भी निर्णायक कार्रवाई की जाएगी।

**- वाईपी सिंह,** एसपी,
मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी

### इन थानों और चौकियों से निकली थी फोर्स

पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देश में थाना मदनवाड़ा के खुरसेकला जंगल में माओवादियों की उपस्थिति के सूचना पर डीआरजी मानपुर टीम, बसेली आईटीबीपी 44वीं वाहिनीं एवं मदनवाड़ा कैंप से आईटीबीपी 27वीं वाहिनीं की पार्टी नक्सल विरोधी अभियान में रवाना हुई थी। डीआरजी टीम सर्चिंग करते जंगल की ओर बढ़ रही थी, तभी खुरसेकला जंगल में नक्सली छुपकर पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने लगे। जिसमें डीआरजी टीम द्वारा जवाबी फायरिंग की गई। घटनास्थल पर नक्सलियों के दैनिक उपयोग की सामग्री व अन्य सामान जब्त की गई है।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment**
**आवश्यकता**

**ऑफीसर**

आवश्यकता है- लाइफ प्लानिंग ऑफीसर रिलायंस निप्पोन लाइफ इंश्योरेंस पात्रताः- विवाहित महिला, स्नातक उम्र 30+, सैलरी+ इंसेंटिव+(ESIC+PF) TA+ Promotion **स्थानः- सिमरन टॉवरए 3rd फ्लोर पंडरी रायपुर संपर्क- 9036055689. (राकेश)**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- Hari group हेतु सिक्योरिटी गार्ड - 40, सुपरवाइजर - 05, फील्ड आफिसर (अनुभव 05 वर्ष) - 03, लेडीज गार्ड - 10, हाउसकीपीग बाई - 10, गनमेंन 05 वेतनमान - 10500 से 15000/- **स्थान - कृष्णा प्लाजा अश्वनी नगर सुन्दरनगर रायपुर मोब - 7509025000, 8085435101.**(RO-5994)

आवश्यकता है- भरोसेमंद सिक्युरिटी व हाउस कीपिंग के लिए संपर्क करें। सिक्युरिटी व हाउसकीपिंग जॉब के लिए लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। **सम्पर्क- निरुपमा सिक्युरिटी व हाउसकीपिंग सर्विस मो. 9179159106.**(RO-5993)

**ऑपरेटर/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- बिलिंग ऑपरेटर, सेल्स गर्ल, ब्वॉय, हमाल, हेल्पर, टाटा एस कार ड्राइवर, गार्ड की आवश्यकता है। **संपर्क- गोकुल सुपर बाजार, पंडरी कपड़ा मार्केट के पास, रायपुर 74897-70673, 98261-83000.** (RO-193)

**सुरक्षागार्ड**

तत्काल आवश्यकता है- बंगलो एवं ऑफिस मे कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड एवं घरेलु नौकर की अनुभव- 5 से 10 वर्ष उम्र 25 से 35 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.**(RO-3095)

**छोटा विज्ञापन**

**अकाउन्टेंट/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- accountant- 7 (male), asst accountant- 7 (male/female), tally operator -7 (male/female), receptionist calling- 1 (female), salary as per experience sent resume - hrraipur1977@gmail.com (RO-3097)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- थोक कपड़े व्यवसाय में केवल पुरूष अनुभवी सेल्समेन एंव साड़ी, हैंडलूम और सुटिंग शर्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (RO-1647)

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.** (RO-3102)

आवश्यकता है- सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है **ओम ज्वलेर्स शॉप नं.- 64b इंदिरा मार्केट दुर्ग** (आरो नं.-6395)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- रेडिमेट कपड़े के दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है, बायोडाटा सहित **सम्पर्क करें - प्रिया ड्रेसेस, मालवीय रोड रायपुर मोबाइल 8839050010, 9584000007.** (RO-4507)

**विज्ञापन बुकिंग टाइम**
**सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक**

आवश्यकता है- प्लास्टिक दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार स्वयं आकर ही **संपर्क करें प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261- 13735 समय 11:00 से 8:00 बजे**(RO-7410)

**सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- प्लांट सुपरवाइजर की आवश्यकता है। मिलें. **कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी,रायपुर छ.ग.मो नं. 7400700030.** (RO-1785)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- नर्सिंग स्टाफ, OT टेक्नीशियन ड्रेसर, कंपाउंडर, PRO, (मार्केटिंग) अनुभवी को प्राथमिकता रहने की सुविधा- **कैलाश कांता हॉस्पिटल जोरा रायपुर 9300734153, 0771-2994153.**(RO-1007)

आवश्यकता है- महिमा हॉस्पिटल, उतई भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड- 491107 मे स्टाफ की आवश्यकता हैः- MBBS- 5पद, BSC/ GNM/ ANM (Nursing)- मेल 10- पद/फीमेल 10-पद, ICU इंचार्ज- मेल 10- पद/ फीमेल 10- पद, BAMS Dr.-5 पद ,X Ray Tech.-5 पद, Lab Tech.-5 पद,OT Tech.-5 पद,फ्लोर मैनेजर (12वी पास) - 5पद, Sonologist-2 पद, Radiologist- (MD/DMRD/DNB/DMRE )-2 पद, मेडिकल स्टॉर्स में काम करने हेतु अनुभवी/नये लड़के चाहिए-5 पद, **संपर्क करें- 93031-58018, 75870-08451, 99071-27097** (आरो नं. 6393)

**डिलिवरी/ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- कोरियर मे डिलिवरी बाईकर, ड्राइवर एवं आंफिस में कम्प्यूटर कार्यहेतु होशियार लड़के चाहिए। समय 11 से 10 **जीएमएस कोरियर ए-4, पगारिया काम्प्लेक्स, पुराना बसस्टैंड, पंडरी रायपुर 9399676408.**(RO-343)

**पैकिंग कार्य/सेल्समैन**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) में बंडल खोलने पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एंव सेल्समैन की आवश्यकता एवं बिलिंग (TALLY) के लिए लड़का / लड़की की आवश्यकता है **मोबाइल- 7067048454.** (RO-6403)

**ड्राइवर**

आवश्यकता है- रायपुर शहर हेतु कुशल, अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है। पुरानी बस्ती, लाखेनगर, अश्वनीनगर, रायपुरा निवासी को प्राथमिकता। प्रातः 08 से 11 बजे तक **संपर्क करें :- 9329100263.** (RO-905)

आवश्यकता है- तेलीबांधा रायपुर के पास ऑटोमेटिक कार चलाने के लिए अनुभवी घरेलू कार ड्राइवर की आवश्यकता है **संपर्क करें- 97541-60228.** (RO-1233)

**सेल्समैन/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- साड़ी शोरूम में काम करने हेतु सेल्समैन एवं अकाउंटेंट कम्प्यूटर ऑपरेटर 2, ड्राइवर 1 की आवश्यकता है, सिर्फ लड़के ही **संपर्क करें:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रायपुर Mob. 9425216364, 9425522576.** (RO-3091)

**पैकिंग/हेल्पर कार्य**

आवश्यकता है- पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है रूम बिजली की सुविधा फ्री है **सम्पर्क करें- बंजारी मन्दिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534.**(RO-35958)

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें**
**62638-18152**

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सर्जिकल आफिस में सामान छोडने, लाने हेतु लडको की आवश्यकता है। योग्यता,10 वी, 12 वी,स्वयं की बाईक अनिवार्य **संपर्क करेः- रामा मेडिटेक ,गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर -15/ A, रायपुर 7089933233.**(RO-200)

**टैलीकॉलर**

आवश्यकता है- एक प्रतिष्ठित कलेक्शन एजेंसी को निम्नलिखित पदों की आवश्यकता हैं टीमलीडर (फीमेल) एंड टेलिकॉलर(फीमेल) पद 25 सैलरी : 7000-15000 Mail :egenesis.2023@gmail.com, Contact - **9584316317, 9589049626 हेडऑफिस :- ई-जेनेसिस फाइनेंसियल सोलूशन्स, दक्षिणगंगोत्री सुपेला, भिलाई** (आरो.- SP/891)

**अन्य**

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.**(RO-814)

**अन्य**

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G **कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त)** NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें :- 9102935834** (RO-3051)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त ) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, CALL // WHATSAPP करे : - **7762065867.**(RO-3083)

**Astrology**
**ज्योतिष**

ज्योतिष - छत्तीसगढ़िया ज्योतिष विचार दिखाइया "बईगा" सब्बो समस्या के समाधान काली माई के शक्ति से पूजा पाठ लड़ाई- झंझट, जुन्ना बीमारी, बैरीले छुटकारा, बिहाव में देरी, लइका होय में देरी, पढ़ई में मन नई लागय ता एक बार अवश्य मिलव **मो. 8461886239.**(RO-6000)

**Property**
**प्रापर्टी**

**प्लाट/मकान**

बेचना है - कुम्हारी में लोट्स फेस-5 में शानदार ऑफर! अब टी.एन.सी अप्रूव्ड प्लॉट्स पर 90% बैंक फाइनेंस के साथ 1100/- से घटकर केवल 851/- प्रति वर्गफीट पर उपलब्ध। ऑफर सिर्फ इस महीने के 30 तारीख तक है और प्लॉट्स सीमित हैं। ब्रोकर संपर्क न करें। केवल इन्वेस्टर्स संपर्क करें। **मोबाइल: - 9165586666, 9584444523.**(RO-3100)

बेचना है- दुर्ग जिले में प्लॉट मकान कृषि भूमि सबसे बढ़िया दाम में बेचने और खरीदने का सबसे भरोसेमंद नाम परिहार प्रोपर्टीज **07389902902, 7389312902 कृपया विवादित सौदे ना लाए।** (आरो.-SPD/829)

**हरिभूमि क्लासीफाईड**

बेचना है - नई राजधानी निमोरा में फार्म हाउस के लिए प्लॉट्स उपलब्ध! मंत्रालय से मात्र 5 किमी की दूरी पर शानदार लोकेशन में फार्म हाउस के लिए प्लॉट्स। विभिन्न साइज उपलब्ध- 10,000, 5,000, 2,500 वर्गफीट रेटः- केवल 431 रुपए प्रति वर्गफीट इस बेहतरीन अवसर को हाथ से न जाने दें! **संपर्कः- 9165586666, 9584444523.**(RO-3099)

बेचना है - 1000- 1000 वर्गफीट के 2 आवासीय डाइवर्टेड कॉर्नर प्लॉट, शिवम एजुकेशन के पास, सत्यम विहार कॉलोनी, रायपुरा, अर्जेंट बेचना है। 90% बैंक फाइनेंस की सुविधा। **संपर्क करें:- 9165586666, 9584444523.**(RO-3098)




**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


# पेण्ड्रा में तीन करोड़ 80 लाख रुपए की रायल्टी सप्लाई गड़बड़ी, वन विभाग ने बिना पर्ची देखे भुगतान कर दिया

**बिलासपुर।** तीन करोड़ 80 लाख रुपए की रायल्टी सप्लाई में गड़बड़ी के मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। शासन के वकील ने बताया कि जांच रिपोर्ट के अनुसार रॉयल्टी का भुगतान न करने के लिए ठेकेदार के विरुद्ध अनुमानित वसूली 1 करोड़ 24,520 रुपए बनती है। इस वसूली के संबंध में अभी पूरी जानकारी ली जा रही है। हाईकोर्ट ने दो सप्ताह का समय देकर सुनवाई निर्धारित की है।

■ जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

पेंड्रा क्षेत्र में वन विभाग के अंतर्गत 121 एनिकटों का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिये बड़ी तादाद में ट्रकों हाइवा के जरिये रेत, गिट्टी आदि खनिजों की सप्लाई की गई। इसमें हरेक वाहन से रायल्टी रसीद लेकर ही फिर बिलों का भुगतान किया जाना था। वन विभाग ने रायल्टी की पर्ची देखे बिना ही खनिज परिवहनकर्ता को पूरा भुगतान कर दिया। इसे लेकर स्थानीय सामजिक कर्यकर्ता और अधिवक्ता पुष्पराज सिंह ने विभाग में अभ्यावेदन दिया। जानकारी मिली कि रायल्टी पर्चियां वन संरक्षक बिलासपुर ऑफिस में हैं। पुष्पराज सिंह की शिकायत के बाद माइनिंग विभाग ने अपनी ओर से जांच शुरू की। इस बीच उन्होंने एडवोकेट भास्कर प्यासी के जरिए हाईकोर्ट में जनहित याचिका पेश की।



### कोर्ट में एक भी रसीद पेश नहीं की गई

पूर्व में हुई सुनवाई में शासन ने कहा था कि, रायल्टी की रसीदें हमारे वन विभाग कार्यालय में उपलब्ध हैं। याचिकाकर्ता की ओर इसका विरोध किया गया और कहा गया कि कोर्ट में इन्होने एक भी रसीद पेश नहीं की है। डीबी ने शासन के जवाब पर याचिकाकर्ता को भी प्रत्युत्तर पेश करने का निर्देश दिया था। सात नवंबर को हुई सुनवाई में राज्य के अधिवक्ता ने बताया कि दिनांक 15 अक्टूबर 2024 की जांच रिपोर्ट के अनुसार, रॉयल्टी का भुगतान नहीं करने के लिए ठेकेदार के विरुद्ध अनुमानित वसूली करीब सवा करोड़ रुपए है। इससे कुछ अत्यधिक खनन भी हुआ था। यह तर्क भी प्रस्तुत किया गया कि संबंधित ठेकेदार से राशि की वसूली के संबंध में सही स्थिति की जानकारी ली जा रही है।

# तेज रफ्तार कार बनी मौत का दूत एक युवक की गई जान, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

गुरुवार शाम को हुई एक सड़क दुर्घटना में जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। अंडा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते गुरुवार को लगभग शाम 4.30 बजे पेट्रोल पंप निकुम के पास बालोद जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूल मोंहदपीठ स्कूल से लौट रही कार सीजी 07 एमए 4102 चला रही शिक्षिका संगीता बड़वाइक ने निकुम में पेट्रोल डलवाने जा रहे ग्राम के दो युवकों को जबरदस्त टक्कर मार दी।

इससे बाइक सवार युवक सड़क पर गिर गए, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटे आने से सड़क पर खून बहने लगा। राहगीरों ने अंडा पुलिस को सूचना दी और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम इलाज के लिए ले गए। वहां पर जीवन पारधी की मौत हो गई। वहीं, दूसरे घायल संतोष पारधी का प्राथमिक उपचार कर संजीविनी एक्सप्रेस से जिला अस्पाताल ले जाया गया, जहां स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वहीं, अंडा पुलिस के एसआई तुलसी राम साहू व पुलिस टीम



घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस इस घटना की विवेचना कर रही है।

### रफ्तार पर नहीं लग रही लगाम

गौरतलब है कि बीते महीने भर पहले घटना स्थल से महज 50 मीटर दूरी पर निकुम के ही युवक संतोष निषाद को अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया था, जिससे उसकी मौत हो गयी थी। बता दें कि क्षेत्र में बीते कुछ महीने से ओव्हर लोड हाईवा, वाहनों की तेज रफतार के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके कारण राहगीरों व ग्रामीणों में हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है। आसपास के लोगों ने वाहनों की रफ्तार पर लगाम लगाने व दुर्घटनाजन्य स्थानों को चिन्हांकित कर सूचना बोर्ड लगवाने की मांग की है।



गुजरात एटीएस और एनसीबी को मिली बड़ी सफलता

# समंदर से पकड़ा गया ड्रग्स का जखीरा, पोरबंदर से 700 करोड़ के नशीले पदार्थ बरामद, 8 ईरानी तस्कर भी गिरफ्तार

◆एनसीबी का अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन ◆अंतरराष्ट्रीय तस्करी मार्गों के लिए भेजा जा रहा था



एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस के एटीएस की तरफ से किए गए संयुक्त अभियान में भारतीय जलक्षेत्र में लगभग 700 किलोग्राम मेथ की एक बड़ी खेप पकड़ी गई। इन ड्रग्स को भारत और दूसरे देशों में सप्लाई किया जाना था।

एजेंसी ▶▶| पोरबंदर

गुजरात एटीएस और एनसीबी ने गुजरात के पोरबंदर में ड्रग्स के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। देर रात चले संयुक्त ऑपरेशन में 700 किलो से ज्यादा ड्रग्स के साथ 8 ईरानी लोगों को पकड़ा गया है। बताया जा रहा है ड्रग्स की कीमत करोड़ों में है। यह गुजरात में नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) का अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन है। एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस के एटीएस द्वारा किए गए संयुक्त रूप से यह अभियान अरब सागर में चलाया गया था। ईरानी जहाज को पकड़ना अंतरराष्ट्रीय ड्रग गिरोह के लिए एक बड़ा झटका है। यह एनसीबी और भारतीय नौसेना की कई महीनों की मेहनत का नतीजा है।

### महीनों की मेहनत का नतीजा

इस ऑपरेशन को गुजरात एटीएस, एनसीबी और भारतीय नौसेना सहित समुद्री सुरक्षा एजेंसियों ने मिलकर अंजाम दिया है। इसके संबंध में महीनों से खुफिया जानकारी इकट्ठा की जा रही थी। पकड़े गए ड्रग्स में हेरोइन और दूसरी नशीली दवाएं शामिल हैं, जिनकी कीमत सैकड़ों करोड़ रुपए बताई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि शिपमेंट पूरे भारत और संभावित रूप से अन्य देशों में बांटने के लिए लगा था, नशीले पदार्थों को शहरी बाजारों और संभवतः अंतरराष्ट्रीय तस्करी मार्गों के लिए भेजा जा रहा था। गुजरात एटीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह गुजरात एटीएस, एनसीबी और भारतीय नौसेना की महीनों की मेहनत का नतीजा है।

### एनसीबी ने शुरू किया था ऑपरेशन

बता दें, इस साल की शुरुआत में एनसीबी ने अधिकारियों की एक टीम बनाकर ऑपरेशन सागर-मंथन शुरू किया था। ये ऑपरेशन अवैध मादक पदार्थों की समुद्री तस्करी से राष्ट्रीय सुरक्षा को होने वाले खतरे का मुकाबला करने के लिए शुरू किया गया था। एनसीबी ने भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के साथ समन्वय करके इस तरह के समुद्री अभियानों की एक श्रृंखला शुरू की है।

### आईएमबीएल की रडार पर था जहाज

*अधिकारियों ने बताया कि भारतीय एजेंसियों को सूचना मिली थी कि एक ईरानी नाव ड्रग्स लेकर भारत आ रही है। नाव का पता भारतीय समुद्री सीमा रेखा आईएमबीएल) रडार की तरफ से लगाया गया, जिसने जहाज को भारतीय जल में एंटर करते ही ट्रैक कर लिया, इससे अधिकारियों को सटीक जांच करने में भी मदद मिली।*

## खबर संक्षेप

### खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला के प्रत्यर्पण की मांग करेगा भारत



**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** भारत ने एक बार फिर से कनाडा में गिरफ्तार किए गए खालिस्तानी आतंकवादी अर्श दीप डल्ला के प्रत्यर्पण की कोशिशें तेज कर दी हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वो कनाडा से डल्ला के प्रत्यर्पण का अनुरोध करेगा। एक्स पर पोस्ट में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पिछले साल 2023 में भी भारत ने डल्ला को गिरफ्तार करने के लिए कनाडा से अनुरोध किया था। लेकिन उस वक्त उन्होंने इससे इंकार कर दिया था।

### भारतीय ग्रिड के माध्यम से नेपाल से बांग्लादेश तक विद्युत आपूर्ति शुरू

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने नेपाल सरकार के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्रालय द्वारा आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम के जरिये बांग्लादेश सरकार के विद्युत, ऊर्जा और खनिज संसाधन मंत्रालय के सलाहकार मोहम्मद फौजुल कबीर खान और नेपाल सरकार के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री दीपक खड़का के साथ संयुक्त रूप से नेपाल से बांग्लादेश तक विद्युत आपूर्ति का उद्घाटन किया। यह ऐतिहासिक अवसर भारतीय ग्रिड के माध्यम से किए गए पहले त्रिपक्षीय विद्युत बिक्री समझौते का प्रतीक है।

### डिजिटल अरेस्ट कर रिटायर्ड इंजीनियर से ठगे 10 करोड़



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रोहिणी में रहने वाले एक बुजुर्ग (70) की जिंदगी भर की कमाई ठगों ने पल भर में ऐंठ ली। इसके लिए साइबर अपराधियों ने पहले उन्हें डिजिटल अरेस्ट किया और उसके बाद 10 करोड़ रुपए से ज्यादा ट्रांसफर करवा लिए। साइबर अपराधियों ने बुजुर्ग से कहा कि उनके पार्सल में ताइवान से कई प्रतिबंधित दवाएं आई हैं। बुजुर्ग डर गए और फिर ठगों ने पुलिस बन कर खातों में जमा रकम एक हजार से ज्यादा अलग-अलग अकाउंट्स में जमा करवा लिया।

### सैंटियागो मार्टिन के कॉरपोरेट कार्यालय से 8.8 करोड़ जब्त

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चेन्नई में रहने वाले 'लॉटरी किंग' सैंटियागो मार्टिन के कॉरपोरेट कार्यालय से शुक्रवार को 8.8 करोड़ रुपए जब्त किए। मार्टिन राजनीतिक दलों को सबसे ज्यादा चंदा देने वालों में से एक था। उसने अब रद्द की जा चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के तहत 1,300 करोड़ रुपए से अधिक का चंदा दिया था। अधिकारियों ने कहा कि 'लॉटरी किंग' के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले की जांच के तहत कई राज्यों में छापे मारे गए। यह कार्रवाई मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में ईडी को मार्टिन के खिलाफ विस्तृत जांच की अनुमति देने के बाद हुई है।

पीएम ने जमुई में 6,640 करोड़ की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की

# कांग्रेस घुसपैठियों को सस्ता सिलेंडर देगी, मोदी उसकी पूजा कर रहा जिसे किसी ने नहीं 'पूजा'

'धरती आबा', 'जनजातीय ग्राम' और 'उत्कर्ष अभियान' योजनाओं का जिक्र किया

एजेंसी ▶▶| जमुई

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह की शुरुआत के अवसर बिहार के जमुई में 6,640 करोड़ की लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य बुनियादी ढांचे में सुधार, प्रशिक्षण देना, और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना है। पीएम मोदी ने जनजातीय उत्थान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया और 'धरती आबा', 'जनजातीय ग्राम' और 'उत्कर्ष अभियान' योजनाओं का जिक्र किया जिनका लक्ष्य 60,000 से अधिक जनजातीय गांवों का विकास करना है।पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने जनजातीय कल्याण के लिए 5 गुना राशि बढ़ाकर 1.25 लाख करोड़ रुपए किया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। घुसपैठियों को सस्ता सिलेंडर देने का वादा किया है।

**पीएम ने कांग्रेस पर साधा निशाना**

**आदिवासी विरासत को मैं सहेज रहा**

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने आदिवासी विरासत को सहेजने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। अनेक आदिवासियों को पद्म पुरस्कार से नवाजा गया। भगवान बिरसा मुंडा के संग्रहालय को आप सभी जरूर देखें।



### एनडीए ने मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया

पीएम मोदी ने कहा कि यह देश आदिवासी भाइयों के बलिदान को कभी नहीं भूल सकता है। एनडीए का सौभाग्य है कि द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने का काम किया। सीएम नीतीश बाबू ने पूरे देश से उन्हें जीताने की अपील की थी।

### महिलाओं ने लोकनृत्य पेश किया

पीएम नरेंद्र मोदी के सामने आदिवासी महिलाओं ने लोकनृत्य पेश किया। पीएम मोदी ने इनके पास जाकर अभिनंदन किया। इसके बाद भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया। पीएम मोदी के साथ सीएम नीतीश कुमार, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, गिरिराज सिंह, चिराग पासवान, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, सम्राट चौधरी, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत कई नेता और मंत्री मौजूद हैं।

**पिछली सरकारों ने इन्हें नहीं पूछा**

जमुई में जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम से पीएम नरेंद्र मोदी की एक तस्वीर खूब वायरल हो रही है। इसमें वह इरुला जनजाति के लोगों के साथ सेल्फी लेते दिख रहे हैं। पहले की सरकारों ने इन्हें कभी नहीं पूछा। पीएम के कार्यक्रम को लेकर आदिवासी समुदायों से संबंधित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा था। तमिलनाडु के अरियालुर जिले के रहने वाले धर्मदुराईजी और एझिलारजी ने भी अपना स्टॉल लगाया था। पीएम मोदी इनसे बातचीत की। इसके बाद इनके साथ सेल्फी भी ली।

### आदिवासी प्रकृति को पूजने वाला समाज

पीएम मोदी ने कहा कि आदिवासियों इलाके में आयुष्मान आरोग्यम मंदिर बनाए जा रहे हैं। प्रकृति प्रेमी आदिवासी समाज की बातें पूरी दुनिया में बताने की कोशिश करता हूं। आदिवासी समाज प्रकृति, सूर्य और वायु को पूजने वाला समाज है। देश के आदिवासी बाहुल्य जिलों में बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव उपवन बनाए जाएंगे। इसमें हजारों पेड़ लगाए जाएंगे।

'धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान'



**समाज के विकास के लिए 8,500 करोड़ देंगे**

पीएम मोदी जमुई जिले के खैरा प्रखंड के बल्लोपुर मैदान पहुंचे। कुछ ही देर में जनजातीय गौरव दिवस पर जमुई से 'धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान' का शुभारंभ किया। पीएम इस अभियान के माध्यम से 18 विभागों की ओर से आदिवासी समाज के लोगों के विकास के लिए 8500 करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात दी।

# 'भारत' से होता देश-समाज का और अधिक प्रमाणिक प्रस्तुतिकरण : जयशंकर

यूएई में अपनी किताब 'भारत क्यों मायने रखता है' के विमोचन कार्यक्रम में बोले विदेश मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने दुबई में मोहम्मद बिन राशिद पुस्तकालय में अपनी किताब 'भारत क्यों मायने रखता है' के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि यह किताब इसलिए मायने रखती है। क्योंकि इसमें शामिल 'भारत' शब्द से देश और समाज का और अधिक प्रमाणिक प्रस्तुतिकरण होता है। आने वाले दशक और शताब्दी में भारत हर किसी के जीवन में बड़ा होगा। वहीं, इससे दुनिया की स्थिति, वैश्वीकरण, प्रौद्योगिकी और डिजिटल उभार के बारे में भी पता चलता है। एक्स पर पोस्ट में विदेश मंत्री ने बताया कि दुबई में पुस्तक विमोचन के दौरान आयोजित एक संवादात्मक सत्र में भाग लिया।

### चीन, अमेरिका दो बड़े किरदार

जयशंकर ने कहा कि अमेरिका और चीन इस किताब के दो बड़े किरदार हैं। जिनकी दुनिया को बदलने में अहम भूमिका है। अमेरिका इसलिए अहम है, क्योंकि वह दो चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। एक में वह अपने आप को दुनिया से जोड़ने के लिए पुनर्गठित कर रहा है तो दूसरे में यह देख रहा है कि दुनिया उसे कैसे देखती है? जबकि अन्य किरदार में शामिल चीन जो बढ़ रहा है और अलग-अलग तरीकों को आगे बढ़ते हुए सीमाओं को जांच रहा है। ऐसे में हमारे सामने बदलती हुई दुनिया है जिसमें ये किरदार हैं। इस किताब में जयशंकर ने अपने चार दशक से अधिक लंबे कूटनीतिक अनुभव को भी साझा किया है।

### बदलती दुनिया के अपने अनुभव बताए

उन्होंने कहा, राजनयिक के तौर पर बिताए गए चार दशक से अधिक के अनुभव से वह कह सकते हैं कि दुनिया तेजी से बदल रही है। मैं अपनी किताब के जरिए यह बताने की कोशिश कर रहा हूं कि यह कैसे हो रहा है? क्योंकि मैं जानता हूं बदलाव हो रहा है, सभी इसे नहीं समझ रहे हैं। इस नजरिए से कहूं तो यह कुछ और साल पहले लिखी गई किताब के जरिए मैं उक्त बदलाव को लेकर अपने अनुभवों को साझा करना चाहता हूं। यहां यह देखना अहम है कि कैसे भारत इन बदलावों से अपने लिए अच्छा कर सकता है। बदलावों के कई पहलुओं पर मैंने किताब में जोर दिया है। इनमें पुराने उदारीकरण के न चलने पर पुनः उदारीकरण, पुनर्संतुलन, वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं की खतरों से बचने की प्रक्रिया शामिल है। इससे कई चुनौतियां बढ़ रही हैं। देश अपनी कूटनीति को आगे बढ़ा रहे हैं। उनका उद्देश्य यह है कि चीजें अचानक हाथ से न निकलें। इस परिदृश्य में भारत भी शामिल है।

### तकनीक, कृत्रिम मेधा का बढ़ता प्रभाव

विदेश मंत्री ने बताया कि दुनिया आज अधिक राष्ट्रवादी, सीमित और आत्म केंद्रित हो गई है। लोगों के जीवन जीने के तरीके में बदलाव आ रहे हैं। तकनीक और कृत्रिम मेधा उभार पर हैं और संबंध बदल रहे हैं। भारत इनकी वजह से कुछ हद तक बदला है।

# दुश्मनों के खिलाफ एकजुट हों भारतीय, गलत 'अर्थ' न निकालें

'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे पर महाराष्ट्र की राजनीति गरमाई, बोले गडकरी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने योगी आदित्यनाथ के नारे बटेंगे तो कटेंगे का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि लोगों को इस नारे का गलत मतलब नहीं निकालना चाहिए और देश के दुश्मनों और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। गडकरी ने ये भी दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य में महायुति गठबंधन की सरकार सत्ता में वापसी करेगी। गडकरी ने कहा कि 'हमारी पूजा पद्धति अलग हो सकती हैं, कुछ लोग मंदिर जाते हैं तो कुछ मस्जिद और कुछ गिरिजाघर, लेकिन आखिर में तो हम सब भारतीय हैं। हमें बटेंगे तो कटेंगे नारे का गलत मतलब नहीं निकालना चाहिए बल्कि आतंकवाद और देश के दुश्मनों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। सभी भारतीयों को एकजुट होना चाहिए और ये किसी को बांटने के लिए नहीं है, लेकिन दुख की बात है कि लोग इसका गलत मतलब निकाल रहे हैं।'

## 22 दिसंबर को 2 पालियों में होगी प्रारंभिक परीक्षा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा की नई तारीख का ऐलान कर दिया है। यह परीक्षा 22 दिसंबर को एक ही दिन में आयोजित की जाएगी।यूपी लोक सेवा आयोग ने गुरुवारको लंबे समय से चल रहे विरोध प्रदर्शन के बाद परीक्षा को स्थगित कर दिया थायूपीपीएससी की वेबसाइट की नोटिस में लिखा है, 'सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 22 दिसंबर को दो सत्रों में आयोजित होगी।

राज ठाकरे ने जारी किया पार्टी का घोषणापत्र

# मराठी भाषा, महिला सुरक्षा, रोजगार के साथ ही शिक्षा सुधार समेत कई वादे किए

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे ने घोषणापत्र जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि 17 नवंबर को जो सभा होनी थी, मैं अब नहीं कर पाऊंगा। ईसी ने अनुमति नहीं दी है। राज ने कहा कि 17 नवंबर को मैं ठाणे और मुंबई में सभा करूंगा। राज ने घोषणापत्र को चार हिस्सों में जारी किया है। इनमें पहले भाग में बुनियादी जरूरतें, जीवन की गुणवत्ता, पर्याप्त भोजन, पेयजल, कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, खेल, बच्चों की देखभाल, प्राथमिक शिक्षा और रोजगार का जिक्र है।




### शिवाजी पार्क में रैली की नहीं मिली इजाजत

चुनाव प्रचार के दौरान महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने कहा कि 17 नवंबर को मुंबई के शिवाजी पार्क में अपनी रैली नहीं करेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि चुनाव आयोग (ईसी) ने इसकी अनुमति नहीं दी है। ठाकरे ने कहा इसके बजाए वह मन से उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर मुंबई और ठाणे विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे।

चीन और पाकिस्तान की आएगी शामत, हर शहर होगा रेंज में

# भारत के पास आ रहा लंबी दूरी का रूसी बॉम्बर टीयू-160

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस लगातार भारत को अपने सबसे ताकतवर बमवर्षक टीयू-160 का प्रस्ताव दे रहा है। भारत के पास अभी तक कोई भी बमवर्षक नहीं है। अगर यह बॉम्बर भारत आता है तो सबसे बड़ा फायदा ये है कि इससे बम, हाइपरसोनिक मिसाइल, सुपरसोनिक मिसाइल या क्रूज मिसाइलें भी दागी जा सकती हैं। यह लंबी दूरी का बमवर्षक है यानी दुश्मन के घर में घुसकर बमबाजी करके वापस आ सकता है। वह भी बेहद शांति से। यह है तुपोलेव टीयू-160 ब्लैक जैक बमवर्षक जिसे व्हाइट स्वान भी कहा जाता है। यह सुपरसोनिक वैरिएबल स्वीप विंग हैवी स्ट्रैटेजिक बॉम्बर है।

■ 45 हजार किलो के बम को लेकर उड़ सकता है

**आकाश में एक मिनट में 14 हजार फीट चढ़ेगा**



### एक बार में 12 हजार किमी उड़ान भरने की क्षमता

*टीयू-160 का इसका विंगस्पैन 182.9 फीट हैं। ऊंचाई 43 फीट है। 40026 फीट की ऊंचाई पर अधिकतम 2220 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से उड़ सकता है। आमतौर पर इसे 960 किमी/घंटा की गति से उड़ाते हैं। यह एक बार में 12300 किमी तक की उड़ान भर सकता है।*

### भारत की सुरक्षा मजबूत होगी

टीयू-160 को भारत अगर छह-छह विमान नागपुर और तंजावुर में तैनात करता है तो ये एक बार में चीन या पाकिस्तान तक उड़ान भर सकता है। अगर इन्हें हिमाचल, बिहार, असम, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश में तैनात किया जाए तो ये चीन के अंदर किसी भी शहर में जाकर बमबारी कर सकता है। इसमें जिस रेंज की मिसाइल लोड की जाएगी, उसके आधार पर यह उड़ान भरेगा। ताकि मिसाइल टारगेट तक पहुंच सके।

### 52 हजार फीट तक उड़ सकेगा

इसकी कॉम्बैट रेंज 2000 किमी है। जिसे सबसोनिक गति में बढ़ाकर 7300 किमी किया जा सकता है। यह अधिकतम 52 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। इसके आसमान में ऊपर चढ़ने की गति 14 हजार फीट प्रति मिनट है। यानी एक मिनट में सवा चार किलोमीटर की ऊंचाई। यह 45 हजार किलो वजन के बम को लेकर उड़ सकता है।

अब सहारनपुर में हरकत

# ट्रेन को डिरेल करने की साजिश पेंड्रोल क्लिप खोल पटरी पर रखा

एजेंसी ▶▶| सहारनपुर



उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में ट्रेन को डिरेल करने की साजिश सामने आई है। सहरानपुर-अंबाला रेल खंड पर सरसावा रेलवे स्टेशन के नजदीक 'पेंड्रोल क्लिप' खोलकर पटरी पर रख दी गई। ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि घटना गुरुवार रात की है, जब रेलवे सुरक्षा बल के गश्ती दल ने सरसावा रेलवे स्टेशन के निकट खंभा नंबर-199 के पास 'पेंड्रोल क्लिप' को पटरियों के ऊपर रखा देखा। तुरंत उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी। 'पेंड्रोल क्लिप' स्लीपर और पटरियों को आपस में जोड़ने का काम करती है। अंबाला मंडल के मंडल रेल प्रबंधक , राजकीय रेलवे पुलिस, आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। डीआरएम मंदीप सिंह ने कहा कि इस बात की जांच की जा रही है कि यह किसकी की शरारत है?

## खबर संक्षेप

### एबीबी को भेदिया कारोबार उल्लंघन के लिए चेतावनी



**नई दिल्ली।** एबीबी इंडिया को उसके दो कर्मचारियों के भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन के मामले में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने आगाह किया है। एबीबी इंडिया ने शेयर बाजार को शुक्रवार को दी सूचना में बताया कि उसे आठ नवंबर, 2024 की तारीख वाला चेतावनी पत्र 14 नवंबर, 2024 को मिला।

### ईआईडी पैरी को 591.66 करोड़ रुपए का मुनाफा

PARRYS
E.I.D.- PARRY (INDIA) LIMITED

**चेन्नई।** चीनी का उत्पादन करने वाली ईआईडी पैरी इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 591.66 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने गत वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (सितंबर) में 781.85 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। लाभ सालाना आधार पर 1,106.75 करोड़ रुपये से घटकर 817.53 करोड़ रुपये हो गया।

### जेपी इन्फ्राटेक ने 88.2 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया

JAYPEE INFRATECH

**नई दिल्ली।** जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड ने सितंबर में समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 88.20 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया है। कंपनी को एक साल पहले इसी अवधि में 588.31 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था 2024-25 की दूसरी तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर 357.92 करोड़ रुपये से घटकर 222.86 करोड़ रुपये रह गई।

### ब्रिटेन की आर्थिक वृद्धि में तीसरी तिमाही में गिरावट



**लंदन।** ब्रिटेन की आर्थिक वृद्धि में तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में गिरावट आई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर की अवधि में वृद्धि दर केवल 0.1 प्रतिशत रही। यह उससे पिछले तीन महीने (अप्रैल-जून) की 0.5 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में कम है और बाजार की 0.2 प्रतिशत की उम्मीद से भी कम है।

### रोसमेर्टा ने 206 करोड़ रुपए का आईपीओ फिलहाल टाला

ROSMERTA Digital Services

**नई दिल्ली।** रोसमेर्टा डिजिटल सर्विसेज ने अपने 206 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम को फिलहाल टाल दिया है। इसे एसएमई (लघु व मझोले उद्यम) के लिए अबतक का सबसे बड़ा आईपीओ बताया जा रहा था जो 18 नवंबर को खुलने वाला था। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम जिसे मूल रूप से 18 नवंबर को खुलना था, को टाल दिया गया '

### जेपी इंफ्राटेक के सीईओ दवे ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** जेपी इन्फ्राटेक लि. के प्रबंध निदेशक और सीईओ आलोक चंपक दवे ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने दवे के स्थान पर अभिजीत गोहिल को नया सीईओ नियुक्त किया है। जेपी इन्फ्राटेक लि. के अधिग्रहण के लिए सफल बोली लगाने के बाद इसका नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है।

### गुरु नानक जयंती पर शेयर मुद्रा व जिंस बाजार रहे बंद

**मुंबई।** गुरु नानक जयंती के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय शेयर, मुद्रा और जिंस बाजार बंद रहे। शनिवार को मुद्रा व जिंस बाजार में रोज की तरह कारोबार होगा। शेयर बाजार में सोमवार से कामकाज होगा।

# चीन की फ्लाइंग कार कंपनी दिसंबर से शुरू करेगी डिलीवरी, कीमत 2.36 करोड़ रुपए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑटोमोबाइल का फ्यूचर बदलने वाला है। आज भले ही लोग सड़कों पर गाड़ियां दौड़ा रहे हैं, लेकिन भविष्य में एयर टैक्सी का दौर आने वाला है। इन्हें ड्रोन टैक्स, फ्लाइंग कार भी कहा जाता है।

- झुहाई के 15वें चाइना इंटरनेशनल प्रदर्शनी में कार पेश की गई

रिपोर्ट के अनुसार, यह फ्लाइंग कार इंडस्ट्री में अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। चीनी इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी एक्सपेंग की सहायक कंपनी एक्सपेंग एयरोहट ने ग्वांगडोंग के झुहाई में 15वें चाइना इंटरनेशनल एविएशन एंड एयरोस्पेस प्रदर्शनी में लैंड एयरक्राफ्ट कैरियर नामक अपनी नई मॉड्यूलर फ्लाइंग कार को पेश किया। खास बात ये है कि इस फ्लाइंग कार को 2000 प्री-ऑर्डर पहले ही मिल चुके हैं।

## चीनी कंपनी एक्सपेंग एयरोहट को मिल चुके 2008 प्री-ऑर्डर

### फुल चार्ज पर 5 से 6 छोटी उड़ान भर पाएगी

लैंड एयरक्राफ्ट कैरियर में एक फ्लाइंग कार और एक पैरेंट व्हीकल (एक हाइब्रिड-इलेक्ट्रिक वैन) होता है, जो फ्लाइंग कार को रिचार्ज कर सकता है। फ्लाइंग कार एक ईवीटीओएल(इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ़ और लैंडिंग) मल्टीकॉप्टर है। जिसमें 6 इलेक्ट्रिक प्रोपेलर और 2 इलेक्ट्रिक डक्टेड पंखे हैं, जो 8 इलेक्ट्रिक मोटर और बैटरी पैक द्वारा ऑपरेट होते हैं। इसमें 2 लोग बैठ पाएंगे। फुल चार्ज होने पर ये 5-6 छोटी उड़ान भर पाएगी। पैरेंट व्हीकल 18 मिनट में फ्लाइंग कार को 30% से 80% तक रिचार्ज कर सकता है।



### हर साल 10 हजार यूनिट की तैयारी

एक्सपेंग एरोहट ने 12 से 17 नवंबर तक आयोजित होने वाले एयरशो चाइना में लैंड एयरक्राफ्ट कैरियर की पहली पब्लिक उड़ान का भी प्रदर्शन किया। जबकि लैंड एयरक्राफ्ट कैरियर फ्लाइंग कार की प्री-सेल 2024 के अंत तक (दिसंबर तक) शुरू होने वाली है। इसका बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन और डिलीवरी 2026 में शुरू होगी। रिपोर्ट के अनुसार, एक्सपेंग एयरोहट गुआंगझोउ में एक उड़ने वाली कार मैनुयुफैक्चरिंग सेंटर का निर्माण कर रही है, जिसकी सालाना प्रोडक्शन कैपेसिटी 10,000 से अधिक यूनिट की होगी।

### कीमत करीब 2.36 करोड़ रुपए

एक्सपेंग एयरोहट की लैंड एयरक्राफ्ट कैरियर फ्लाइंग कार की कीमत लगभग 280,000 अमेरिकी डॉलर (2.36 करोड़ रुपए) है। इसे अब तक 2008 प्री-ऑर्डर मिल चुके हैं। सीएनईवी पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यह फ्लाइंग कार इंडस्ट्री में अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। जिसमें परिवहन, पर्यटन, रियल एस्टेट और टेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर से ऑर्डर आ रहे हैं। खास बात ये है कि मर्सिडीज, बीएमडब्ल्यू, जगुआर, लैंड रोवर जैसी कई कंपनियों की प्रीमियम कारों की कीमतें भी इससे ज्यादा होती हैं।

## वर्ष 2025 में 6.6 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान

# भारत 2024 में 7.2% की वृद्धि हासिल करेगा ब्याज दरों पर यथास्थिति का अनुमान : मूडीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर रेटिंग एजेंसियों ने अपना अनुमान निकाला है। रेटिंग एजेंसी ने अपने आउटलुक में भारत की अच्छी आर्थिक विकास दर को लेकर उम्मीदें जताई हैं और कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है। दुनिया की दिग्गज ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छी ठोस विकास दर और नरम मुद्रास्फीति के साथ आगे बढ़ रही है।

चालू कैलेंडर ईयर 2024 में भारत की जीडीपी के 7.2 फीसदी और इसके अगले साल यानी 2025 में 6.6 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। मूडीज ने 2024 के लिए जीडीपी में 7.2 फीसदी की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगाया है। इसके बाद 2025 में भारत की जीडीपी 6.6 फीसदी और 2026 में 6.5 फीसदी की दर से आगे बढ़ सकती है।

### मूडीज ने दिए ये अनुमान

मूडीज ने भारत के बारे में कहा कि साल 2024 की अप्रैल-जून तिमाही में जीडीपी में सालाना आधार पर 6.7 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। दूसरी तिमाही में खास तौर पर घरेलू खपत में सुधार, मजबूत निवेश और मजबूत मैन्यूफैक्चरिंग गतिविधियों की वजह से जीडीपी में 6.7 फीसदी की बढ़त का आंकड़ा देखा गया है।



- अच्छे आर्थिक विकास दर को लेकर जताई उम्मीद
- अर्थव्यवस्था नरम मुद्रास्फीति के साथ बढ़ेगी
- निकट भविष्य में ब्याज दरों में कमी की गुंजाइश कम

### सब्जियों की कीमतों ने बढ़ाई महंगाई

सब्जियों की कीमतों में तेज उछाल की वजह से रिटेल महंगाई दर 14 महीने के उच्चतम स्तर 6.21 पर पहुंच गई है। ये रिजर्व बैंक के टार्गेट लेवल के ऊपरी छोर से भी ज्यादा है जो थोड़ी चिंता पैदा कर सकती है लेकिन ये आगे चलकर नियंत्रण के स्तर में भी लौटती देखी जा सकती है।



### मूडीज ने दिया ये अनुमान

महंगाई दर को लेकर मूडीज ने कहा कि आने वाले समय में रिटेल महंगाई दर तेजी के बावजूद आने वाले महीनों में रिजर्व बैंक के तय दायरे में होनी चाहिए। इसके पीछे वजह है कि खरीफ फसल की ज्यादा बुवाई और खाने-पीने के भंडार पर्याप्त रहने की वजह से खाने-पीने के सामान की कीमतों में कमी आएगी।

### रिजर्व बैंक के पास सीमित विकल्प

मूडीज ने यह भी कहा है कि भारत के केंद्रीय बैंक यानी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के लिए अब ऐसे विकल्प कम हैं जिसमें वो निकट भविष्य में ब्याज दरों में कमी की गुंजाइश कम ही देख पाएगा। यहां महंगाई दर के लगातार बढ़ने के जोखिमों को देखते हुए ऐसा लगता है कि भारतीय रिजर्व बैंक इस साल तुलनात्मक रूप से सख्त मौद्रिक नीति को बरकरार रखेगा।

### अर्थव्यवस्था तीसरी तिमाही में तेज गति से बढ़ेगी

मैन्यूफैक्चरिंग और सर्विस पीएमआई के एक्सपेंशन, मजबूत लोन ग्रोथ और कंज्यूमर के भरोसे के आधार पर ये कहा जा सकता है कि इस तीसरी तिमाही में स्थिर आर्थिक गति देखने को मिल सकती है। मूडीज ने इस रिपोर्ट में आगे कहा है कि व्यापाक आर्थिक नजरिये से भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है जिसके काफी सारे वित्तीय इंडीकेटर में साफ तौर पर तेजी का अनुमान बना हुआ है।

# भारत से बांग्लादेश को बिजली निर्यात शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नेपाल से भारतीय पारेषण लाइन के माध्यम से बांग्लादेश को बिजली निर्यात शुक्रवार को शुरू हुआ। यह पहला मौका है जब भारतीय ग्रिड के माध्यम से त्रिपक्षीय बिजली सौदा हुआ है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, बिजली मंत्री मनोहर लाल ने डिजिटल माध्यम से बांग्लादेश के बिजली, ऊर्जा और खनिज संसाधन मंत्रालय के सलाहकार मोहम्मद फौजुल कबीर खान और नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री दीपक खड़का के साथ इस व्यवस्था का उद्घाटन किया।

इस कार्यक्रम की मेजबानी नेपाल सरकार के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्रालय ने की। इस व्यवस्था के तहत भारतीय ग्रिड के माध्यम से नेपाल से बांग्लादेश तक 40 मेगावाट तक सीमा पार बिजली पारेषण को मंजूरी दी गयी है। इस बिजली लेनदेन के लिए भारतीय ग्रिड के अंतर्गत शुरुआती और निकासी बिंदु क्रमशः मुजफ्फरपुर सबस्टेशन (मुजफ्फरपुर- ढालकेबार 400 केवी डीसी लाइन) और बेहरामपुर सबस्टेशन (भारतीय क्षेत्र में स्थित बेहरामपुर-बेहरामारा 400 केवी 2xडीसी लाइन) हैं।



- नेपाल से भारतीय पारेषण लाइन के माध्यम से निर्यात
- भारतीय ग्रिड के माध्यम से त्रिपक्षीय बिजली सौदा हुआ

यह पहला मौका है जब भारतीय ग्रिड के माध्यम से त्रिपक्षीय बिजली सौदा हुआ है। भारत सरकार ने नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' की बीते साल 31 मई से तीन जून की भारत यात्रा के दौरान भारतीय ग्रिड के माध्यम से नेपाल से बांग्लादेश तक पहले त्रिपक्षीय बिजली लेनदेन की सुविधा प्रदान करने के अपने निर्णय की घोषणा की थी।

### सहयोग को लेकर दोनों पक्ष प्रतिबद्ध

यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जतायी थी। इसका मकसद सभी पक्षों के पारस्परिक लाभ के लिए अर्थव्यवस्थाओं के बीच संबंधों को बढ़ाना है।

# त्योहारों की 42 दिन की अवधि में खुदरा वाहन बिक्री 12 फीसदी बढ़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- डीलरों के संगठन फाडा ने दी जानकारी
- बिक्री बढ़कर 42.88 इकाई रही

देश में इस साल 42 दिन की त्योहारी अवधि में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 42,88,248 इकाई हो गई। डीलरों के संगठन फाडा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गत वर्ष इस त्योहारी अवधि में 38,37,040 वाहनों का पंजीकरण हुआ था।

वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने कहा, '' नवरात्रि की शुरुआत से ही हमने उल्लेखनीय वृद्धि देखी जो हमारे पूर्वानुमानित लक्ष्य के करीब पहुंच गई है। इस अवधि में 42.88 लाख वाहनों का पंजीकरण हुआ, जो पिछले वर्ष के 38.37 लाख वाहनों की तुलना में 11.76 प्रतिशत अधिक है।''

इस वर्ष त्योहारी अवधि में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री सात प्रतिशत बढ़कर 6,03,009 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 5,63,059 इकाई था। ग्नेश्वर ने कहा कि मांग में वृद्धि तथा बाजार में उपलब्ध अभूतपूर्व छूट से यात्री वाहनों की बिक्री में सुस्ती के बाद तेजी लौटी है।



इस वर्ष 42 दिन की अवधि में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत बढ़कर 33,11,325 इकाई हो गया। विग्नेश्वर ने बताया कि दोपहिया वाहनों की बिक्री में मुख्य रूप से मजबूत ग्रामीण मांग का योगदान रहा।

### ट्रैक्टर की बिक्री दो फीसदी घटी

इस दौरान वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 1,28,738 इकाई हो गई। दूसरी ओर, तिपहिया वाहनों की बिक्री सात प्रतिशत बढ़कर 1,59,960 इकाई हो गई। हालांकि, ट्रैक्टर की बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत घटकर 85,216 इकाई रह गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 86,640 इकाई थी।

## एसईसीआई ने सौर मॉड्यूल के लिए बोलियां आमंत्रित कीं



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एसईसीआई ने सेल विनिर्माण, आपूर्ति परियोजना के साथ-साथ 400 मेगावाट (एमडब्ल्यूपी) क्षमता के सौर मॉड्यूल के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। एसईसीआई ने 14 नवंबर को जारी नोटिस में कहा, निविदा में घरेलू स्तर पर निर्मित सौर पीवी मॉड्यूल के परीक्षण, पैकिंग तथा परिवहन को भी शामिल किया गया है। एसईसीआई ने कहा, ऑनलाइन बोलियां जमा करने की अंतिम तारीख 12 दिसंबर दोपहर दो बजे तक है। प्रौद्योगिकी-वाणिज्यिक बोलियां उसी दिन शाम चार बजे खोली जाएंगी। बोली-पूर्व बैठक 20 नवंबर को निर्धारित की गई है। सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड भारत में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं की नीलामी के लिए केंद्र सरकार की एक नोडल एजेंसी है।

## हीरो मोटोकॉर्प का लाभ छह प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 1,066 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,007 करोड़ रुपये रहा था। हीरो मोटोकॉर्प ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 10,483 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 9,533 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने सितंबर तिमाही में 15.2 लाख मोटरसाइकिल और स्कूटर बेचे, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 14.16 लाख मोटरसाइकिल और स्कूटर बेचे थे।

## रिलायंस इन्फ्रा को 4,082.53 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ




**नई दिल्ली।** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 4,082.53 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 294.04 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। सूचना में कहा कि कर्ज निपटान पर लाभ और मध्यस्थता दावे के कारण प्राप्त 80.97 करोड़ रुपये सहित 3,575.27 करोड़ रुपये के अपवादस्वरूप लाभ ने सितंबर तिमाही में उसके मुनाफे को बढ़ाने में मदद की। कंपनी की कुल आय सितंबर तिमाही में मामूली घटकर 7,345.96 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले साल समान तिमाही में 7,373.49 करोड़ रुपये थी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.48 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार आठ नवंबर को समाप्त सप्ताह में 6.48 अरब डॉलर घटकर 675.65 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.67 अरब डॉलर घटकर 682.13 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था जो पिछले कई हफ्ते से घट रहा है।

रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, आठ नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.47 अरब डॉलर घटकर 585.38 अरब अमेरिकी डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## बिजनेस साइट

### श्री स्वास्तिक ग्रुप के नए प्रोजेक्ट 'अरण्य लेक श्योर सिटी' की लॉचिंग कल

**रायपुर।** श्री स्वास्तिक ग्रुप के नए प्रोजेक्ट 'अरण्य लेक श्योर सिटी' की भव्य लॉचिंग रविवार, 17 नवम्बर को बहनाकाड़ी रायपुर में होने जा रही है। इस अवसर पर श्री स्वास्तिक ग्रुप अपने ग्राहकों को सीमित संख्या में आवासीय प्लॉट्स उपलब्ध कराने का अवसर प्रदान करेगा। प्रोजेक्ट में निवेश करने पर ग्राहक न केवल अपने सपनों का घर बना सकेंगे, बल्कि विशेष लकी ड्रा में शामिल होकर हुंडई कार जीतने का भी अवसर पा सकते हैं। साथ ही लांचिंग ऑफर के तहत स्पेशल रेट्स और बुकिंग पर आकर्षक उपहार भी दिए जाएंगे। श्री स्वास्तिक ग्रुप के डायरेक्टर सुनील साहू ने बताया कि यह प्रोजेक्ट नया और पुराना रायपुर शहर के मध्य स्थित बहनाकाड़ी क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। इसमें 600, 1000, 1250, और 1500 वर्गफुट के आवासीय प्लॉट उपलब्ध होंगे। इस प्रोजेक्ट में कई नई विशेषताएं और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, जिनमें क्लब हाउस, जिम, स्वीमिंग पूल, मंदिर, इनडोर और आउटडोर खेल सुविधाएं, बच्चों के खेलने का क्षेत्र आदि शामिल हैं। साथ ही सभी बुनियादी सुविधाएं जैसे प्रवेश द्वार, लैंडस्केप गार्डन, कंक्रीट सड़कें, बाउंड्रीवॉल, अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम, पानी की आपूर्ति और 24 घंटे की सिक्योरिटी भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट कि लोकेशन बहुत खास है इस प्रोजेक्ट से कौशल्या माता मंदिर चंदखुरी, विधानसभा चौक नया रायपुर स्कूल मात्र 5 मिनट की दूरी पर है।




#### फाइनेंस सुविधा उपलब्ध

यह प्रोजेक्ट संबंधित सरकारी विभागों से अनुमोदित है और रेरा में रजिस्टर्ड है। इसके साथ ही, इसमें निवेश करने वालों को विभिन्न बैंकों से फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

### अविनाश इको सिटीः अविनाश ग्रुप का इको फ्रेंडली प्लाट प्रोजेक्ट होगा आज लांच

**रायपुर।** मध्य भारत के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर अविनाश ग्रुप के प्रमुख प्रोजेक्ट 'अविनाश इको सिटी' का लांचिंग कार्यक्रम 16 और 17 नवंबर को रायपुर के सेजबहार क्षेत्र में आयोजित होगा। यह प्रोजेक्ट एक पर्यावरण-केन्द्रित, इको-फ्रेंडली और सस्टेनेबल जीवनशैली को बढ़ावा देने वाले आधुनिक प्लाट्स का प्रस्ताव करता है। प्राकृतिक सौंदर्य और आधुनिक सुविधाओं का मिश्रण अविनाश इको सिटी को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यहां के निवासी हरियाली और स्वच्छ हवा का आनंद ले सकें, साथ ही उन्हें आधुनिक सुविधाएं भी मिलें। सोलर एनर्जी, ऊर्जा बचाने वाले उपकरण, और पर्यावरण के अनुकूल संरचनाएं इसे एक स्वस्थ और हरित जीवनशैली का आदान-प्रदान करती हैं।

*स्थान और सुविधा : यह प्रोजेक्ट रायपुर के सेजबहार क्षेत्र में स्थित है, जो शहर के प्रमुख शैक्षिक संस्थानों, अस्पतालों और बाजारों के नजदीक है। यहां के निवासी न केवल प्रकृति के करीब रहेंगे, बल्कि सभी जरूरी सुविधाओं तक भी आसानी से पहुंच सकेंगे।*



*बुकिंग और साइट विजिट : अविनाश इको सिटी के इस शानदार प्रोजेक्ट की बुकिंग आज से शुरू हो गई है। स्पॉट लांच बुकिंग प्राइस का लाभ उठाकर आप अपना ड्रीम प्लाट बुक कर सकते हैं। प्रोजेक्ट के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए, आप अविनाश ग्रुप की सेल्स टीम से संपर्क कर सकते हैं या साइट विजिट की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।*

## काउंटर प्वाइंट ने अपने ग्लोबल रिपोर्ट में बताया

# चिपसेट के महंगे होने से अब 5% महंगा होगा स्मार्टफोन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत समेत पूरी दुनिया में स्मार्टफोन की मांग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है। नई-नई टेक्नोलॉजी के चलते मोबाइल फोन तेजी से अपग्रेड हो रहे हैं। इस वजह से इनकी कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। काउंटर प्वाइंट रिसर्च ने अपनी ग्लोबल रिपोर्ट में कहा कि अगले साल तक स्मार्टफोन के प्राइस 5 फीसदी तक बढ़ सकते हैं। कीमतों में बढ़ोतरी का सबसे बड़ा कारण एक छोटा-सा पुर्जा है।

दरअसल प्रीमियम स्मार्टफोन में आर्टिफिशियल तकनीक का इस्तेमाल करने के लिए पावरफुल चिपसेट, मेमोरी मॉड्लयूल्स और अन्य डिवाइस की जरूरत होती है। अब चिपसेट बनाने वाली बड़ी कंपनियां निर्माण लागत बढ़ने से मार्जिन में गिरावट का सामना कर रही हैं। ऐसे में कंपनियां चिपसेट के दाम बढ़ा रही हैं जिसका सीधा असर मोबाइल फोन की कीमतों पर होगा।

- अगले साल तक कीमतों में आ सकती है पांच फीसदी की वृद्धि



### विश्व में स्मार्टफोन की औसत कीमत 30,000 रुपए

चिप सेट की बढ़ती निर्माण लागत के चलते कंपनिया अपना लाभ बनाए रखना चाहती हैं इसलिए दाम बढ़ाना हमारे लिए जरूरी है। स्मार्टफोन इंडस्ट्री के अधिकारियों का कहना है कि नेक्स्ट जनरेशन चिप सेट, प्रीमियम स्मार्टफोन के लिए जरूरी है। चूंकि, ये सामान्य चिप सेट से 20 फीसदी महंगे होते हैं इसलिए इनके दाम बढ़ने से मोबाइल फोन की कीमतों पर असर पड़ना लाजिमी है।

*दुनिया में बढ़ी चिप की मांग : चिप सेक्टर में चीन व ताइवान का एकाधिकार अभी भी कायम है। कोरोना काल से चिप की मांग में जो वृद्धि आई है उसे ये कंपनियां अभी तक पूरी नहीं कर पाई है। बढ़ती मांग को देखते हुए भारत में भी टाटा व वेदांता ने इस सेक्टर में प्रवेश की शुरूआत कर दी है। भारत में 2025 के अंत तक चिप का उत्पादन शुरू होने की संभावना है।*

**चिप कंपनियों की दाम बढ़ाने की तैयारी**

दुनिया की सबसे बड़ी चिपसेट बनाने वाली कंपनियां क्वालकॉम और मीडियाटेक वेफर प्राइस बढ़ा रही हैं। ताइवान की चिपसेट कंपनी टीएसएमसी 5 और 3 एनएम प्रोसेसर्स के दाम बढ़ा रही है। ऐसे में इंडस्ट्री के लोगों का कहना है कि चिप सेट की बढ़ती लागत का असर कंपनियां कंज्यूमर्स पर डाल सकती है। अगर कीमतों में 5 फीसदी की बढ़ोतरी होती है तो 20,000 रुपए की कीमत वाले फोन का भाव 21,000 रुपए तक जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### प्रजनेश ने की टेनिस से संन्यास की घोषणा


**चेन्नई।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रजनेश गुणेश्वरन ने शुक्रवार को पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की। जकार्ता एशियाई खेलों 2018 में एकल कांस्य पदक जीतने वाले 35 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'मैं खेल को अलविदा कह रहा हूं। धन्यवाद।' गुणेश्वरन 2019 में एटीपी रैंकिंग में अपने सर्वश्रेष्ठ 75 वें पायदान पर पहुंचे थे।

### ज्वेरेव एटीपी फाइनल्स के अंतिम चार में पहुंचे



**तूरिन।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एटीपी फाइनल्स के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मुकाबले में शुक्रवार को यहां कार्लोस अल्काराज को शिकस्त देकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। साल के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट में ज्वेरेव ने अल्कराज को 7-6 , 6-4 से हराया। अल्काराज का अंतिम चार में पहुंचना दिन के आखिरी मैच के परिणाम पर निर्भर करेगा। ज्वेरेव ने तीन जीत के साथ सेमीफाइनल का टिकट कटाया। दिन के आखिरी एकल मुकाबले में अगर रुबलेव जीतते हैं तो अल्काराज सेमीफाइनल में पहुंच सकते हैं।

### स्लोवाकिया ने अमेरिका को 2-1 से दी शिकस्त



**मालागा।** एशलिन क्रूएगर और टेलर टाउनसेंड निर्णायक युगल मैच हार गए और स्लोवाकिया ने इस जीत के साथ बिली जीन किंग्स कप टेनिस फाइनल्स में अमेरिका को मात दी। क्रूएगर और टेलर को टेरेजा मिहालिकोवा और विक्टोरिया एच ने 6-3, 3-6, 10-8 से हराया। इससे पहले टाउनसेंड ने एकल मुकाबले में रेनाटा जैमरिचोवा को 7-5, 6-4 से हराया लेकिन रेबेका एस ने डेनियेले कोलिंगस को 6-2, 7-5 से हराकर स्कोर बराबर कर दिया।

### सोन मिन ने दागा 50वां गोल, जीता कोरिया



**मेलबर्न।** सोन हियुंग मिन ने अपना 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा जिसकी मदद से दक्षिण कोरिया ने विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मुकाबले में कुवैत को 3-1 से मात दी। टोटेनहम के फॉरवर्ड मिन ने 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। दक्षिण कोरिया ने एशिया के विश्व कप क्वालीफायर ग्रुप बी में लगातार चौथी जीत दर्ज करके शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया। दक्षिण कोरिया के लिए पहला गोल ओ सि हुन ने किया था। कुवैत के लिए मोहम्मद दाहम ने गोल किया लेकिन कोरिया के बाए जुन हो ने तीसरा गोल दागकर जीत पर मुहर लगा दी।

### न्यूजीलैंड के अजाज पटेल टीम से बाहर

**वेलिंगटन।** भारत के खिलाफ इस महीने के शुरू में तीसरे टेस्ट में 11 विकेट लेकर न्यूजीलैंड के ऐतिहासिक क्लीन स्वीप में अहम भूमिका निभाने वाले स्पिनर अजाज पटेल को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम में नहीं चुना गया है। पटेल ने भारत के खिलाफ मुंबई में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में 160 रन देकर 11 विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने यह मैच 26 रन से जीता।

# भारत की आपत्ति के बाद 'पीओके' नहीं जाएगी चैंपियंस ट्रॉफी, आईसीसी ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चैंपियंस ट्रॉफी को विवादित 'पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर' के दौरे पर ले जाने के कथित कदम पर कड़ी आपत्ति जताई जिसके बाद वैश्विक संस्था आईसीसी ने इसका प्रचार कार्यक्रम रोक दिया। यह टूर्नामेंट पिछली बार 2017 में खेला गया और अब भी अधर में लटका हुआ है क्योंकि बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर आईसीसी को भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान की यात्रा करने में असमर्थता के बारे में सूचित किया था। पीसीबी ने फिलहाल भारत के दुबई में अपने मैच खेलने के प्रस्तावित 'हाइब्रिड मॉडल' को खारिज कर दिया है।




### स्कार्दू, मरी, हुंजा पीओके के शहर

पीसीबी ने ट्वीट किया, 'तैयार रहो, पाकिस्तान! आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 ट्रॉफी दौरा 16 नवंबर को इस्लामाबाद में शुरू होगा जिसमें स्कार्दू, मरी, हुंजा और मुजफ्फराबाद जैसे दर्शनीय पर्यटन स्थलों का भी दौरा किया जाएगा। 16 से 24 नवंबर तक 2017 में द ओवल में सरफराज अहमद द्वारा जीती ट्रॉफी की एक झलक देखें।' पीसीबी ने ट्रॉफी टूर के लिए पीओके में स्थित चार शहर चुने थे जहां पर चैंपियंस ट्रॉफी की ट्रॉफी का टूर होना था।

### 16 साल से द्विपक्षीय सीरीज नहीं

मालूम हो कि भारत ने 2008 में मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान की यात्रा नहीं की है। इतना ही नहीं, दोनों देशों के बीच एक दशक से अधिक समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं हो रही है। भारत और पाकिस्तान की टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट या एशिया कप जैसे बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ही एक दूसरे का सामना करती हैं।

### बीसीसीआई सचिव ने की कड़ी निंदा

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, 'बीसीसीआई सचिव को जब यह बात पता चली तो उन्होंने आईसीसी को फोन किया और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के अंतर्गत आने वाले कई शहरों में ट्रॉफी का दौरा कराने के पीसीबी के कदम की कड़ी आलोचना की। उन्होंने आईसीसी से सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया है। जहां तक इस्लामाबाद का सवाल है तो इसमें कोई मुद्दा नहीं है। लेकिन पाक अधिकृत कश्मीर में ट्रॉफी का दौरा नहीं हो सकता।'

### मेजबानी पर भी है संकट

पाकिस्तान के चैंपियंस ट्रॉफी आयोजित करने को लेकर पहले ही संकट के बादल छाए हैं और ताजा स्थिति ने इसे और गहरा कर दिया है। भारत ने साफ कह दिया है कि वह भारतीय टीम को पाकिस्तान नहीं भेजेगा। बीसीसीआई शुरू से ही चैंपियंस ट्रॉफी को हायब्रिड मॉडल में आयोजित कराने को कह रहा है। लेकिन पीसीबी इसके लिए मान नहीं रहा है। अब जबकि बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर कह दिया है कि भारतीय सरकार ने टीम इंडिया को पाकिस्तान जाने की मंजूरी नहीं दी है।

### बीसीसीआई से आईसीसी ने मांगा लिखित स्पष्टीकरण

*अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आधिकारिक रूप से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने को लेकर लिखित स्पष्टीकरण देने कहा है। बीसीसीआई ने क्रिकेट की वैश्विक संस्था को मौखिक रूप से अगले साल होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम नहीं भेजने के फैसले के बारे में अवगत कराया था। भारत के इस फैसले के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी से अपील की है कि वह भारत के जवाब की कॉपी उसे भी मुहैया कराए।*

## टी20 : संजू सैमसन और तिलक वर्मा का धमाकेदार नाबाद शतक

# भारत ने 3-1 से जीती श्रृंखला द.अफ्रीका को 138 रन से रौंदा

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

भारत ने संजू सैमसन और तिलक वर्मा की धमाकेदार नाबाद शतकीय पारियों की बदौलत शुक्रवार को यहां चौथे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 138 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला 3-1 से अपने नाम की। सैमसन (नाबाद 109) और वर्मा (नाबाद 120) के बीच दूसरे विकेट के लिए रिकॉर्ड 210 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट पर 283 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में द.अफ्रीका 148 रन ही बना सका।

283 रन भारत का टी20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक का विदेशी सरजमीं पर और दक्षिण अफ्रीकी धरती पर किसी भी देश द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। मैच के दौरान कई रिकॉर्ड टूटे जिसमें सबसे खास रिकॉर्ड दो भारतीय बल्लेबाजों का एक ही टी20 अंतरराष्ट्रीय पारी में शतक जड़ना रहा। सैमसन और वर्मा ने दूसरे विकेट के लिए सिर्फ 93 गेंद में बनी 210 रन की साझेदारी भारत के लिए इस प्रारूप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी भागीदारी भी रही।




### तिलक का रिकॉर्ड शतक

हैदराबाद के 22 वर्षीय तिलक ने महज 47 गेंद में नौ चौके और 10 छक्के जड़े जिससे वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय बने। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस युवा प्रतिभा को मौका देने के लिए अपने पसंदीदा बल्लेबाजी स्थान को छोड़ने का फैसला किया जो उनकी नेतृत्व क्षमता दिखाता है।

### भारत : सबसे तेज शतक

| गेंद | खिलाड़ी | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 35 | रोहित शर्मा | श्रीलंका | 2017 |
| 40 | संजू सैमसन | बांग्लादेश | 2024 |
| 41 | तिलक वर्मा | द.अफ्रीका | 2024* |
| 45 | सूर्यकुमार | श्रीलंका | 2023 |
| 46 | लोकेश राहुल | वेस्टइंडीज | 2016 |
| 46 | अभिषेक शर्मा | जिम्बाब्वे | 2024 |
| 47 | संजू सैमसन | द.अफ्रीका | 2024 |

### सैमसन की 5वीं पारी में तीसरा शतक

पहले मैच में शानदार शतक जड़ने वाले सैमसन ने 56 गेंद का सामना करते हुए अपनी शतकीय पारी में छह चौके और नौ छक्के जमाए। सैमसन ने पिछली पांच पारियों में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़े हैं जिसमें दो बार शून्य पर आउट होना भी शामिल हैं जबकि वर्मा ने लगातार दो टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़े।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 109 | 56 | 6 | 9 |
| अभिषेक का क्लासेन बो सिपामला | 36 | 18 | 2 | 4 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 120 | 47 | 9 | 10 |

अतिरिक्त : 18, कुल : 20 ओवर में 283/1
गेंदबाजी : यानसेन 4-0-42-0, कोएत्जी 3-0-43-0, सिपामला 4-0-58-1, सिमेलेन 3-0-47-0, महाराज 3-0-42-0, मार्कराम 2-0-30-0, स्टब्स 1-0-21-0.

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकेल्टन का सैमसन बो पंड्या | 01 | 06 | 0 | 0 |
| रीजा हैंड्रिक्स बो अर्शदीप सिंह | 00 | 02 | 0 | 0 |
| मार्करम का रवि बो अर्शदीप | 08 | 08 | 1 | 0 |
| स्टब्स पगबाधा बो रवि बिश्नोई | 43 | 29 | 3 | 2 |
| क्लासेन पगबाधा बो अर्शदीप | 00 | 01 | 0 | 0 |
| मिलर का तिलक वर्मा बो वरुण | 36 | 27 | 2 | 3 |
| मार्को यानसेन नाबाद | 29 | 12 | 2 | 3 |
| सिमेलेन का रवि बिश्नोई बो वरुण | 02 | 05 | 0 | 0 |
| कोएत्जी का सैमसन बो पटेल | 12 | 08 | 1 | 1 |
| महाराज का तिलक बो पटेल | 06 | 08 | 0 | 0 |
| लुथो का पटेल बो रमनदीप | 03 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 18.2 ओवर में 148/10
गेंदबाजी : अर्शदीप 3-0-20-3, पंड्या 3-1-8-1, रमनदीप 3.2-0-42-1, चक्रवर्ती 4-0-42-2, रवि बिश्नोई 3-0-28-1, अक्षर 2-0-6-2.

### कार्लसन बने टाटा स्टील शतरंज चैंपियन

**कोलकाता।** दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने शुक्रवार को यहां टाटा स्टील शतरंज इंडिया रैपिड टूर्नामेंट के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए ओपन वर्ग का खिताब अपने नाम किया जबकि भारत के आर प्रज्ञानानंदा दूसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में रूस की एलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना ने अपना लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए 7.5 अंक से खिताब अपने नाम किया। बीती रात शीर्ष पर चल रहे कार्लसन ने सातवें दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया जिन्होंने टूर्नामेंट के दौरान अपना जन्मदिन मनाया था। नॉर्वे के इस खिलाड़ी ने आठवें दौर में डेनियल डुबोव को हराया और नौवें दौर में नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ ड्रा खेला। कार्लसन नौ में से 7.5 अंक से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से दो अंक आगे रहे और खिताब अपने नाम किया। प्रज्ञानानंदा और वेस्ली सो 5.5 अंक के साथ बराबरी पर रहे लेकिन भारतीय खिलाड़ी को बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर ने उपविजेता बनाया। सो तीसरे स्थान पर रहे।

## भारत को झटका... सरफराज के बाद राहुल चोटिल, कोहली फिट



एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारत को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने से पहले बड़ा झटका लगा है।भारतीय टीम पर्थ के वाका स्टेडियम में बंद दरवाजों में भारत-ए के खिलाफ प्रैक्टिस मैच खेल रही है, जिसमें शुक्रवार को सलामी बल्लेबाजी के दावेदार लोकेश राहुल को कोहनी में चोट लग गई है। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली भी चोटिल हो गए हैं। टीम सूत्रों ने बताया की वह फिलहाल फिट हैं। इससे पहले सरफराज खान चोटिल हो गए थे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है, जिसका पहला मुकाबला 22 नवंबर से पर्थ स्टेडियम में होगा।

### राहुल ने छोड़ा मैदान

केएल राहुल शानदार फॉर्म में दिख रहे थे और शॉर्ट बॉलिंग को बखूबी संभाल रहे थे, लेकिन तभी तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की एक गेंद उनके दाएँ कोहनी पर जा लगी। इसके चलते उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। राहुल की चोट की पूरी गंभीरता अभी तक पता नहीं चल पाई है। हालांकि उम्मीद है कि वो पहले टेस्ट के लिए फिट हो जाएंगे।

## रणजी ट्रॉफी : अंशुल एक पारी में 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| लाहली

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के इतिहास में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। इस 23 वर्षीय गेंदबाज ने केरल के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में यह उपलब्धि हासिल की।

उन्होंने 30.1 ओवर में 49 रन देकर दस विकेट लिए। रणजी ट्रॉफी में उनसे पहले बंगाल के प्रेमांगशु चटर्जी और राजस्थान के प्रदीप सुंदरम ने यह उपलब्धि हासिल की थी। कम्बोज प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10 विकेट लेने वाले छठे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। अनिल कुंबले, सुभाष गुप्ते और देबाशीष मोहंती इस सूची में शामिल अन्य गेंदबाज हैं।



### पूरे किए 50 विकेट

तेज गेंदबाज कंबोज को तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल दो विकेट की जरूरत थी। उन्होंने बासिल थम्पी और शॉन रोजर के विकेट लेकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। उनकी शानदार गेंदबाजी से हरियाणा ने केरल को पहली पारी में 291 रन पर आउट कर दिया। इस दौरान कंबोज ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 50 विकेट भी पूरे किए।

## चीन के खिलाफ हॉकी मैच भारत के लिए कठिन चुनौती

एजेंसी ▶▶| राजगीर

गत चैंपियन भारत के सामने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की सबसे कठिन चुनौती होगी जब शनिवार को उसका सामना ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन से होगा।

भारत और चीन दोनों अभी तक टूर्नामेंट में अपराजेय रहे हैं और तीनों मैच जीते हैं। चीन बेहतर गोल औसत के आधार पर भारत से आगे हैं। चीन का गोल औसत 21 है जबकि भारत का 18 है। राउंड रॉबिन दौर के बाद चार टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला इस साल फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में हुआ था और दोनों बार चीन जीता था। भारत के पास अब बदला चुकता करने का सुनहरा मौका है।



## साउदी ने लिया संन्यास, इंग्लैंड के खिलाफ खेलेंगे अंतिम श्रृंखला

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी इंग्लैंड के खिलाफ दिसंबर में घरेलू टेस्ट श्रृंखला के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेंगे। न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में रिचर्ड हैडली (385) के बाद दूसरे स्थान पर काबिज साउदी ने कहा कि हैमिल्टन में घरेलू मैदान पर तीसरा टेस्ट उनका आखिरी होगा। भारत दौरे पर 3-0 से मिली जीत से पहले साउदी ने टॉम लैथम को टेस्ट कप्तानी सौंप दी थी। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए सौ से अधिक टेस्ट, 161 वनडे और 126 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने कहा, 'मैने बचपन से हमेशा न्यूजीलैंड के लिए खेलने का सपना देखा था। 18 साल तक न्यूजीलैंड के लिए खेलना फख्र की बात रही लेकिन अब आगे बढ़ने का समय है। यह शानदार सफर रहा और मैं इसमें कोई बदलाव नहीं चाहूंगा।'इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला 28 नवंबर से क्राइस्टचर्च में शुरू होगा। दूसरा टेस्ट वेलिंगटन में छह दिसंबर से और तीसरा हैमिल्टन में 14 दिसंबर से खेला जाएगा।




## बिहार के 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी सबसे युवा खिलाड़ी

# आईपीएल नीलामी : 574 खिलाड़ी तय, 366 भारतीय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और अर्शदीप सिंह 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी में दो करोड़ रुपए के शीर्ष आधार मूल्य वाले 574 खिलाड़ियों की सूची में शामिल होंगे। बिहार के 13 वर्षीय भारत के अंडर-19 क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी 30 लाख रुपए के आधार मूल्य के साथ सबसे युवा खिलाड़ी हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को 1574 खिलाड़ियों की शुरुआती सूची को घटाकर 574 कर दिया जिनमें से 366 भारतीय और 208 विदेशी क्रिकेटर हैं। सभी मौजूदा भारतीय खिलाड़ी शीर्ष आधार मूल्य ब्रैकेट' में हैं।



### सबसे महंगे बिकेंगे पंत

नीलामी में पंत सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ियों में होंगे। पंजाब किंग्स जैसी टीम के पास खिलाड़ियों को खरीदने के लिए 110.50 करोड़ रुपए हैं। अन्य बड़े नामों में आईपीएल विजेता कप्तान श्रेयस अय्यर, भारत के बेहतरीन टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह, केएल राहुल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, युजवेंद्र चहल और आवेश खान शामिल हैं। शीर्ष 'ब्रैकेट' में 81 खिलाड़ी हैं जबकि 27 क्रिकेटर 1.5 करोड़ रुपए की श्रेणी में हैं।

### बटलर का आधार मूल्य दो करोड़

1.25 करोड़ रुपए की श्रेणी में 18 खिलाड़ी हैं जबकि 23 ने खुद को एक करोड़ रुपए की कीमत पर रखा है। इंग्लैंड के जोस बटलर भी हमवतन हैरी बुक और जॉनी बेयरस्टो के साथ दो करोड़ रुपए के शीर्ष आधार मूल्य 'ब्रैकेट' में हैं जबकि संन्यास ले चुके जेम्स एंडरसन टी20 प्रारूप में मजबूत नहीं होने के बावजूद 1.25 करोड़ रुपए के आधार मूल्य से सूची में शामिल हैं।

### उन्मुक्त एसोसिएट खिलाड़ी

विदेशी खिलाड़ियों से शीर्ष 'ब्रैकेट' में दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा, एनरिक नॉर्किया, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क शामिल हैं। मार्को यानसेन और रचिन रविंद्र की कीमत 1.25 करोड़ रुपए है। अमेरिका जा चुके भारत के पूर्व अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान उन्मुक्त चंद ने एसोसिएट सदस्य देश के खिलाड़ी के रूप में जगह बनाई है जबकि तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर इसमें शामिल नहीं हैं।

## विश्व कप क्वालीफायर

# मेसी की अर्जेंटीना को मिली हार, ब्राजील ने खेला ड्रॉ



एजेंसी ▶▶| एसनसियोन

अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी और ब्राजील के विनिशियस जूनियर के लिए दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग दौर का मैच निराशाजनक रहा। मेसी की अर्जेंटीना को पराग्वे ने 2-1 से हराया जबकि ब्राजील ने वेनेजुएला से 1-1 से ड्रॉ खेला।

अर्जेंटीना इस हार के बावजूद दस टीमों के राउंड रॉबिन दौर में 11 मैचों में 22 अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं ब्राजील 17 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। अन्य मैचों में इक्वाडोर ने बोलिविया को 4-0 से हराया। इक्वाडोर 16 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है जबकि बोलिविया 12 अंक के साथ आठवें स्थान पर है।

अर्जेंटीना ने पराग्वे में मैच खेला और मेजबान टीम ने स्थानीय प्रशंसकों के मेसी की शर्ट पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया था। अधिकांश दर्शक पराग्वे की लाल और सफेद रंग की जर्सी पहने थे। अर्जेंटीना के लिए लौटारो मार्तिनेज ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। पराग्वे के अंतोनियो सनाब्रिया ने आठ मिनट बाद बराबरी का गोल दागा। मेजबान खिलाड़ी एल्डेरेटे ने 47वें मिनट में विजयी गोल किया।

### स्नूकर खिलाड़ी मार्क पर पांच साल का प्रतिबंध

**शेफ़ील्ड।** इंग्लैंड के स्नूकर खिलाड़ी मार्क किंग को मैच फिक्सिंग और खेल की छवि खराब करने के कारण शुक्रवार को पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। पचास वर्षीय किंग को यह सजा वेल्श ओपन में पिछले साल 13 फरवरी को जो पेरी के खिलाफ खेले गए मैच को फिक्स करने के लिए दी गई। किंग अपने करियर में 2003 में अपनी सर्वोच्च रैंकिंग 11 पर पहुंचे थे।




# हिमालय की चोटी पर देवी का अनोखा मंदिर

# पूरी सर्दी दर्शन की मनाही

**मंडी।** हिमालय पर एक अनोखा देवी मंदिर है। यह मंदिर सर्दियों में बंद कर दिया जाता है, यहां सिर्फ गर्मी में ही दर्शन करने की इजाजत है। सर्दियों में इस मंदिर के बंद होने के पीछे बर्फबारी मूल कारण है, लेकिन एक वजह और भी है, जिसकी वजह से प्रशासन यहां लोगों को जाने नहीं देता। यह वजह एक रहस्य है, जो आज तक अनसुलझी है। कहते हैं, सर्दियों के दौरान कई लोग इस मंदिर में दर्शन करने आए, फिर उनका पता ही नहीं चला। मंडी जिले की सबसे ऊंची चोटी यानी शिकारी चोटी और शिकारी माता का मंदिर है। सर्दी शुरू होने के बाद यहां कोई इंसान या ट्रैकर नहीं जा सकेगा। सर्दी शुरू होने के बाद इस क्षेत्र में काफी ज्यादा ठंड बढ़ चुकी है और कभी भी बर्फबारी हो सकती है। इसलिए, प्रशासन ने यहां लोगों के जाने पर रोक लगा दी है। बता दें कि ये रोक हर बार लगाई जाती है। सर्दी में ठंड बढ़ने, बर्फबारी के अलावा इस मंदिर में जाने पर रोक की एक अन्य वजह भी है।




### कई लोग लापता,नहीं मिले

शिकारी माता मंदिर की ऊंची चोटी पर है। स्थानीय लोगों ने बताया, कई लोग प्रशासन के आदेश को नहीं मानते हुए सर्दी में शिकारी देवी मंदिर दर्शन करने पहुंच गए थे। बाद में उनमें से कुछ लोग लापता हो गए। कई लोगों की जान चली गई, जो लापता हुए उनका आजतक पता ही नहीं चला।

### कपाट बंद, पुजारी ने भी छोड़ा मंदिर

हर बार सर्दी के ठीक पहले इस मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। यहां के पुजारी भी इस सर्दी के समय विपरीत परिस्थितियों के कारण यहां नहीं रहते। वहीं, अब एसडीएम मंडी ने भी आदेश जारी कर दिया कि कोई भी आदमी या ट्रैकर गर्मियों तक शिकारी माता मंदिर में नहीं जाएगा। यह फैसला जनता के हित को देखते हुए हर बार सर्दियों लिया जाता है।

# गिरगिट की तरह रंग बदलने में

# माहिर है ये मछली

## कोबरा से भी है अधिक जहरीली



**नई दिल्ली।** आमतौर पर जहरीले जीवों की बात करते समय सांप और बिच्छू ही दिमाग में आते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि भारत में एक ऐसी जहरीली मछली भी पाई जाती है जिसका पूरा शरीर ही विषैला होता है? इस मछली का नाम है स्कॉर्पियन फिश। इस दुर्लभ मछली की खोज भारत के वैज्ञानिकों ने 2020 में मन्नार की खाड़ी में की थी। मन्नार की खाड़ी एक उथले पानी की खाड़ी है जो हिन्द महासागर में लक्षद्वीप सागर के एक भाग का हिस्सा है। खैर, केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान के शोधकर्ताओं ने सेतु कराई तट पर इस मछली को पाया था। यह पहली बार था जब इस प्रजाति की मछली को भारतीय जल में जीवित पाया गया था। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह मछली इतनी खतरनाक होती है कि इसे खाने से इंसान की मौत भी हो सकती है। इसके अलावा स्कॉर्पियन फिश अपने आप में कई अद्भुत विशेषताएं समेटे हुए हैं, जिसके बारे में आपको भी जानना चाहिए।

### इसे खाने से जा सकती है जान

स्कॉर्पियन फिश को इसका नाम इसके जहरीले कांटों की वजह से मिला है। इन कांटों में न्यूरोटॉक्सिन नामक एक जहरीला पदार्थ होता है। न्यूरोटॉक्सिन नर्वस सिस्टम(तंत्रिका तंत्र) के लिए बेहद खतरनाक होता है। यह उसी तरह का जहर है जो किंग कोबरा और समुद्री सांपों में पाया जाता है। यही कारण है कि इस मछली को खाने से भी जान जाने का खतरा रहता है।

### बदलती हैं रंग

स्कॉर्पियन फिश कई अनोखी विशेषताओं वाली मछली है। इसकी सबसे खास बात यह है कि यह गिरगिट की तरह अपना रंग बदल सकती है। यह आसपास के वातावरण के अनुसार अपना रंग बदलकर खुद को छिपा लेती है। रंग बदलने की वजह से शिकारियों से बचने के साथ शिकार को पकड़ने में आसानी होती है। इस कारण इसे पहचान पाना बहुत मुश्किल होता है।

# इस पेड़ के पत्तों से माउथवॉश बनाती है ये महिला, विदेशों तक होती है बिक्री



**गांधीनगर।** नवसारी की अमी मेहता 10 साल से घर पर स्वादिष्ट माउथवॉश बना रही हैं। वे नागरवेल के पत्तों और जेली से इसे तैयार करती हैं, जो अब गुजरात के साथ-साथ अमेरिका और लंदन में भी बिकता है। बाजार में मीठे, फरसाण और माउथवॉश की बिक्री बढ़ जाती है। कई लोग घर पर ही माउथवॉश बनाकर बेचते हैं। नवसारी में भी एक महिला घर पर मुखवा बनाकर बेचती हैं। उनका माउथवॉश इतना स्वादिष्ट होता है कि विदेशों में इसकी मांग है। नवसारी की रहने वाली अमी मेहता पिछले 10 साल से माउथवॉश बनाकर बेच रही हैं। वे विशेष रूप से नागरवेल के पत्तों के टुकड़े और जेली को मिलाकर माउथवॉश बनाती हैं। इस तरह से माउथवॉश बनाने का व्यवसाय शुरू कर उन्होंने आत्मनिर्भरता हासिल की है।

अमी मेहता ने कहा, 'आज नागरवेल के पत्तों से बने माउथवॉश की कीमत 1,000 प्रति किलोग्राम है, जिसे गुजरात में बेचा जाता है। लेकिन, यह अमेरिका, लंदन जैसे देशों में भी बड़ी मात्रा में बेचा जाता है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com